CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

मुरादाबाद, रविवार 3 अगस्त 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 354 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2082 | 8 सफर 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



संविधान खतरे में, स्वायत्त संस्थाएं भाजपा व आरएसएस के निशाने पर : खड़गे पेज 2



यशस्वी जायसवाल ने लगाया टेस्ट करियर का छठा शतक खेल टाइम्स



भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस पेज 11



नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी मुखर्जी बॉलीवुड

### अमेरिका के टैरिफ अटैक के बीच प्रधानमंत्री की ट्रम्प को दो टूक

# मोदी का संकल्प: अब वही खरीदेंगे जिसमें भारत का पसीना बहा हो

वाराणसी, वार्ता

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने कहा कि 'आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही है, अस्थिरता का माहौल है। ऐसे में दुनिया के देश अपने हितों पर फोकस कर रहे हैं। भारत भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है, इसलिए भारत को भी अपने आर्थिक हितों को लेकर सजग रहना है।

हमारे किसान, हमारे लघु उद्योग इनका हित हमारे लिए सर्वोपरि है। सरकार इस दिशा में हर प्रयास कर रही है, लेकिन देश के नागरिक के रूप में भी हमारे कुछ दायित्व हैं। ये बात सिर्फ मोदी ही नहीं, हिंदुस्तान के हर व्यक्ति को दिन में हर पल बोलते रहना चाहिए दूसरे को कहते रहना चाहिए, जो देश का भला चाहते हैं, जो देश को तीसरे नंबर की इकोनॉमी बनाना चाहते हैं, ऐसा कोई भी राजनीतिक दल हो, कोई भी राजनेता हो, उसे अपने संकोच को छोड़ करके देशहित में हर पल हर जगह देशवासियों के अंदर एक भाव जगाना होगा। हम स्वदेशी का संकल्प लें! उन्होंने जोर देकर कहा कि 'अब हम कौन सी चीजों को खरीदेंगे, कौन से तराजू से तौलेंगे। अब हम कुछ भी खरीदें, तो एक ही तराजू होना चाहिए। हम उन चीजों को खरीदेंगें, जिसे बनाने में किसी न किसी भारतीय का पसीना बहा है और जो चीज भारत के लोगों द्वारा बनी है, भारत के लोगों के कौशल से बनी है, भारत के लोगों के पसीने से बनी है, हमारे लिए वह स्वदेशी है। हमें वोकल फॉर लोकल के मंत्र को अपनाना होगा। हम संकल्प लें कि हम मेक इन इंडिया प्रॉड्क्ट्स को ही बढ़ावा देंगे। हमारे घर में जो कुछ भी नया समान आएगा, मैं नए सामान की बात कर रहा हूं, वो स्वदेशी ही होगा। ये ज़िम्मेदारी हर देशवासी को लेनी होगी।



- कहा: आज दुनिया की अर्थव्यवस्था कई आशंकाओं से गुजर रही
- भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर

## बेटियों के सिंदूर के बदले का वचन पूरा किया: मोदी

- वाराणसी में 2200 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

**वाराणसी।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र करते हुए कहा कि काशी के मेरे मालिक जनता-जनार्दन, सावन का महीना हो, काशी हो, देशभर के किसानों से जुड़ना हो, इससे बड़ा मौका क्या हो सकता है। आज मैं ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहली बार काशी आया हूं।

22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था, 26 निर्दोष लोगों की कितनी बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। उनके परिवार की पीड़ा, उन बच्चों का दुख, बेटियों की वेदना से मेरा हृदय बहुत तकलीफ से गुजरा। तब मैं, बाबा विश्वनाथ से यही मांग रहा था कि सभी पीड़ित परिवार को ये दुख सहने की हिम्मत दे। उन्होंने आगे कहा कि मैंने अपनी बेटियों के सिंदूर का बदला लेने के लिए जो वचन दिया था, वो भी पूरा हुआ है। ये महादेव के आशीर्वाद से ही पूरा हुआ है। मैं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता को उनके चरणों में समर्पित करता हूं। वाराणसी में ऑपरेशन -शेष पृष्ठ दो पर

# देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को रेप केस में उम्रकैद

## कोर्ट ने 11 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया

मैसूरु, वार्ता



- अदालत ने पीड़ित महिला को सात लाख रुपये देने को कहा

**बेंगलुरु की** स्पेशल कोर्ट ने शनिवार को पूर्व जेडीएस सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा के पोते प्रज्वल रेवन्ना को नौकरानी से रेप केस में उम्रकैद की सजा सुनाई। कोर्ट ने रेवन्ना पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

साथ ही पीड़ित को 7 लाख रुपये का मुआवजा देने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने शुक्रवार को रेवन्ना को दोषी ठहराया था। रेवन्ना ने कोर्ट में कम सजा देने की अपील करते हुए दावा किया था कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है। दरअसल, रेवन्ना के परिवार के फार्महाउस में काम करने वाली 47 साल की महिला ने पिछले साल अप्रैल में रेवन्ना के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें रेवन्ना पर 2021 से कई बार रेप करने और किसी को भी घटना के बारे में बताने पर वीडियो लीक करने की धमकी देने का आरोप लगाया था। कोर्ट ने 18 जुलाई को इस मामले की सुनवाई पूरी की थी। रेवन्ना के खिलाफ रेप, ताक-झांक, आपराधिक धमकी और अश्लील तस्वीरें लीक करने सहित कई धाराओं के तहत आरोप तय किए थे। उसके खिलाफ रेप के कुल 4 मामले दर्ज हैं। इनमें से यह पहला केस है, जिसमें उसे दोषी ठहराया गया है।

### गैंगरेप पर अहमदाबाद ट्रैफिक पुलिस का विवादित पोस्टर

- सलाह दी, रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है, आपत्ति के बाद हटाया

**अहमदाबाद।** रात की पार्टियों में नहीं जाना, रेप-गैंगरेप हो सकता है... दोस्तों के साथ अंधेरे, सुनसान इलाकों में न जाएं। सामूहिक बलात्कार हो सकता है... ये विवादास्पद शब्द लिखे पोस्टर्स शुक्रवार की सुबह अहमदाबाद की सड़कों पर नजर आए थे। हालांकि, विवाद होने पर कुछ देर बाद ही ये हटा दिए गए थे। विवाद के बाद डीसीपी ट्रैफिक सफीन हसन ने कहा कि इन पोस्टर्स से अहमदाबाद शहर पुलिस का कोई लेना-देना नहीं है। ट्रैफिक पुलिस द्वारा एक एनजीओ को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने के पोस्टर्स लगाने की अनुमति है। एनजीओ को सिर्फ रोड सेफ्टी के बैनर और पोस्टर लगाने की स्वीकृति थी, लेकिन महिला सुरक्षा को लेकर ऐसे पोस्टर्स लगाए जाना पूरी तरह से गलत है।

### धनशोधन मामले में वाड्रा को नोटिस, सुनवाई 28 को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने धन शोधन के मामले में कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा को शनिवार को नोटिस जारी किया। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश सुशांत चंगोत्र ने हरियाणा के प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से गुरुग्राम में एक जमीन सौदे से जुड़े कथित भ्रष्टाचार की शिकायत पर दर्ज मुकदमे में यह नोटिस जारी किया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष की शिकायत पर संज्ञान लेने से पहले वह वाड्रा और मामले के 10 अन्य के प्रस्तावित आरोपियों का पक्ष सुनेगी। ईडी ने उनके खिलाफ आरोपपत्र दायर किया है।

### ईसी ने बीएलओ स्तर के अधिकारियों का परिश्रम दोगुना किया

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) का पारिश्रमिक दोगुना करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही आयोग ने निर्वाचन पंजीकरण अधिकारी और सहायक अधिकारियों को भी मानदेय देने का निर्णय किया है। आयोग ने शनिवार को यहां जारी विज्ञप्ति में बताया कि मतदाता सूची बनाने और पुनरीक्षण कार्य में लगे अधिकारियों के पारिश्रमिक में महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है। इसके अलावा, बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की गई है।

### कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में दो आतंकी ढेर

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में शनिवार को दो आतंकवादी मारे गए। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक तीन से पांच आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस, सीआरपीएफ और सेना की संयुक्त टीमों ने शुक्रवार की शाम अखल खुलसन वन क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू किया था। सुरक्षा बलों ने वहां छिपे हुए आतंकवादियों पर निशाना साधा जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ में अब तक दो आतंकवादी मारे गए हैं। मुठभेड़ अभी भी जारी है। उन्होंने बताया कि मारे गए आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं की जा सकी है।

### अमृत उद्यान 16 अगस्त से खुल जाएगा जनता के लिए

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति भवन का अमृत उद्यान ग्रीष्मकालीन वार्षिकोत्सव के अंतर्गत इस महीने की 16 तारीख से जनता के लिए खुल जाएगा राष्ट्रपति भवन सचिवालय के अनुसार अमृत उद्यान एक महीने यानी 14 सितम्बर तक जनता के लिए खुला रहेगा। उद्यान हर रोज पूर्वाह्न 10 बजे से शाम छह बजे तक खुला रहेगा और शाम को सवा पांच बजे उद्यान में प्रवेश बंद हो जाएगा। रखरखाव कार्यों के लिए उद्यान को हर सोमवार को बंद रखा जाएगा।

# ईसी पर बरसे राहुल

शाह टाइम्स ब्यूरो

- कांग्रेस नेता बोले- मेरे पास सबूत हैं, भारत के पीएम बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं
- लोकसभा चुनाव 2024 में 80 से अधिक सीटों पर धांधली हुई, चुनाव आयोग का अस्तित्व ही नहीं रहा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने एक बार फिर चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने शनिवार को कहा कि भारत में चुनाव प्रणाली 'बेजान' है। कांग्रेस सांसद ने आरोप लगाया कि 2024 के लोकसभा चुनाव में 'धांधली' हुई है और उनके पास इस दावे को साबित करने के लिए सबूत हैं।

दिल्ली में एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें संदेह है कि 2024 के आम चुनाव में 80 से अधिक लोकसभा सीटों पर धांधली हुई है। उन्होंने कहा कि सच्चाई यह है कि भारत में चुनाव प्रणाली पहले ही खत्म हो चुकी है। भारत के प्रधानमंत्री बहुत कम बहुमत के साथ पद पर हैं। अगर 15 सीटों पर धांधली हुई है, तो हमें संदेह है कि यह संख्या 80 से अधिक है, वह भारत के प्रधानमंत्री नहीं होते। आने वाले कुछ दिनों में हम आपको साबित कर देंगे कि कैसे लोकसभा चुनाव में धांधली हो सकती है और धांधली हुई भी। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग -शेष पृष्ठ दो पर

# उत्तराखंड के चमोली में हाइड्रो पावर प्रोजेक्ट साइट पर पहाड़ दरका

शाह टाइम्स ब्यूरो



- जम्मू-कश्मीर में चट्टान गिरने से अफसर-बेटे की मौत, प्रयागराज में 1000 घर बाढ़ में डूबे

**नई दिल्ली।** पहाड़ों पर मानसून की बारिश आफत लेकर आई है। उत्तराखंड के चमोली में विष्णुगढ़-पीपलकोटी हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट की डैम साइट पर पहाड़ का बड़ा हिस्सा टूटकर गिर गया। हादसे के समय साइट पर काम चल रहा था। घटना में कई लोग घायल बताए जा रहे हैं।

हिमाचल प्रदेश के मनाली में लगातार बारिश से कई जगह लैंडस्लाइड हुई। चंडीगढ़-मनाली-लेह नेशनल हाईवे (एनएच-3) और सोलंगनाला से अटल टनल की ओर जाने वाला रास्ता बंद है। पिछले 3 दिन की भारी बारिश से कुल 289 सड़कें प्रभावित हुई हैं। जम्मू-कश्मीर -शेष पृष्ठ दो पर

### अमरनाथ यात्रा एक हफ्ते पहले बंद

**श्रीनगर।** अमरनाथ यात्रा को तीन अगस्त से रोक दिया गया है। यात्रा 9 अगस्त तक चलनी थी, लेकिन भारी बारिश के कारण रास्ते खराब होने की वजह से इसे 3 अगस्त को ही रोक दिया गया। कश्मीर के डिविजनल कमिश्नर विजय कुमार बिधूड़ी ने बताया कि यात्रा मार्गों को बारिश के कारण काफी नुकसान पहुंचा है। बालटाल और पहलगाम दोनों रास्तों पर मरम्मत का काम होगा, इसलिए यात्रा को रोकना पड़ा है। उन्होंने कहा कि रास्तों पर मशीनों और कर्मियों की लगातार तैनाती के चलते यात्रा फिर से शुरू करना संभव नहीं है। अमरनाथ यात्रा 3 जुलाई से शुरू हुई थी और 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होनी थी।

### केदारनाथ धाम यात्रा फिर से शुरू, 22 किमी अतिरिक्त चलना होगा पैदल

**रुद्रप्रयाग/देहरादून।** उत्तराखंड स्थित भगवान शिव के 11वें ज्योतिर्लिंग बाबा केदारनाथ धाम जाने वाले पैदल यात्रा मार्ग पर भूस्खलन के कारण कई दिनों से बाधित यात्रा शनिवार को फिर शुरू हो गई। अब श्रद्धालुओं को लगभग 22 किलोमीटर अतिरिक्त पैदल चलना होगा। रूद्रप्रयाग के पुलिस अधीक्षक सर्वेश सिंह पंवार ने बताया कि सोनप्रयाग से गौरीकुंड के मध्य सड़क मार्ग बाधित होने के कारण विगत कुछ दिनों केदारनाथ की यात्रा रुकी हुई थी। केवल वापस आ रहे यात्रियों को सुरक्षा बलों की मदद से वैकल्पिक पैदल मार्ग से लाया जा रहा था। उन्होंने बताया कि शनिवार को मुख्य सड़क मार्ग जो कि कुछ हद तक पैदल चलने लायक हो चुका है। आवागमन के लिए सुचारू होने पर सोनप्रयाग से यात्रियों के समूह को गौरीकुंड होते हुए केदारनाथ के लिए भेजा गया है।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने राज्यों को दी सलाह

# जातिसूचक अपमानजनक नामों को पुनर्भाषित करें राज्य

शाह टाइम्स ब्यूरो

**एनएचआरसी ने नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए**

**लखनऊ।** देश के विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति/जनजाति को लेकर इस्तेमाल में लाए जा रहे जातिसूचक व अपमानजनक नामों की समीक्षा करने के निर्देश राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने सभी राज्यों को दिए है।

इस बाबत आयोग के असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह ने सभी राज्यों के पंचायती राज विभाग के प्रमुख सचिवों को आदेश जारी कर भावनाओं और सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले नामों को बदलने के साथ ही चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। असिस्टेंट रजिस्ट्रार (कानून) बृजवीर सिंह की ओर से जारी आदेश में प्रमुख सचिवों से कहा गया है कि मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, भारत को देश के सभी मानव अधिकारों की रक्षा और संवर्धन का दायित्व सौंपा है और पीएचआर अधिनियम, 1993 की धारा 13 के अंतर्गत जांच के लिए उसे सिविल न्यायालय के समान शक्तियां प्राप्त हैं। उन्होंने कहा है कि शिकायतकर्ता ने देश के विभिन्न भागों में गांवों, बस्तियों, बस्तियों आदि के लिए जातिसूचक और अपमानजनक नामों के निरंतर उपयोग पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। साथ ही अनुरोध किया गया है कि ऐसे नामों की समीक्षा की जाए और उनका नाम बदला जाए, क्योंकि ये अपमानजनक हैं और समानता एवं मानवीय गरिमा के संवैधानिक आदर्शों के विपरीत हैं। शिकायत में कहा गया है कि स्वतंत्रता के 75 वर्षों के बाद भी, अनुसूचित जातियों के समुदायों को ऐसे नामकरणों के कारण सामाजिक अपमान और कलंक का सामना करना पड़ रहा है। जिन नामों को हटा दिया गया है/प्रतिबंधित किया गया है, वे कई स्थानों पर अभी भी प्रचलन में हैं और माना जाता है कि वे व्यक्तियों की गरिमा का हनन करते हैं। इस बावत आयोग ने अदालती आदेशों और अधिनियमों का हवाला देते हुए कहा है कि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की धारा 3(1) (यू) अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को अपमानित करने या धमकाने के लिए जानबूझकर जाति-आधारित गालियों के इस्तेमाल को दंडित करती है। इस प्रावधान के तहत चमार, भंगी, मेहतर आदि शब्दों का इस्तेमाल करने पर मुकदमा चलाया जा सकता है। ऐसे में आयोग ने ऐसे नामों को बदलने के लिए उठाए गए कदम के बारे में चार सप्ताह के अंदर रिपोर्ट तलब की है।

मिरगी
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं

मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फक्कीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।

मिरगी के लक्षण
- अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना
- आंखे पथराना
- हाथ-पैर ऐंठ जाना
- मुंह से झाग निकलना
- मुंह एक तरफ हो जाना
- जीभ का बाहर व दांतो के बीच आना
- मुट्ठियां कसना
- गर्दन टेढ़ी पड़ना
- अचानक झटका-सा लगना
- घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना



अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ डा. अय्यूब हसन 'मार्शल' के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं।

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
- आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
- पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
- फैलो ऑफ इंडियन साइकैट्रिक सोसाइटी
- पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली

मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826

नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

# पुरैना के टकराव में 38 नामजद

## ग्राम में दहशत का माहौल, भारी पुलिस बल तैनात, पुरुष गायब

**मुजाहिद फारूकी**

**नूरपुर।** पुरैना अब्दुल रहमानपुर में दम्पति हत्या के बाद हुए टकराव के मामले में पुलिस ने 38 ग्रामीणों को नामजद करते हुए लगभग डेढ़ सौ के विरूद्ध गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। ग्राम में दहशत का माहौल है और गिरफ्तारी के डर से पुरुष गायब हो गए है।





प्राप्त समाचार के अनुसार पुरैना के जंगल में दम्पति की हत्या के बाद माहौल तनावपूर्ण हो गया था। अगले दिन ग्राम के जंगल में दो संदिग्धों को ग्रामीणों ने पकड़ लिया था, जो आपस में सगे भाई थे और नूरपुर के निवासी थे। ग्रामीणों ने उनकी जमकर पिटाई की थी। पुलिस ने उन्हें ग्रामीणों के चंगुल से बामुश्किल छुड़ाया था। इस दौरान ग्रामीणों ने पुलिस पर टकराव कर दिया था। एक सिपाही को बंछी मारने का प्रयास किया गया था। एक होमगार्ड के सिर में चोट लगी थी। पुलिस ने गोली चलाने की चेतावनी देते हुए लाठी चार्ज किया था। इसके बाद से ही ग्राम में भारी पुलिस बल तैनात है। पुलिस ने इस मामले में गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद से ही ग्राम से पुरुषों ने पलायन कर दिया है। सिर्फ महिलाएं और बच्चे ही घरों में मौजूद है। यह सैनी समाज से ताल्लुक रखते है। उन्हें अपनी गिरफ्तारी का डर सता रहा है। पुलिस ने मौत के बाद ग्राम में आए रिश्तेदारों की बाइकें भी अपने कब्जे में ले ली थीं। बाइकों के नम्बर के आधार पर भी तलाशी की जा रही है। साथ ही वीडियोग्राफी में जो चेहरे साफ दिखाई दे रहे है, पुलिस उन्हें भी तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह द्वारा दर्ज करायी गई प्राथमिकी में कहा गया कि ग्राम पुरैना अब्दुल रहमानपुर में दो कथित चोरों के पकड़े जाने की सूचना पर वह उपनिरीक्षक प्रमोद कुमार तथा पुलिस बल के साथ ग्राम में पहुंचे, तो ग्रामीणों द्वारा पकड़े गए युवकों के साथ मारपीट की जा रही थी। मौके पर काफी भीड़ इकट्ठा थी। 100-150 लोगों ने लाठी-डंडों व खतरनाक हथियारों से हमला व पथराव शुरू कर दिया। हमले में प्रभारी निरीक्षक, होमगार्ड पुखराज व हेड कांस्टेबल राजू सागर, सुमित कुमार व कांस्टेबल बोबी कुमार को खुली व गुम चोटें आयीं। पकड़े गए युवक मोनू सैनी व सोनू सैनी पुत्रगण चन्द्रपाल सैनी निवासी मौहल्ला सैनीपुरम, कस्बा नूरपुर को बचाने पहुंची पुलिस फोर्स के साथ मारपीट, गाली गलौच, सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने, बंधक बनाने तथा सरकारी गाड़ी में तोड़फोड़ करने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। बताया जाता है कि वीडियोग्राफी में चिन्हित सोनू उर्फ नरदेव पुत्र बाबूराम सैनी, राधा पत्नी सोमपाल सैनी, रेनू पत्नी महेश प्रजापति, कमलेश पत्नी महेश सैनी, प्रेमवती पत्नी चन्द्रे सैनी, अनिता पत्नी हेमराज सैनी, ममता पत्नी राजकुमार प्रजापति, आरती पत्नी मनोज प्रजापति, मोनी पत्नी शीशपाल, सुरेन्द्र पुत्र लोटन सिंह प्रजापति, मोहित पुत्र राजेन्द्र जाट वकील, कुनाल पुत्र अरविन्द, विपिन पुत्र शीशराम सिंह, वीर सिंह पुत्र काले, मनोज पुत्र चन्द्रे सैनी, अंकित, छुन्नू पुत्र नत्थू, निशान्त पुत्र जबर सिंह, अर्जुन पुत्र नरेश सैनी, मेहर पुत्र हरिशचन्द, जोनी, धर्मपाल पुत्र बसंतलाल, अमित पुत्र धर्मपाल, हरिराज सिंह पुत्र राजे, रिन्नी पुत्री रमेश उर्फ डुट्टे, अक्षय पुत्र डुट्टे, अजय पुत्र कमलवीर, जयप्रकाश पुत्र नरपत, नन्हे सैनी, राशु पुत्र मोहर सिंह, चन्दन पुत्र जसवीर सैनी, बोबी पुत्र रामौतार, सोनू पुत्र हेम्मी, आदित्य पुत्र ब्रजेश, कौशल पुत्र रामकिशोर, नवीन पुत्र बलवंत, विनोद पुत्र हरपाल निवासीगण ग्राम पुरैना अब्दुल रहमानपुर व डोली पुत्र चन्द्रपाल जाट निवासी ग्राम झीरन व 100-150 महिला व पुरुष अज्ञात के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

दूसरी तरफ पुरैना में पति-पत्नी की मौत के मामले में मृतक परवेन्द्र के पिता मोतीराम सिंह ने अज्ञात लोगों के विरूद्ध हत्या की तहरीर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार महिला की हत्या गला दबाकर की गई, जबकि परवेन्द्र की मौत का कारण स्पष्ट नहीं होने पर उसका विसरा सुरक्षित कर लैब भेज दिया गया है। पुलिस इस मामले की सच्चाई जानने का प्रयास कर रही है।

## पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का हस्तांतरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** आज विकास खंड नूरपुर के डवाकरा हॉल में पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी का काशी से कार्यक्रम प्रोजेक्टर पर सीधा प्रसारण दिखाया गया। जिसमें प्रधानमंत्री द्वारा देश भर के किसानों के खाते में पीएम किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त का हस्तांतरण किया गया।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नूरपुर श्रीमती आकांक्षा चौहान, खंड विकास अधिकारी नूरपुर दिनेश पाल शर्मा, जिला मंत्री भाजपा अनिल भाटी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, नूरपुर सोमपाल सिंह, सहायक विकास अधिकारी कृषि रक्षा आशीष कुमार, पूर्व मंडल अध्यक्ष कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा बताई गई सभी बातों को ध्यान से सुना। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नूरपुर आकांक्षा चौहान द्वारा सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी नूरपुर द्वारा किसानों को नवीनतम तकनीक अपनाने का जोर दिया। कार्यक्रम में अर्जुन सिंह, धीरेन्द्र सिंह, आनंद सिंह, कल्याण सिंह, पंकज त्यागी, शकील अहमद, विपिन कुमार को किसान सम्मान निधि का प्रमाणपत्र वितरण ब्लॉक प्रमुख द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में नूरपुर विकास खंड के महिला पुरुष कृषक, कृषि विभाग के कर्मचारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# दिनदहाड़े सरेआम पत्नी पर चाकू से कातिलाना हमला

### सड़क पर तड़पती रही महिला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**राजा का ताजपुर।** पत्नी पर दिनदहाड़े सरेआम चाकू से हमला कर उसे मौत के घाट उतारने की को. शिश की गई। उसकी गर्दन पर वार किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार घायल बबीता ग्राम हरौली (स्योहारा) की रहने वाली है। उसकी शादी कासमाबाद निवासी राजीव पुत्र रामलाल से 2017 हुई थी। उनके दो बच्चे हैं। पिछले छह महीने से पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। महिला ने अपने पति के खिलाफ कोर्ट में मुकदमा दर्ज करा रखा है। आज बबीता पड़ोसी अंजू के साथ समाधान दिवस में गई थी। वहां से ई-रिक्शा से घर वापस लौट रही थी। जब वह ठाट चौराहे पर पहुंची, तो उसके पति ने ई-रिक्शा रोककर उस पर हमला कर दिया। हमले के बाद महिला करीब बीस मिनट तक वह सड़क पर पड़ी तड़पती रही। लेकिन किसी ने उसकी मदद को हाथ नहीं बढ़ाए।

सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर की। एम्बुलेंस से उसे सीएचसी ले जाया गया। जहां पर डॉक्टर ने उसकी गंभीर हालत देखते हुए हायर सैंटर रैफर कर दिया। आरोपी पति अपनी बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। सीओ धामपुर अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा है। महिला तहसील समाधान दिवस में धामपुर आई थी।

उन्होंने कहा कि मामला संदिग्ध लग रहा है और इसकी जांच की जा रही है। मामला सही पाए जाने पर आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

# भूमाफिया गैंग की साजिश बेनकाब

### असली काश्तकारों को बताया जा रहा भूमाफिया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भूमाफिया गैंग की साजिश को बेनकाब करते हुए किसानों ने कहा कि इनके खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए।

प्राप्त समाचार के अनुसार मुजफ्फरनगर के ग्राम धर्मपुरा जदीद, परगना भूम्मा सम्भलहेड़ा तहसील जानसठ के मूल काश्तकारों ने जिलाधिकारी को दिए गए प्रार्थना पत्र में एक बड़ा खुलासा करते हुए गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजनौर और मुजफ्फरनगर में सक्रिय एक भूमाफिया गैंग असली किसानों को ही भूमाफिया बताकर फर्जी आरोपों के जरिये अवैध कब्जा जमाने की साजिश रच रहा है। किसानों द्वारा जिलाधिकारी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र में बताया गया कि धर्मपुरा जदीद और छिल्लौर ग्राम सर्वे प्रक्रिया में हैं। जहां वह लंबे समय से काश्तकार और बैनामे के आधार पर मालिक हैं। उन्होंने बताया कि रामराज निवासी जयपाल सिंह नामक दबंग भूमाफिया है। वह अपने गैंग के साथ मिलकर जमीन कब्जाने की कोशिश करता रहता है। इस व्यक्ति के खिलाफ थाना रामराज व वन विभाग में कई मुकदमे भी दर्ज हैं। 20 मई को इन किसानों ने एसडीएम जानसठ को शिकायत दी थी। जिसके आधार पर हल्का लेखपाल ने कार्यवाही करते हुए इस भूमाफिया को कब्जे से बेदखल कर दिया था। लेकिन इसके बाद यह गैंग लगातार फर्जी प्रार्थना पत्र देकर विभिन्न अधिकारियों को गुमराह करने की कोशिश करता रहा है। अब यह गैंग बिजनौर में जिलाधिकारी को भ्रमित करते हुए असली किसानों को ही भूमाफिया बताने की साजिश कर रहा है। किसानों का आरोप है कि गंगा नदी के बहाव परिवर्तन के कारण कुछ समय के लिए खेती बिजनौर पार की भूमि पर भी करनी पड़ती है। वहीं यह गैंग दबंगई से अवैध वसूली कर रहा है। किसानों ने निष्पक्ष जांच और कड़ी कार्यवाही की मांग की है, ताकि असली काश्तकारों के साथ अन्याय न हो।

इस मौके पर जैनेंद्र, लटूर सिंह, विजय पाल, सुरेंद्र सिंह, बिजेंद्र, प्रमोद, सोमपाल, मनोज, मोहन, कपिल आदि किसान उपस्थित रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी गई जन शिकायतें



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** अपर पुलिस अधीक्षक नगर द्वारा संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील नजीबाबाद पर जनसुनवाई की गई।

जनसुनवाई के दौरान राजस्व विभाग की सात शिकायतें, पुलिस विभाग की एक, विकास की दो, शिक्षा की एक, अन्य की आठ, कुल 19 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से एक का निस्तारण मौके पर किया गया। प्राप्त जनशिकायतों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया । इस दौरान क्षेत्राधिकारी नजीबाबाद सहित संबंधित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारीगण मौजूद रहे।

# स्तनपान को बढ़ावा देने पर जोर




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में स्तनपान को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत चार्ट मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल डॉ. पारुल त्यागी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुआ। इसका उद्देश्य स्तनपान को बढ़ावा देना था। ताकि शिशु के विकास पर इसका प्रभाव पड़े। स्तनपान बच्चों के स्वास्थ्य और जीवन रक्षा को सुनिश्चित करने का सबसे प्रभावी तरीकों में से एक है। इस सप्ताह का उद्देश्य बच्चों को कुपोषण से बचाना और उनके शारीरिक व मानसिक विकास को बढ़ावा देना है। स्तनपान के प्रति जन जागरूकता व समर्थन को बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य है। गृह विज्ञान विभाग की प्रभारी श्रीमती शिखा मालवीय द्वारा छात्राओं को स्तनपान के महत्व से परिचित कराया। उन्हें उनके चार्ट मैकिंग के लिए प्रोत्साहित भी किया गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. मीनू सिरोही, श्रीमती पूजा कुमारी, श्रीमती स्वाति, डॉ. रेनू राजपूत, कुमारी मीनू, लैब सहायिका श्रीमती इंदु शर्मा, माधव आदि ने योगदान दिया।

# पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शिवाला कलां।** क्षेत्र में संचालित वी पैक्स समिति रतनगढ़ में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत पीएम किसान उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसान जागरूकता व वी पैक्स से मिलने वाली योजनाओं के बारे में बताना था। सभी आगन्तुकों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रसारण को सुना। जिसमें किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को 20वीं किस्त डीबीटी के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र बनारस से किसानों के लिए जारी की।

विदित हो कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना की शुरुआत एक फरवरी, 2019 को हुई थी। किसानों को कर्ज के जाल से बचाने और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए इस योजना को शुरू किया गया था। इस योजना के तहत साल में छह हजार रुपये दिए जाते हैं। यह पैसा तीन किस्तों में आता है।

किसान उत्सव कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरमैन अरविंद ढाका के द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में रुमाल सिंह उपस्थित रहे, जो पूर्व परिवहन मंत्री अशोक कटारिया के पिता हैं। कार्यक्रम में नोडल अधिकारी सहकारिता एकेश्वर कुमार उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन एमडी ललित कुमार ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए उपसभापति योगराज सिंह डायरेक्टर, हरेंद्र कुमार, प्रेमचंद, कल्याण सिंह, जागेश सिंह, आरएसएस स्वयसेवक शलभ ढाका, अन्य सम्मानित गणमान्य लोगों के साथ काफी जागरूक किसान उपस्थित रहे।

# भाजपा-आरएसएस पर भड़के खड़गे

**नई दिल्ली, वार्ता**



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने संविधान को खतरे में बताते हुए भाजपा-आरएसएस पर शनिवार को तीखा हमला किया और कहा कि उनकी विचारधारा संविधान विरोधी है, इसलिए चुनाव आयोग तथा उपराष्ट्रपति जैसी संस्थाओं की स्वायत्तता खत्म कर संसदीय परंपरा को खत्म किया जा रहा है।

खड़गे ने यहां विज्ञान भवन में कांग्रेस विधि विभाग के वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि संविधान सिर्फ एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि हमारे लो. कतंत्र की आत्मा है, जो हर भारतीय को न्याय, स्वतंत्रता, समानता और भाईचारे का अधिकार देता है, लेकिन आज यही संविधान खतरे में है। सत्ता में बैठे लोग इसके मूल स्वरूप को बदलने की बात कर रहे हैं।

भाजपा आरएसएस के बड़े-बड़े नेताओं का इरादा संविधान की प्रस्तावना से 'समा. जवाद' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द हटाना है, जबकि इनकी पार्टी के संविधान में ये दोनों शब्द हैं। इस दोहरे रवैए से भाजपा और आरएसएस के चाल, चेहरा और चरित्र को समझा जा सकता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की रक्षा की जिम्मेवारी न्यायपालि. का, चुनाव आयोग और मीडिया की है इसलिए इनकी स्वतंत्रता जरूरी है, लेकिन जब एक न्यायाधीश धर्म विशेष के लोगों के लिए अपशब्द बोलते हैं और उस पर कोई कार्रवाई नहीं होती है। ऐसे समय में जब सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति प्रक्रिया से मुख्य न्यायाधीश को हटा दे और मीडिया को पूंजीपतियों के माध्यम से नियंत्रित करे, तो यह लोकतंत्र नहीं तानाशाही है।

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में अल्पसंख्यकों और दलितों के साथ भेदभाव आम हो गया है। प्रधानमंत्री चुनाव में 'मटन, मुग़ल और मंगलसूत्र' जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर समाज को बांटने का काम करते हैं और चुनाव आयोग इस पर मौन रहता है। इधर मतदाता सूची के पुनरीक्षण को लेकर सघन अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें लाखों गरीबों, दलितों, आदिवासियों और अल्पसंख्यकों के नाम मतदाता सूची से हटाए जा रहे हैं। बिहार में करीब 65 लाख लोगों के नाम मतदाता सूची से हटाए गए हैं। पूरे देश में यही करने की इनकी योजना है। उनका कहना था कि संविधान निर्माताओं ने सबके वोट को समान मूल्य का अधिकार दिया है और यह पंडित नेहरू, डा. अंबेडकर, संविधान सभा के सभी सदस्यों और कांग्रेस पार्टी की देन है। खड़गे ने कहा कि आज भाजपा सरकार और चुनाव आयोग की वजह से यही संवैधानिक अधिकार खतरे में हैं। उच्चतम न्यायालय ने इसकी गंभीरता को समझा है, लेकिन न्यायालय की बार-बार की सलाह के बावजूद चुनाव आयोग ने आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड आदि को मतदान मतदाता सूची के लिए अधिकृत दस्तावेज मानने से इनकार कर दिया है। देश की एक फीसदी आबादी के पास 40 प्रतिशत संसाधन हैं। उच्च शिक्षा आम व्यक्ति की पहुंच से बाहर हो गई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बेटियों के..** सिंदूर का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 140 करोड़ देशवा. सियों की एकता ऑपरेशन सिंदूर की ताकत बनी। ऑपरेशन सिंदूर जवानों के पराक्रम का वो पल और आज किसानों को प्रणाम करने का अवसर मिला है। काशी में शनिवार को एक विराट किसान उत्सव का आयोजन हो रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि मोदी के विकास का मंत्र है, जो जितना पिछड़ा उसे उतनी ज्यादा प्राथमिकता। इस महीने केंद्र सरकार ने एक और नई योजना को मंजूरी दी है, जिसका नाम है प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये किसानों के कल्याण के लिए खर्च किए जाएंगे। देश के ऐसे जिले जो पिछली सरकारों की गलत नीतियों के कारण विकास की राह में पिछड़ गए थे। उन जिलों पर प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का फोकस होगा। पीएम मोदी ने किसान सम्मान निधि की 20वीं किश्त जारी करने के बाद ये बात कही। जब काशी से धन जाता है, तो अपने आप प्रसाद बन जाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वाराणसी में 2200 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात भी दी। पीएम ने कहा कि आज काशी में 2 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की विकास परियोनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी हुआ है। वाराणसी के मंच से पीएम मोदी ने कहा कि काशी में गंगाजल लेकर जाते हुए शिवभक्तों की दिव्य तस्वीरें देखने का अवसर मिल रहा है, खासकर सावन के पहले सोमवार को जब हमारे बंधु बाबा का जलाभिषेक करने निकलते हैं, यह बहुत ही मनोरम दृश्य होता है। डमरू की आवाज से अद्भुद भाव पैदा होता है। मेरी भी बहुत इच्छा थी कि सावन के पवित्र महीने में बाबा विश्वनाथ और मार्कंडेय महादेव के दर्शन करूं। पीएम मोदी ने हर-हर महादेव का जयकारा भी लगाया।

**ईसी पर...** (ईसी)का अस्तित्व खत्म हो चुका है और वह गायब हो गया है। चुनाव आयोग से मिले दस्तावेजें का हवाला देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने यह पता लगाया है कि लोकसभा चुनाव में मतदान करने वाले 6.5 लाख मतदाताओं में से लगभग 1.5 लाख मतदाता फर्जी थे। इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि संविधान की रक्षा करने वाली संस्था को नष्ट कर दिया गया है और उस पर कब्जा कर लिया गया है, लेकिन हमारे पास ऐसे सबूत हैं, जो पूरे देश को दिखा देंगे कि चुनाव आयोग जैसी संस्था का अस्तित्व ही नहीं है, यह गायब हो गया है। इस सबूत को खोजने में हमें लगातार छह महीने लगे हैं। आप बिना किसी संदेह के देखेंगे कि कैसे एक लोकसभा चुनाव चुराया जाता है। 6.5 लाख मतदाता वोट देते हैं और उनमें से 1.5 लाख मतदाता फर्जी होते हैं। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उन्हें 2014 से ही कुछ गड़बड़ होने का संदेह था। गुजरात, राजस्थान और मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में भाजपा की बड़ी जीत पर सवाल उठाते हुए राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने महाराष्ट्र में अपनी हार के बाद चुनावी गड़बड़ियों की जांच शुरू कर दी, जहां विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक करोड़ नए मतदाता सामने आए, जिन्होंने भाजपा को वोट दिया। गुजरात विधानसभा चुनाव में मुझे पहले से ही शक था, बड़ी जीत हासिल करने की यह क्षमता। कांग्रेस पार्टी को राजस्थान, मध्य प्रदेश या गुजरात में एक भी सीट नहीं मिली, जिससे मैं हैरान था। फिर, महाराष्ट्र में कुछ हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि लोकसभा में हम चुनाव जीते। फिर चार महीने बाद हम न सिर्फ हारे, बल्कि पूरी तरह से खत्म हो गए। तीन मजबूत पार्टियां अचानक गायब हो गईं। हमने चुनावी गड़बड़ियों की गंभीरता से जांच शुरू की और पाया कि महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनावों के बीच एक करोड़ नए मतदाता जुड़े। इनमें से ज्यादातर वोट भाजपा को गए।

**उत्तराखंड के...** में शुक्रवार रात रियासी जिले में एक सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट (एसडीएम) की कार लैंडस्लाइड की चपेट में आ गई। उनकी कार पर अचानक चट्टान गिर गई। हादसे में एसडीएम और उनके बेटे की मौत हो गई। उनकी पत्नी समेत 6 लोग घायल हो गए। भारी बारिश के कारण अमरनाथ यात्रा को 3 अगस्त से बंद करने का फैसला लिया गया है। पहले यह 9 अगस्त को खत्म होनी थी। यात्रा के दोनों मार्गों पहलगाम और बालटाल पर मरम्मत का काम जारी है।

# जम्मू-कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति फेल: महबूबा

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 के हटाए जाने के 6 साल पूरे होने से पहले पीडीपी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शनिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर निशाना साधा और कहा कि जम्मू कश्मीर से विशेष दर्जा छीनने की नीति पूरी तरह से विफल हो गई है।

5 अगस्त 2019 को संविधान में संशोधन करके जम्मू-कश्मीर से धारा 370 और 35। को हटाया गया था। इस पर महबूबा मुफ्ती ने कहा कि 5 अगस्त 2019 से पूरे छह साल बीत चुके हैं। उस समय, जम्मू कश्मीर का विशेष दर्जा छीन लिया गया था और आर्टिकल 370 को इस दावे के साथ हटा दिया गया था कि जम्मू-कश्मीर में सब कुछ ठीक हो जाएगा, लेकिन हमने देखा है कि यह नीति पूरी तरह से विफल रही है। मुफ्ती ने आरोप लगाया कि क्षेत्र में आंतरिक स्थिति सुधरने के बजाय बिगड़ी है। उन्होंने सुरक्षा बलों पर जारी कार्रवाई की ओर इशारा करते हुए कहा कि जम्मू-कश्मीर में आंतरिक रूप से हालात खराब हैं। पिछले छह सालों से रोजाना गिरफ्तारियां हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में हालात पहले से भी बदतर हो गए हैं, हालांकि आज लोग चुप हैं। यही वजह है कि हमारा देश पाकिस्तान के साथ टकराव की स्थिति में आ गया है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# उत्तराखंड पुलिस ने धामपुर से चोरी का माल किया बरामद

## बाजार में मचा हड़कंप, सुनार हिरासत में



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तराखंड के कोटद्वार में बीते दिनों एक बंद मकान में हुई चोरी की गुत्थी को पुलिस ने सुलझा लिया है। इस मामले में एक बड़ी कार्रवाई करते हुए कोटद्वार पुलिस ने धामपुर में दबिश देकर चोरी का सामान बरामद किया है। साथ ही एक सुनार को हिरासत में लिया गया है। इस कार्रवाई से धामपुर के बाजार में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कोटद्वार के एक मकान से बीते दिनों चोरों ने नकदी, चांदी की मूर्तियाँ, लैपटॉप व अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित की तहरीर पर कोटद्वार थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले की जांच में जुटी पुलिस ने एक संदिग्ध को हिरासत में लिया, जिसने पूछताछ में खुलासा किया कि चोरी का माल उसने धामपुर में एक सुनार को बेच दिया है।

आरोपी की निशानदेही पर शनिवार तड़के कोटद्वार पुलिस धामपुर पहुंची और स्थानीय कोतवाली में आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने के बाद फल चौराहा स्थित एक सुनार की दुकान पर दबिश दी। पुलिस ने वहां से आरोपी को हिरासत में लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी गई चांदी की मूर्ति, एक लैपटॉप तथा अन्य कीमती सामान भी बरामद किया।

बताया जा रहा है कि आरोपी पहले भी चोरी का माल खरीदने के मामलों में चर्चा में रह चुका है और पुलिस रिकॉर्ड में उसका नाम पहले भी सामने आ चुका है। इस कार्रवाई के बाद धामपुर में सर्राफा व्यापारियों और आम लोगों में खलबली मच गई।

कार्रवाई के बाद कोटद्वार पुलिस आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद माल के साथ वापस उत्तराखंड रवाना हो गई है। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और संभावना है कि इस गिरोह से जुड़े अन्य लोगों पर भी जल्द कार्रवाई हो सकती है।

# कांग्रेस के मजबूत स्तंभ मुफ्ती मोनिस का इंतकाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कांग्रेस के मजबूत स्तंभ व समाजसेवी मुफ्ती मोनिस का इंतकाल हो गया। उनके जनाजे की नमाज में भारी भीड़ उमड़ी।

प्राप्त समाचार के अनुसार अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य व नगीना की प्राचीन जामा मस्जिद के प्रबंधक मुफ्ती मोनिस हुसैन (63 वर्ष) का बीती रात इंतकाल हो गया। वह पिछले काफी दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके इंतकाल की खबर मिलते ही नगीना सहित पूरे जनपद में सभी गमजदा हो गए। खासतौर पर कांग्रेसियों को उनके इंतकाल का काफी अहसास हुआ।



## जनाजे की नमाज में उमड़ी भारी भीड़

नगीना के मौहल्ला काजी सराय दीवान खाना निवासी मुफ्ती मोनिश हुसैन की गिनती कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में होती थी। मुफ्ती मोनिस हुसैन को पिछले वर्ष 23 नवंबर को ब्रेन हेमरेज हुआ था। उन्हें इलाज के लिए दिल्ली ले जाया गया था। वह जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे थे। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व उनके दोस्त काजी अरशद मसूद ने बताया कि मुफ्ती मोनिस ने शुक्रवार की रात करीब दो बजे अपने दिल्ली स्थित निवास पर अंतिम सांस ली। पूर्व मंत्री व नगीना विधायक मनोज पारस, पूर्व मंत्री ओमवती, सेवानिवृत आईएएस आरके सिंह, कांग्रेस जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह, चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील, जुल्फिकार आलम, काजी अरशद मसूद, नगीना क्राफ्ट डवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद मुल्तानी, शिक्षाविद परवेज आदिल, आफताब मुल्तानी, सरफराज अंसारी, शेख अजीमुर्रहमान, सैयद आसिफ अली, साहू संतोष कुमार अग्रवाल, कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष शेख मौहम्मद अंजार, हाजी रोश, अरशद प्रिंस, इश्तियाक अहमद उर्फ बाबू भाई, जामा मस्जिद के इमाम मुफ्ती ओवैस अकरम, शेख शद्दन, तसलीम अहमद, अंजार अहमद आदि ने रंजा. गम का इजहार किया है। पूर्व आईएएस आरके सिंह ने उन्हें नेकदिल इंसान बताते हुए कहा कि उनकी कमी हमेशा महसूस की जाएगी। आज शाम उन्हें सुपुर्दे खाक कर दिया गया। उनके जनाजे की नमाज में भारी भीड़ उमड़ी। किरतपुर में भी उनके चाहने वालों की कमी नहीं है। किरतपुर में उनके द्वारा मुफ्ती प्लाजा का निर्माण कराया गया था। शाह टाइम्स परिवार भी उनकी मगफिरत की दुआ करता है।

# मॉडर्न एरा में क्लास शो में छात्रों ने मचाई धूम

## बच्चों ने पेश किए रंगारंग कार्यक्रम






**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में क्लास शो का आयोजन किया गया, इसमें कक्षा आठवीं के 8-GH1, 8-GH2, 8-G1 और 8-BH2 के समस्त छात्रों ने प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नई शिक्षा नीति के तहत बच्चों में छुपी प्रतिभा को बाहर निकालना एवं उनको खुद के टैलेंट से रूबरू कराना है।

इस कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए इन कक्षाओं के समस्त अभिभावकों को आमंत्रित किया गया और अभिभावकों ने भी कार्यक्रम का हिस्सा बनकर अपना पूरा सहयोग दिया। सर्वप्रथम विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डा. सीमा विश्वास ने सभी अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। कार्यक्रम का प्रारम्भ दीप प्रज्वलन कर किया गया। तत्पश्चात् बच्चों द्वारा तैयार किए गए रंगारंग कार्यक्रम का प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसे देख उपस्थित निर्णायक गण एवं अभिभावकों ने ढेरों प्रशंसा की एवं तालियों की गड़गड़ाहट से समस्त विद्यालय गूंज उठा।

विद्यालय डायरेक्टर प्रिंसिपल डॉक्टर सीमा विश्वास ने अपने संबोधन में सभी अभिभावकों को बताया कि नई शिक्षा प्रणाली के जरिए किस तरह हम अपने बच्चों में छुपी उनकी रुचि, अभिनय और प्रतिभा बाहर निकाल सकते हैं। समस्त कार्यक्रम को सफल बनाने में कक्षा आठवीं के उपस्थित अध्यापक गण एवं कार्यक्रम इनचार्जस का पूर्ण सहयोग व योगदान रहा।

# थाना प्रभारी अमित कुमार ने अपराध पर कसी लगाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने अपने सख्त लेकिन न्यायप्रिय रवैये से कानून-व्यवस्था को एक नया आयाम दिया है, उनके कार्यकाल में एक ओर जहां पीड़ितों को त्वरित न्याय मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर अपराधियों को स्योहारा क्षेत्र में सिर छुपाने की भी जगह नहीं मिल रही है।

प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि उनके थाना क्षेत्र में कानून से खिलवाड़ करने वालों की जगह सिर्फ जेल में है। चाहे मामला चोरी, लूट, महिला अपराध का हो या फिर अवैध गतिविधियों का, हर प्रकरण में उन्होंने बिना देरी के प्रभावी कार्रवाई की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि अमित कुमार के आने के बाद पुलिस थाने का रवैया आम जनता के प्रति कहीं अधिक सहयोगी हुआ है। फरियादी अब पुलिस पर भरोसा करने लगे हैं और न्याय की उम्मीद के साथ अपनी बात थाने में बेझिझक रख रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने दो टूक कहा कि अपराधी या तो सुधर जाएं, या जेल जाने को तैयार रहें क्योंकि कानून व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।



अमित कुमार की सख्त कार्यशैली और ईमानदार छवि के चलते न सिर्फ स्योहारा में अपराध दर घटी है बल्कि आम जनता को न्याय मिलने की गति भी तेज हुई है। उनकी प्रभावशाली कार्यप्रणाली के लिए क्षेत्रीय जनता एवं सामाजिक संगठनों ने भी प्रशंसा की है और उन्हें एक न्यायप्रिय कर्मठ और निर्भीक अधिकारी के रूप में देखा जा रहा है।

वर्तमान में सावन माह में चल रही कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए उन्होंने सभी पुलिस कर्मचारियों को सख्त दिशा-निर्देश दिए हैं। स्योहारा क्षेत्र के बॉर्डर तक पुलिस की सतर्क निगरानी जारी है।

# एजुकोल में छात्रा अलंकरण समारोह

## नेतृत्व, समर्पण और उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करने पर जोर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** एजुकोल द गर्ल्स स्कूल के प्रांगण में शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए छात्रा परिषद गठन हेतु अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन से की गई। कार्यक्रम की विशेष थीम 'कल के मशाल वाहक' के माध्यम से छात्राओं के नेतृत्व, समर्पण और उत्तरदायित्व की भावना को सशक्त करने पर बल दिया गया।



इस अवसर पर कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के छात्रा परिषद के नवचयनित सदस्यों को सैश एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया गया। यह प्रतीक थे उनके कर्तव्यों और विद्यालय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की जिम्मेदारी के। विद्यालय प्रबंधक डॉ. लोकेन्द्र सिंह ने छात्रा नेताओं को बधाई देते हुए निष्पक्षता, ईमानदारी और मूल्यों को प्राथमिकता देने की प्रेरणा दी। प्रधानाचार्या मिस प्रीति अग्रवाल ने छात्रा परिषद की भावना और उनके भविष्य निर्माण में नेतृत्व की भूमिका को रेखांकित किया। कार्यक्रम में हेड गर्ल के रूप में रिशा नूर (कक्षा 12) और वाइस हेड गर्ल के रूप में अदीबा सलीम (कक्षा 11) को चुना गया। अनुशासन प्रभारी कृतिका राज और भूमि सैनी, स्पोर्ट्स इंचार्ज सिद्धि चौहान और फातिमा रब, असेंबली इंचार्ज कात्यायनी और वंशिका सैनी, सांस्कृतिक गतिविधि प्रभारी ख्याति चौहान, काव्या चौहान और वंशिका चौहान को जिम्मेदारियां सौंपी गईं।

चारों हाउस पोर्सिया, कोडिल्या, ओलिविया और क्लोपैट्रा के हाउस कैप्टन, वाइस कैप्टन और प्रीफेक्ट्स का चयन भी किया गया। इनमें जरफशा, आराध्या चौहान, चेष्टा राजपूत, राजलक्ष्मी, अमरजीत कौर, वंशिका रानी, अक्षरा, अफीफा नाज आदि प्रमुख हैं। समारोह का संचालन पारुल चौहान के निर्देशन में कृतिका राज और रिशा नूर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षकों एवं हाउस इंचार्जों- उषा रानी, जागृति ठाकुर, पारुल गोयल, साक्षी दुआ, शीरीन, अनुराधा, आराधना, मुस्कान, रश्मि सिसोदिया, लीना चौहान, साक्षी चौहान, रीता कुमारी, मनोज कुमार और अरुण कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

कार्यक्रम ने छात्राओं में नेतृत्व कौशल, अनुशासन और आत्मविश्वास को नई दिशा दी, जिसे अभिभावकों एवं स्टाफ ने खूब सराहा।

# किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देंगे: मुकुल अग्रवाल

## थानाध्यक्ष, व्यापारियों व पत्रकारों को प्रतीक चिन्ह व स्मृति पत्र देकर किया सम्मानित





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल शाखा शेरकोट के चुनाव में चुनाव प्रभारी विनीत राजपूत द्वारा पुन: अंसार अहमद को नगर अध्यक्ष व मनोज कुमार को नगर महामंत्री घोषित किया गया। घोषित करने से उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गयी। वहीं मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने अपने सम्बोधन से व्यापारियों में जोश भर दिय।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार देर शाम नगर में पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल की ओर से आयोजित भव्य कार्यक्रम में नगर कमेटी का गठन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री मुकुल अग्रवाल ने कहा कि उनका संगठन कई वर्षो से व्यापारियों के लिये कार्य कर रहा है। हम कभी भी किसी व्यापारी का उत्पीड़न नहीं होने देते तथा हम सभी व्यापारियों को अपने साथ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वान किया। चुनाव प्रभारी विनीत राजपूत द्वारा पुन: अंसार अहमद को नगर अध्यक्ष व मनोज कुमार को नगर महामंत्री घोषित किया गया। कार्यक्रम मे प्रदेश उपाध्यक्ष सरदार सतवंत सिंह सलूजा, मंडल प्रभारी जावेद रहमान शम्सी, जिला प्रभारी युवा वासू अग्रवाल, नगर अध्यक्ष धामपुर एसपी सलूजा, इरशाद धामपुरी, असलम फरीदी, सलमान फरीदी, हाजी कमाल, काजी शमीम, अंकुर जेन, आंचल चौहान, थाना अध्यक्ष पुष्पेन्द्र कुमार आदि ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान नगर के उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यापारियों, पत्रकार बन्धुओं व प.उ.प्र.उ. व्यापार मंडल के वरिष्ठ पदाधिकारियों को कार्यक्रम आयोजको की ओर से प्रतीक चिन्ह व स्मृति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता काजी शमीम व संचालन पत्रकार शकाफत एस भारती दिया किया गया।

इस दौरान मो. आसिफ, रिहान, सलमान, फैसल सिद्दीकी, राशिद सिद्दीकी, बब्लू, दानिश कुरैशी, बिलाल अहमद, फिरासतुल्ला, सादिक अहमद, सलाऊद्दीन, पंकज वर्मा, अरविन्द वर्मा, संजय शर्मा, फहाद अहमद, गुफरान, विपिन कुमार, धर्मवीर सिंह, डा. शाहनवाज, अबरार अहमद, पण्डित कृष्ण कुमार, विजय वर्मा, अमिष रस्तोगी, अदनान राईन आदि उपस्थित रहे।

## व्यापार मंडल की नगर कमेटी का गठन

**शेरकोट।** पश्चिमी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार अध्यक्ष अंसार अहमद, नगर महामंत्री मनोज कुमार, कोषाध्यक्ष मोहम्मद आसिफ, उपाध्यक्ष मोहम्मद मुजाहिद, सचिव मोहम्मद जुबैर, महामंत्री सलमान सिद्दीकी, कार्यकारणी अध्यक्ष मो. रिहान, महामंत्री एनुल हल चौधरी, उपाध्यक्ष जमाल अहमद, प्रचार मंत्री बबलू ट्रांस्पोर्टर, मोहम्मद सलीम, सचिव मोहम्मद जाहिद, उपाध्यक्ष मोहम्मद मुजाहिद, मीडिया प्रभारी एस भारती, नगर उपाध्यक्ष बिट्टू भाई आदि को पद सौंपे गये।

## एक नजर

### शांति बनाए रखने का आह्वान



**नूरपुर।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्जापुर ढीकली बेड़ा खुर्द में ग्राम प्रधान आफताब अहमद इदरीसी के निवास पर ग्रामीणों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें प्रभारी निरीक्षक जयभगवान सिंह ने कहा कि ग्रामों में चोरों के साथ आसमान में ड्रोन कैमरे जैसी अफवाहें फैल रही हैं। उन्होंने कहा कि सावधानी बरतनी चाहिए। यदि किसी प्रकार की कोई दिक्कत आती है, तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न लें। किसी भी बेगुनाह इंसान को चोर समझकर न मारें। कोई संदिग्ध व्यक्ति नजर आता है। तो उसे पकड़कर मारपीट न करें। बल्कि पुलिस को सौंप दें। डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम विचार मंच उत्तराखंड के प्रदेश सचिव मौहम्मद आफताब ने भी कहा कि अफवाहों से बचें। बैठक में ग्राम प्रधान श्रीमती अनीसा, आंगनबाड़ी उर्मिला त्यागी, आशा निशा देवी, साजिद अली गामा, नसीम मंसूरी, चंद्रपाल सैनी, इकबालुद्दीन, आलमगीर डीलर, धीर सिंह सैनी, राम सिंह, शाहबुद्दीन मंसूरी, इसरार अल्वी, शाहिद अल्वी, मस्तान शाह, नौशाद अल्वी, अय्यूब इदरीसी, शेर आलम, शान आलम इदरीसी, कासिम, जाकिर इदरीसी, नदीम सैफी आदि मौजूद थे।

### हज के फार्म की तारीख बढ़ी

**अफजलगढ़।** हज कमेटी ऑफ इंडिया ने हज फार्म भरने की आखिरी तारीख सात अगस्त तक बढ़ाने का फैसला किया है। जिससे उन ख्वाहिशमंद मुसाफिरों को एक मौका मिल गया है, जो किसी वजह से तय वक्त में आवे. दन नहीं कर सके थे। ईदगाह कमेटी के कोषाध्यक्ष व हाजियों की खिदमत करने वाले अफजाल अहमद अंसारी ने देते हुए बताया कि हज कमेटी ने अवाम की सहूलियत के मद्देनजर तारीख बढ़ाने का फैसला किया है। उन्होंने तमाम हाजियों से दरख्वास्त की कि वे जल्द से जल्द अपने जरूरी दस्तावेज मुकम्मल कर हज के फार्म जमा कर दें, ताकि किसी किस्म की दिक्कत का सामना न करना पड़े।

### बरूकी में संदिग्ध कैमरे में कैद

**बरूकी।** बीती रात को चार अजनबी संदिग्ध रूप से घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए हैं। विकास कुमार ने बताया कि रात लगभग एक बजे उनकी चाची को घर के बाहर कुछ हलचल सुनाई दी। जब उन्होंने सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग चैक की, तो सड़क पर चार अजनबी व्यक्ति घूमते दिखाई दिये। यह घटना गांव में डर का माहौल पैदा कर रही है। क्षेत्र में पहले ही गुलदार की गतिविधियों से ग्रामीण सहमे हुए हैं। अब बरसात के मौसम में इन संदिग्ध व्यक्तियों की मौजूदगी से चोरों का भय भी लोगों के मन में घर कर गया है। ग्रामीणों का कहना है कि आएदिन ग्राम में रात के समय अजीब हलचल देखने को मिल रही है, जिससे बच्चों और महिलाओं में खासा डर है। ग्राम के लोगों ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### हादसे में तीन घायल

**अफजलगढ़।** बाइक व टैंपो की टक्कर में पिता सहित तीन बालक घायल हो गए। फरीद पुत्र फारूख निवासी खुशहालपुर ने बताया वह अपने बच्चों अर्शी, खुशी व आशु के साथ बाइक से ग्राम खुशहालपुर घर जा रहा था। खुशहालपुर के समीप सामने से आ रहे टैम्पू ने बाइक में टक्कर मार दी। जिस कारण वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

### मुफ्ती मोनिस को श्रद्धांजलि

**नजीबाबाद।** युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा शोकसभा का आयोजन किया गया। कांग्रेसियों ने नगीना निवासी वरिष्ठ कांग्रेसी मुफ्ती मोनिस के निधन पर शोक व्यक्त किया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन धारण कर मरहूम को जन्नतुल फिरदौस में आला मुकाम अता फरमाने और उनके परिजनों को सब्र ए जमील अता करने की दुआ की। अभिनव अग्रवाल एड. ने कहा कि उनका निधन पार्टी के लिए अपूर्णीय क्षति है। वह जनपद में कांग्रेस के एक मजबूत एवं समर्पित सिपाही थे। शोक सभा में ब्लॉक अध्यक्ष फैज अंसारी एड., जिला महासचिव शारिब अंसारी एड., जिला उपाध्यक्ष रिहान जमाल अंसारी, जिला सचिव एम. अकरम खां एड., फराज हुसैन एड., विश्व मोहन, वसीम अख्तर, राकेश शर्मा, शाही दिलशाद, हिफजुर्रहमान फरीदी, गोविंद सिंह कुशवाहा, अमजद सिद्दीकी, नदीम फारुकी, नईमुल अख्तर, रिहान नवाज एड., वसीम अहमद, शारिक अहमद आदि मौजूद रहे।

### सत्यवीरा कॉलेज में ब्रोशर का विमोचन



**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट, बिजनौर द्वारा आयोजित होने वाली 'इंटरनेशनल समिट ऑन इम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू इंजीनियरिंग, साइंस एंड मैनेजमेंट (IS-EDESM 2025) के ब्रोशर का आज औपचारिक विमोचन संस्था निदेशक प्रो. (डॉ.) अमित कुमार बंसल द्वारा किया गया। यह समिट राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज, बिजनौर और लिंकन यूनिवर्सिटी कॉलेज, मलेशिया की साझेदारी में आयोजित की जा रही है। समिट का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर तकनीकी, वैज्ञानिक, प्रबंधकीय और मानवीय क्षेत्रों में नवाचार, शोध और सहयोग को प्रोत्साहित करना है। इस समिट के अंतर्गत निम्नलिखित तीन अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएंगी। इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इम्पावरिंग डेवलपमेंट थ्रू स्मार्ट इंजीनियरिंग सिस्टम्स (IC-EDSES 2025), इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन इनोवेटिव बिजनेस प्रैक्टिसेस, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन ऑफ सस्टेनेबल मैनेजमेंट एंड ह्यूमैनिटीज (IC-IBDSMH-2025) और इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन सस्टेनेबल एडवांसेस इन बायोटेक्नोलॉजी एंड साइंसेज (IC-SABS-2025)। ब्रोशर में समिट की थीम, शोध पत्र आमंत्रण, तिथियां तथा सहभागिता से जुड़ी सभी महत्वपूर्ण जानकारियां उपलब्ध कराई गई है। इस अवसर पर कुंवर उदयन वीरा, कुँवरानी रुचि वीरा (सांसद मुरादाबाद) एवं श्रीमती स्वाति वीरा महाजन ने कॉलेज को इस अंतरराष्ट्रीय हेतु बधाई दी और समस्त शैक्षणिक एवं प्रबंधन टीम को शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर कॉलेज के डीन एकेडेमिक्स मनोज कुशवाहा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. लोकेश कुमार अग्रवाल एवं सभी विभागाध्यक्ष अंकित राजन अग्रवाल, गौरव गुप्ता, डॉ. अजय कुमार, डॉ. शुभम राजपूत, विभोर राजवंशी, सुधीर लाबा, डॉ. फैजल अंसारी तथा समिट की संपादकीय समिति से उज्जवल कुमार, नइला नईम तथा अन्य शिक्षकगण उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# महिला को गुलदार ने बनाया निवाला

## पशुओं के लिए चारा लेने गई थी मृतका







**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** पशुओं के लिए चारा काटने गई महिला को गुलदार ने निवाला बना लिया।

प्राप्त समाचार के अनुसार मौहल्ला मंझोली निवासी अलका देवी (35 वर्ष) पत्नी सुन्दर सिंह शनिवार को दोपहर 12 बजे पशुओं के लिए चारा लेने गई थी। देर शाम तक जब महिला वापस नहीं आई, तो परिजनों को चिंता हुई। पति सुरेंद्र सिंह पड़ोसियों को साथ लेकर महिला की तलाश में निकले, तो उसका क्षत विक्षत हालत में शव यशपाल सिंह के आम के बाग में मिला। जिससे हड़कंप मच गया। गुलदार के हमले में महिला को मारे जाने को लेकर नगर में दहशत फैल गई। सूचना मिलते ही पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार सोलंकी, थाना अध्यक्ष सुमित कुमार राठी आदि पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए तथा शव को सीएचसी ले जाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सूचना देने के बावजूद वन क्षेत्राधिकारी व वन कर्मचारियों के घटनास्थल पर न पहुंचने को लेकर भारी रोष व्याप्त है।

गौरतलब है कि लगातार दो दिनों से गुलदार नगर की आबादी क्षेत्र में आकर कुत्तों को अपना निशाना बना रहा था, जो अलग-अलग स्थान पर सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दिया। गुलदार की नगर में आमद को लेकर नगर में खौफ फैला हुआ था। मृतका के पति सुरेंद्र सिंह ने बताया कि वह मूल रूप से थाना शेरकोट क्षेत्र के ग्राम छीपरी का रहने वाला है तथा आठ वर्षों से नगर के मौहल्ला मंझोली स्थित रियासत उल्लाह के मकान पर किराए में रहकर कार चालक का कार्य करता है। उसने दुधारू पशु पाल रखे है। जिसको लेकर प्रतिदिन की भांति आज उसकी पत्नी अल्का देवी पशुओं के लिए चारा लेने के लिए गई थी।

## मरीजों को किया जा रहा गुमराह

**किरतपुर।** क्षेत्र कुत्तों गाजीपुर गांव में मनोज नाम का एक व्यक्ति पथरी, गांठ व दर्द और बाबाशीर का इलाज करने के लिए हाथ में पट्टी बांधकर मरीजों को गुमराह कर रहे हैं। गांव में जानकारी प्राप्त हुई की 15 से 2000 के बीच शनिवार व रविवार को मरीज आते हैं। जिसमें अधिकतर महिलाएं रहती हैं। गांव में अधिक भीड़ हो जाने के कारण ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिला बिजनौर से बाहर उत्तराखंड और नेपाल और लखनऊ तक के मरीज इलाज कराने आ रहे हैं। सूत्रों से यह भी जानकारी मिली है कि मनोज नाम के व्यक्ति द्वारा पहले राज मजदूरी का कार्य किया जाता था। लेकिन अब पूरा परिवार मरीजों की सेवा में लगा है। जानकारी प्राप्त हुई है कि यहां पर मरीज का इलाज तीन वर्ष से किया जा रहा है। लेकिन पिछले एक वर्ष से मरीजों की संख्या अचानक से बढ़ गई है। मरीजों ने जानकारी देकर बताया कि कुछ जानकारी प्राप्त हुई थी कि हम पहली बार आए हैं, लेकिन कुछ मरीजों ने बताया कि वह तीसरी बार आए है। आज के आधुनिक जीवन में डॉक्टर से इलाज न करा कर ऐसे अंधविश्वास पर विश्वास करते हुए मरीज गुमराह हो रहे हैं। जब इस विषय में थाना प्रभारी किरतपुर से फोन पर बात की गई, तो उन्होंने बताया कि मरीजों को आराम मिल रहा है, तो संख्या तो अपने आप ही बढ़ेगी।

# 13 अगस्त को विशाल महापंचायत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन बार जिला प्रशासन को सचेत कर रही है, लेकिन किसानों की समस्याओं पर जिले का प्रशासन बिल्कुल भी गंभीर नहीं है। प्रशासन के किसान विरोधी रवैया से नाराज भारतीय किसान यूनियन 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर एक विशाल महापंचायत करेगी। जिसे लेकर पूरे जिले में भाकियू ग्राम-ग्राम जनसंपर्क कर रही है। आज जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ब्लॉक मौहम्मदपुर देवमल के ग्राम सिकैडा में ग्राम वालों ने जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान का भव्य स्वागत किया।

जिला अध्यक्ष सुनील प्रधान ने कहा कि जिले का प्रशासन किसानों की समस्याएं दरकिनार कर रहा। बार बार अवगत कराने पर भी प्रशासन समस्याओं का समाधान करने में विफल है। इसलिए मजबूरी में भारतीय किसान यूनियन जिले के हजारों किसानों और हजारों टैक्टरों के जिला मुख्यालय में महापंचायत करेगी और अगर प्रशासनिक अधिकारियों ने किसानों की 11 सूत्रीय मांग नहीं मानी, तो बिजनौर कलेक्ट्रेट में ही 15 अगस्त का झंडा किसान यूनियन के द्वारा फहराया जाएगा। कोई भी अधिकारी चाहे बिजली विभाग का हो, ट्रैफिक विभाग का हो तहत तहसील विभाग का हो किसानों की बात सुनने को तैयार नहीं है।

### जिलाध्यक्ष सुनील प्रधान का स्वागत

सभी को सुविधा शुल्क चाहिए जिस किसान यूनियन बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं करेगी

ग्राम-ग्राम से किसानों का भारी समर्थन मिल रहा है। आज की पंचायत में रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मवीर सिंह धनकड़ युवा जिला अध्यक्ष मनप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, कोमन सिंह, डॉ. विजय चौधरी, जय सिंह, पंकज शहरावत, संदीप त्यागी, हर्षवर्धन, आशु चौधरी, जितेंद्र सिंह, अमित कुमार, पुष्पेंद्र सिंह, रजनीश, मुनेंद्र काकरान, मोनू प्रधान, विनीत चौधरी, अमरदीप, ब्रजेश कुमार, सूर्य बालियान, सौरभ कुमार, धूम सिंह, सर्वेंद्र कुमार, संजीव कुमार आदि किसान मौजूद रहे।

## विज्ञान मेले का आयोजन

**नहटौर।** बलराम कुंवर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में भारत के महान वैज्ञानिक डॉक्टर प्रफुल्लचंद्र राय की जयंती के उपलक्ष में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया।

विज्ञान मेले में विद्यालय के कक्षा द्वादश के छात्र गौतम कुमार ने भारतीय रसायन विज्ञान के जनक डॉक्टर प्रफुल्ल चंद्र राय जी के जीवन चरित्र पर अपने विचार प्रस्तुत किए और विद्यालय के कक्षा नवम के छात्र दीक्षित सैनी,पवन कुमार, अक्षय कुमार, दशम के छात्र अनमोल, मंजली, कुमारी लक्ष्मी, रिया कुमारी, कक्षा एकादश की छात्रा वंशिका, स्नेहा कश्यप एवं द्वादश के मनीष कुमार, सुमित कुमार, मोहम्मद शादमान आदि छात्र एवं छात्राओं ने विज्ञान मेले में प्रतिभाग किया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेंद्र कुमार शर्मा और रसायन विज्ञान के आचार्य राजीव सक्सेना, सुरेंद्र सिंह, अनुज कुमार, अशोक कुमार, गजेंद्र सिंह आदि के समक्ष विभिन्न प्रयोगात्मक कार्य करके दिखाएं।

# यूनिवर्सल एकेडमी में छात्र परिषद का अलंकरण समारोह



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में नए सत्र 2025-26 के लिए नए काउंसिल मेंबर का गठन किया गया। नव चयनित पदाधिकारियों को स्कूल काउंसिल में शामिल करने के लिए दायित्व निर्वहन की शपथ दिलाई गई। इस समारोह के मुख्य अतिथि राकेश कर्णवाल रहे। उन्होंने नवनिर्वाचित युवा नेता को बधाई दी तथा अपनी जिम्मेदारियां को सही ढंग से निभाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि स्कूल प्रबंधक राकेश कर्णवाल प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागी उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल द्वारा भगवान गणेश के समक्ष संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस अवसर पर कक्षा आठ के छात्राओं द्वारा अति मनमोहक गीत एवं नृत्य प्रस्तुति द्वारा नवनिर्वाचित सदस्यों का स्वागत किया गया। नवगठित पदाधिकारी द्वारा हाथ में स्कूल ध्वज लेकर मार्च पास किया गया। चारों सदनों के नव चयनित कप्तान ने अपने-अपने सदन का नेतृत्व किया।

इस समारोह में कक्षा 12 के आकाश तोमर हेड बॉय, कनिका हेड गर्ल, कक्षा 11 के गीतांश हेड बॉय, रितिका वाइस हेड गर्ल, कक्षा 12 के मुकुल और रानू चौधरी स्पोर्ट्स कैप्टन, कक्षा 11 के आदर्श और खुशी परवाल वाइस स्पॉट कैप्टन, कक्षा 12 के रचित और कशिश कल्चर कैप्टन, कक्षा 11 की शेखर इशिता वॉइस कल्चर कैप्टन तथा कक्षा 12 की डिसिप्लिन इंचार्ज आर्यन परवाल, शिवि गर्ग अपने सदस्यों रिया, अंजली, आर्यन, गौरी, आयुषी, ईशा, मनीषका, शुभराज दलाल के साथ चुने गए। चारों सदनों में जल सदन से मयूर, तृप्ति हाउस कैप्टन, अखिल अड़वाल, रिद्धि वाइस हाउस कैप्टन, अग्नि हाउस से सक्षम और सारा अफजाल हाउस कैप्टन, ताशु और कनिका वाइस हाउस कैप्टन, वायु सदन से चित्रांश, अवनी हाउस कैप्टन अविरल और दिया वॉइस हाउस कैप्टन, पृथ्वी सदन से कृष्णा, सारा खान हाउस कैप्टन, जसप्रीत ग्रेसी वाइस हाउस कप्तान चुने गए।

इसके अलावा सभी कक्षाओं से स्कूल प्रीफेक्ट्स ब असेंबली इंचार्ज भी बनाए गए। सभी नवचयनित सदस्यों को उप प्रधानाचार्य खुशबू कर्णवाल ने पद के दायित्व निर्वहन में गोपनीयता की शपथ दिलाई। सभी चयनित छात्राओं को विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य, उपप्रधानाचार्य ने बैच व सेसे पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉक्टर अनुज त्यागी ने सभी नव चयनित सदस्य को बधाई दी और कहा कि इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता और दायित्व बोध विकसित करता हैं। पढ़ाई हो या खेल हो शासन का पालन करना व जिम्मेदारी की भावना सीखने में मदद करता है। उपप्रधानाचार्यइ खुशबू कर्णवाल ने सर्वप्रथम नव चयनित छात्र परिषद सदस्यों को बधाई दी तथा कहा इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों में अपनी भूमिका और जिम्मेदारियां के बारे में समझने में सहायक होते हैं।

कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक विभाग के अध्यक्ष अभिलाष तथा अनिता चौधरी, क्रीड़ा क्षेत्र के अध्यक्ष अजीत के मार्गदर्शन में दिया और खुशी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डांस शिक्षक ओम ,म्यूजिक शिक्षक नितिन, संजय तथा फाइन आर्ट इंचार्ज नितिन चौधरी एवं स्कूल कोऑर्डिनेटर कविता शर्मा, सूरज चौहान और रूपाली अग्रवाल तथा समस्त स्टाफ का योगदान रहा। इस प्रकार कार्यक्रम राष्ट्रगान के साथ हर्षोल्लाह से संपन्न हुआ।

## एक नजर

### मंडावर के नेवला को उम्र कैद

**बिजनौर।** न्यायालय एडीजे एफटीसी सैकंड ने युवती की हत्या के मामले में हिस्ट्रीशीटर बदमाश मनोज उर्फ नेवला उर्फ पप्पू पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी, थाना मंडावर को उम्र कैद एवं 11 हजार रुपए के अर्थदण्ड की सजा सुनाई है। वादी महेन्द्र सिंह पुत्र ध्यान सिंह निवासी ग्राम अंगाखेड़ी, थाना मंडावर ने 25 जनवरी, 2014 को तहरीर दी थी कि किरतपुर क्षेत्र के ग्राम असगरपुर के रहने वाले भोपाल पुत्र रामपाल, सुरेन्द्र, अमित पुत्र सतेन्द्र, टीटू प्रधान पुत्र बाबू राम, मास्टर सूरज पुत्र रामशरण ने गन्ने के खेत में ले जाकर उसके साथ मारपीट की। विरोध करने पर उसकी बेटी को गोली मार दी। जिससे उसकी मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने गंभीर धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना के दौरान अभियुक्त मनोज का नाम प्रकाश में आया। पुलिस ने उसे हथियार सहित गिरफ्तार किया था। न्यायालय ने उसे इस मामले में सजा सुनाई और बाकी अभियुक्तों को दोषमुक्त कर दिया। मनोज मंडावर थाने का हिस्ट्रीशीटर बदमाश है।

### बीए फाइनल का परीक्षाफल घोषित



**बिजनौर।** एमजेपी रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा बीए तृतीय वर्ष के घोषित परीक्षा परिणाम में वीर कुंवर डिग्री कॉलेज, बिजनौर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। बीए तृतीय वर्ष का छात्र तुषार जिंदल ने 72 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, सन्नी ने 62 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय एवं नितिन कुमार ने 61 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉलेज के प्रबन्ध निदेशक अभिषेक सिंह, प्राचार्य एवं विभाग के समस्त शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### किशोर ने की आत्महत्या

**कोतवाली देहात।** एक 17 वर्षीय किशोर ने घर पर ही पंखे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना क्षेत्र के ग्राम दौलताबाद निवासी राजू का 17 वर्षीय पुत्र निखिल दोपहर को खाना खाने के बाद कमरे में चला गया था। शाम के समय निखिल का शव पंखे से लटका मिला। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। परिजनों ने बिना किसी कानूनी कार्रवाई के शव का अंतिम संस्कार कर दिया। निखिल की मौत से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## एक नजर

### भाकियू टिकैत की बैठक



**कोतवाली देहात।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत की बैठक शनिवार को ग्राम सिकैड़ा में संपन्न हुई। बैठक में 13 अगस्त को जिला मुख्यालय पर महापंचायत का ऐलान किया गया। मांग न मानने पर स्वतंत्रता दिवस का झंडा जिला मुख्यालय पर फहराने का ऐलान किया गया। ग्राम सिकैडा में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहा कि आज के समय में किसानों के समक्ष भारी समस्याएं हैं। गुलदारों का आतंक, बिजली विभाग द्वारा उत्पीड़न, गन्ना भुगतान अभी तक ने मिलना सहित अनेकों समस्याएं हैं। किसान आज आर्थिक संकट से जूझ रहा है। सरकार हिटलरशाही पर उतरी हुई है। उन्होंने आह्वान किया कि कोई भी किसान अपने ट्यूबवेल पर स्मार्ट मीटर न लगवाए। उन्होंने कहा कि गुलदार से पिछले दो सालों में कई किसानों की मौत हो चुकी है। यदि भविष्य में गुलदार के हमले में किसी किसान की जान जाती है तब वन विभाग के अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। वन विभाग द्वारा गुलदारों के लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई गई है। आगामी 13 अगस्त को किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर जिला मुख्यालय पर विशाल महापंचायत आयोजित की जाएगी। उन्होंने किसानों से महापंचायत में पहुंचने का आह्वान किया। बैठक की अध्यक्षता रमेश सिंह ने तथा संचालन ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह ने किया। बैठक में कुलदीप चौधरी, धर्मवीर सिंह धनखड़, मुनेन्द्र काकरान, मनप्रीत सिंह, सोमपाल सिंह, तिलक राम खोबे, गजेन्द्र सिंह, अशोक कुमार, विपिन दुहन आदि मौजूद रहे।

### भगवान कृष्ण की लीलाओं का वर्णन

**हल्दौर।** नगर के नवीन मंडी स्थल पर चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के छठे दिन व्यास पीठ से परमपूज्य श्री राम कृपाधाम आश्रम वृंदावन के पीठाधीश्वर रामदास जी महाराज ने महारास और रुक्मणि विवाह प्रसंग एवं भगवान कृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन होता है, जिसमें महारास की मधुर लीला और रुक्मणि के साथ उनके विवाह का प्रसंग सुनाया। भगवान कृष्ण की गोपियों के साथ रासलीला का वर्णन करते हुए कहा कि रास भक्ति और प्रेम का अद्भुत संगम होता है। रुक्मणि भगवान कृष्ण से विवाह करना चाहती थीं, लेकिन उनके भाई ने उनका विवाह किसी और से तय कर दिया था। रुक्मणि ने भगवान कृष्ण को संदेश भेजा और कृष्ण ने उन्हें अपनी पत्नी बनाने के लिए उनका हरण कर लिया। महाराज श्री ने भागवत कथा में भगवान कृष्ण के अन्य लीलाओं और भक्तों के प्रति उनकी कृपा का भी वर्णन किया। महाराज श्री ने भागवत कथा के बारे में सभी को तीन बातें बताई एक तो भागवत कथा सुनने से मन को शांति मिलती है और भक्ति भाव में वृद्धि होती है। कथा में रघुवीर शरण शर्मा, करन सिंह, सभासद राजीव चौहान, सभासद हेमंत पंवार, रघुराज नागर, संजीव चंद्रा, केके चंद्रा, अरविंद महादेव, ठाकुर योगेन्द्र चौहान, डॉ. श्रीश शर्मा, शिवम वर्मा, पुनीत शर्मा, पप्पू फूल वाले, चंचल वशिष्ठ, सुरेश कुमार, रमेश मुंशीजी, राहुल वर्मा, अमित वर्मा, राजकुमार चौहान, रोहित कुमार, शिप्रा एरन, प्रतिभा शर्मा, रेखा यादव, मधु यादव, जगदीश शर्मा, डॉ. श्रीकांत वर्मा सहित कार्यकारणी के समस्त पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन की टक्कर से दम्पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** हरिद्वार से कांवड़ लेकर आ रहे दंपति को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। जिसमें दोनों घायल हो गए। कांवड़ भी खंडित हो गई। घायलों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार अमरोहा के मौहल्ला मेहंदी सराय निवासी राजू चंद्रा (45 वर्ष) पुत्र भूकन सिंह अपनी पत्नी नीरज देवी (32 वर्ष) के साथ हरिद्वार से शनिवार को कांवड़ लेकर पैदल अपने घर जा रहे थे। बताया जाता है कि नहटौर क्षेत्र में कोतवाली देहात रोड पर ग्राम महमूदपुर भिक्का के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी और फरार हो गया। टक्कर लगने से कांवड़ भी खंडित हो गई। राहगीरों ने मदद कर दोनों को सीएचसी नहटौर में भर्ती कराया। जहां से दोनों की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है। इसके अलावा नहटौर नूरपुर मार्ग पर ग्राम आंकू के पास दो बाइकों की भिड़ंत होने पर शिवम पुत्र रोहतास ग्राम शादीपुर, नावेद पुत्र अब्दुल अजीज नहटौर घायल हो गए। हल्दौर मार्ग पर बान के पुल के पास स्कूटी अनियंत्रित होकर गिर जाने से स्कूटी सवार कमला व गीता घायल हो गई। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष धीरज नागर का कहना है कि घायलों के परिवार वालों को सूचना दे दी गई है। तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सीसीटीवी में गाड़ी कैद हुई है, उसकी तलाश की जा रही है।

### जिला अस्पताल रैफर किया

## शिव महापुराण का पाठ आरंभ

**कोतवाली देहात।** ग्राम शादीपुर के प्राचीन शिव मंदिर पर शनिवार को शिव महापुराण का पाठ आरंभ हुआ।

ग्राम कंभोर निवासी पंडित कपिल शर्मा ने शिव महापुराण का पाठ आरंभ किया। उन्होंने बताया कि शिव महापुराण के सुनने से समस्त पापों का नाश हो जाता है। सावन के महीने में शिव पुराण का पाठ सुनने से धार्मिक लाभ होता है। शिव महा. पुराण के पाठ में मुख्य यजमान विनीत मौर्य रहे। कार्यक्रम में शुभम शर्मा, सुशील शर्मा, सुमित मौर्य, निखिल भारद्वाज आदि का सहयोग रहा।

## युवती को बुरी नीयत से खींचा

**कोतवाली देहात।** अपनी मां के साथ जंगल गई युवती को अज्ञात बदमाशों ने खींच लिया। ग्रामीणों द्वारा शोर मचाने पर बदमाश भाग खड़े हुए। पुलिस ने घटना की जानकारी से इंकार किया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवती अपनी मां के साथ जंगल में चारा लेने गई थी। अचानक उसे किसी ने ईख में खींच लिया। युवती द्वारा शोर मचाया गया। युवती की मां ने ईख के खेत से निकल कर शोर मचाया। इस दौरान दर्जनों ग्रामीण मौके पर पहुंचे। तब बदमाश युवती को छोड़कर भाग गए। इस दौरान काफी लोग एकत्र हो गए। पुलिस ने घटना की जानकारी से इनकार किया है।

**आदेशानुसार न्यायालय द्वितीय एफ.टी.सी. अपर जिला जज बिजनौर**

दीवानी प्रकीर्ण वाद सं. 122/2024

**हरनाम सिंह मृतक आदि बनाम अमीर अब्बास आदि**

1-हरनाम सिंह पुत्र झब्बा सिंह मृतक 1/2 सुरेश कुमार पुत्र हरनाम सिंह निवासी ग्राम गोवली गोयली परगना नूरपुर तहसील चांदपुर जनपद बिजनौद आदि

**बनाम**

1-अमीर अब्बास पुत्र इम्तयाज हुसैन निवासी ग्राम गोवली परगना बूढ़पुर तहसील चांदपुर जिला बिजनौर 2- इकबाल फात्मा पुत्री स्व. नसीर अब्बास पत्नी हैदर अब्बास निवासी ग्राम फन्देडी परगना व तहसील धनौरा जिला अमरोहा 3-श्रीमती चांद बेबी पत्नी सरदार हुसैन पुत्री स्व. शाहिद हुसैन निवासी ग्राम भनेड़ा परगना किरतपुर तहसील नजीबाबाद जिला बिजनौर 4-श्रीमती असमत जैहरा पत्नी इशरत हुसैन पुत्री स्व. शाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला जटवाडा मुजफ्फरनगर 5-निशान्त बेबी पत्नी उमर अब्बास पुत्री स्व. शाहिद हुसैन निवासी मौहल्ला अब्दुल्लापुर मेरठ

चूंकि उपरिनामांकित **वादी** ने इस न्यायालय में आवेदन दिया गया है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्षित करने के लिए दिनांक **05-08-2025** को दस बजे पूर्वान्ह में स्वयं या समयक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एकपक्षीय रूप से सुना जाएगा।

**नियत दिनांक: 05-08-2025**

**प्रबंधक**
**न्यायालय द्वितीय एफ.टी.सी. अपर जिला जज बिजनौर**

## शाह टाइम्स खबरे छुपाता नहीं, छापता है

**आदेशानुसार न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश खफीफा बिजनौर**

मुकदमा नम्बर- 269/2021

श्री रिसालत उल्ला खां पुत्र स्व. श्री सलामत उल्ला खां निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान कस्बा व परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर

**बनाम**

श्री फरहत उल्ला खां व श्री सनत उल्ला खां पुत्रगण स्व. श्री सलामत उल्ला खां निवासी मौहल्ला मुस्लिम चौधरियान कस्बा व परगना स्योहारा तहसील धामपुर जिला बिजनौर

हरगाह के आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि बतारीख 08/08/2025 बावक्त 10 बजे दिन के असालतन मार्फत अपने वकील के जो मुकदमे के हालात करार वाकई वाकिफ किया गया है और जो कुल उमूर अहमद मुताल्लिक के मुकदमा जवाब दे सके या जिसके पास कोई शख्स हो जो कि जवाब दे सके। हाजिर हो और जवाबदेही दावा की करे। आपको लाजिम है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे, जिन पर आप बताईद अपनी जवाबदेही में इस्तेमाल करना चाहते हैं। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको समसुआ और फैसला होगा।

**नियत दिनांक:** 08/08/2025

**प्रबंधक**
**न्यायालय लघुवाद न्यायाधीश खफीफा बिजनौर**

**न्यायालय सिविल जज जू.डि. नगीना**

प्रकीर्ण वाद सं. 142/2025

1- नसीम अहमद उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र श्री अ. रसीद, 2- सुरेन्द्र सिंह उम्र करीब 50 वर्ष पुत्र भरतू सिंह निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर -**वादीगण**

**बनाम**

1- अमीर हुसैन उम्र करीब 67 वर्ष पुत्र अ. रहीम, 2- जाकिर उम्र करीब 45 वर्ष, 3- शाकिर उम्र करीब 44 वर्ष, 4- साबिर उम्र करीब 42 वर्ष, 5- जाफर उम्र करीब 40 वर्ष पुत्रगण अमीर हुसैन निवासीगण ग्राम सीरबासुचन्द, परगना अफजलगढ़, तहसील धामपुर, जिला बिजनौर

-**प्रतिवादीगण**

चूकि उपरी नामांकि वादीगण ने इस न्यायालय में एक वाद आदेश 1 नियम 8 सी.पी.सी. के अन्तर्गत आराजी खसरा नं. 12 रकबई 0.085 है. जो चकमार्ग रास्ता है जो सार्वजनिक है और फर्द खतौनी आदि रेवेन्यू रिकार्ड में भी चकमार्ग दर्ज है। तथा जिस पर को वादीगण व अन्य की व ग्राम वासियों की आमोदरफत है वादीगण व अन्य ग्रामवासी किसानों की आमोदरफत है और रास्ता आम है, जिसमें सभी ग्रामवासियों का हित निहित है।

अतएवं इस इस्तेहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि जिस किसी व्यक्ति को वाद उपरोक्त में पक्षकार बनना हो वह दिनांक 05.08.2025 तक प्रातः 10 बजे तक अदालत हाजिर होकर अदालतन या बकालतनामा पेश करे, नियत दिनांक के उपरान्त कोई उजर ना सुना जायेगा और हुकम मुनातिब सादिर होगा।

नियत दिनांक: 05.08.2025

**प्रबंधक**
**सिविल जज जू.डि. नगीना, बिजनौर**

# धामपुर में एक दिन में दो राज्यों की पुलिस की दबिश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** नगर के सराफा बाजार में शनिवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब एक ही दिन में दो अलग-अलग राज्यों की पुलिस ने चोरी के मामलों में कार्रवाई की। तड़के उत्तराखंड के कोटद्वार पुलिस ने नगर के एक सुनार को हिरासत में लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी की एक मूर्ति और लैपटॉप बरामद किया।

इस कार्रवाई की चर्चाएं अभी थमी भी नहीं थीं कि देर शाम मध्य प्रदेश के इंदौर थाना क्षेत्र की पुलिस भी धामपुर पहुंच गई। मध्य प्रदेश पुलिस ने सराफा बाजार की एक दुकान पर दबिश दी और चोरी का सामान बरामद किया। हालांकि पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी दुकान स्वामी मौके से फरार हो गई। नगर में एक ही दिन दो अलग-अलग राज्यों की पुलिस की मौजूदगी और लगातार कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है। सराफा व्यापारियों के बीच दिनभर इस घटनाक्रम को लेकर चर्चा होती रही। फिलहाल दोनों ही मामलों में स्थानीय पुलिस ने सहयोग किया और छानबीन जारी है।

### सुबह उत्तराखंड, शाम को मध्य प्रदेश पुलिस की कार्यवाही

## सम्बंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र शादाब मलिक गलत संगत में पड़कर बिगड़ गया है। मेरे कहने में नहीं है मेरे व परिवार वालों के साथ बदअखलाकी से पेश आता है। समझाने पर सुनवा नहीं है। उसके गलत आचरण व व्यवहार से व्यथित होकर मैंने शादाब मलिक से पारिवारिक रिश्ता नाता समाप्त करके उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेनदेन से मेरा व मेरे परिवार का कोई मतलब वास्ता नहीं होगा।

**अब्दुल हफीज पुत्र मरहूम बन्दे हसन, निवासी मौहल्ला मंझोली, कस्बा व थाना अफजलढ़, जिला बिजनौर**

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरी पुत्री कनिका मेरा व अपनी माता का कहना नहीं मानती है। मैं उसकी हरकतों से तंग आ गया हूं। मैंने उससे अपने संबंध खत्म कर लिए है। मैं उसे बेदखल करता हूं तथा उसके हकूक अपनी चल अचल सम्पत्ति से समाप्त कर दिए है। अब कनिका का मुझसे मेरी किसी सम्पत्ति से कोई संबंध नहीं होगा तथा मेरे परिवार के अन्य सदस्य कनिका के किसी कार्य के लिए जवाबदेह व जिम्मेदार नहीं होंगे। **योगेश कुमार पुत्र श्री ओमप्रकाश सिंह ग्राम पौटा, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर। हाल निवासी अर्चना एनक्लैव, खेड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद**

# भाकियू ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

## जनसमस्याओं को लेकर कार्रवाई की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** क्षेत्र में बढ़ती विभिन्न समस्याओं को लेकर भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) ने तहसील समाधान दिवस के अवसर पर उपजिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा।

यूनियन ने मांग की कि धामपुर नगर पालिका के प्रस्तावित सीमा विस्तार में मौजमपुर जैतरा सहित कई ग्रामों को केवल आंशिक रूप से शामिल किया जा रहा है, जो ग्रामीणों के साथ अन्यायपूर्ण है। संगठन ने आग्रह किया कि इन गांवों को पूर्ण रूप से पालिका क्षेत्र में सम्मिलित किया जाए ताकि ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं और बुनियादी सुविधाओं



का लाभ मिल सके। किसान यूनियन ने वर्ष 2004 से 2021 तक लागू की गई महायोजना पर भी आपत्ति जताई और कहा कि इस योजना में किसानों की भूमि को चिन्हित तो कर लिया गया, लेकिन आज तक कोई मुआवजा नहीं दिया गया है। इससे किसानों को भारी मानसिक व आर्थिक क्षति पहुंची है। यूनियन ने या तो योजना को निरस्त करने या फिर किसानों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की।

संगठन ने बिजनौर विकास प्राधिकरण के प्रस्ताव पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसमें धामपुर, नगीना, नजीबाबाद और चांदपुर जैसे क्षेत्रों को शामिल करने से किसानों की कृषि भूमि प्रभावित होगी, जिससे आमजन पर आर्थिक भार बढ़ेगा। यूनियन ने मांग की कि विकास प्राधिकरण केवल जिला मुख्यालय तक सीमित रखा जाए।

ज्ञापन में क्षेत्र में गुलदार के हमलों और आवारा पशुओं द्वारा फसलों को नुकसान पहुंचाने की घटनाओं का भी जिक्र किया गया। यूनियन ने कहा कि इन मामलों में प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। जिससे किसानों में रोष है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ, तो किसान विरोध दर्ज कराने के लिए मजबूर होंगे और इन पशुओं को सरकारी कार्यालयों में बाधने का निर्णय ले सकते हैं। इस मौके पर दुष्यंत चौहान, यशपाल सिंह, महक सिंह, गजेंद्र सिंह, अजय चौहान, पवन शर्मा, अरविंद सिंह, रंजीत सिंह, दिनेश कुमार, वीर सिंह व दर्शन सिंह समेत कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

# कृष्णा में बीएड द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल रहा शत-प्रतिशत



## इलमा परवीन रही प्रथम स्थान पर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कृष्णा कालेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. पाठयक्रम के द्वितीय वर्ष का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। बी.एड. के विभागाध्यक्ष एम.एस. अंसारी ने बताया कि बी.एड. द्वितीय वर्ष में इलमा परवीन ने 78.42 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम स्थान, सदफ मलिक ने 78 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय स्थान और शाजिया बानो ने 77.92 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने कहा कि हमारा सदैव यही प्रयास रहा है कि विद्यार्थियों को एक अच्छा शैक्षिक वातावरण उपलब्ध हो जिससे कि वह भविष्य में अपना उज्जवल भविष्य बना सके एवं भविष्य में अच्छे शिक्षक बन सकें। संस्थापक एवं निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, प्राचार्या डा. सीमा शर्मा ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बी.एड विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डा. दीपशिखा अग्रवाल, सुनील कुमार, कुमारी प्रतिमा ने विद्यार्थियों की सफलता पर खुशी व्यक्त की।

# बदलते मौसम से स्वास्थ्य पर पड़ रहा सीधा असर: डा. जानिब नसीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** जैसे-जैसे मौसम करवट ले रहा है, वैसे वैसे बीमारियों ने भी दस्तक देना शुरू कर दिया है। तेज उमस, बीच-बीच में बरसात और फिर तीखी धूप इन सभी ने लोगों की सेहत पर सीधा असर डाला है।

मोहल्ला मिल्कियान के प्रसिद्ध और जागरूक चिकित्सा डॉ. एंडी हाशमी उर्फ नहटौरी के पुत्र डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने मौसम को लेकर एक प्रेस वार्ता में कई गंभीर पहलुओं को सामने रखा। डॉ. जानिब नसीम हाशमी जो अपनी वैज्ञानिक सोच और जिम्मेदार सामाजिक दृष्टिकोण के लिए जाने जाते हैं। डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने कहा कि जब मौसम इस कदर करवट लेता है तो शरीर की प्रतिरोधक क्षमता पर सीधा असर पड़ता है। वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम, डायरिया और स्किन इंफेक्शन जैसी मौसमी बीमारियाँ बहुत तेजी से फैल जाती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन बीमारियों को सामान्य समझकर अनदेखा करना खतरनाक हो सकता है। खासकर बच्चों, बुजुर्गों और पहले से बीमार लोगों के लिए। उन्होंने कहा कि कई लोग घरेलू नुस्खों पर ज्यादा भरोसा कर लेते हैं लेकिन बिना जाँच कराए



खुद दवा लेना खतरनाक साबित हो सकता है। लक्षण चाहे मामूली हों या गंभीर बिना समय गंवाए चिकित्सक से सलाह लेना सबसे समझदारी भरा कदम होगा। डॉ. जानिब नसीम हाशमी ने आम जनता को विशेष रूप से इन बातों का ध्यान रखने की अपील की, जिससे न सिर्फ उनकी बल्कि पूरे समाज की सेहत सुरक्षित रह सके। उन्होंने कहा कि फ्रिज का खाना बार-बार गर्म कर खाना सेहत को नुकसान पहुँचा सकता है। दही, छाछ और नींबू जैसे प्राकृति स्रोत प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाते हैं। शरीर में पानी की कमी न होने दें लेकिन ठंडे पानी से बचें। ज्यादा मीठा, ज्यादा मसालेदार या स्ट्रीट फूड से परहेज करें, खानपान में नियमितता लाएं, समय पर खाएं, ओवरईटिंग न करें।

# सड़क हादसे में किसान की मौत

**शेरकोट।** धामपुर मार्ग पर एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें एक किसान की मौत हो जाने से परिजनों में कोहराम मच गया। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला अचारजान निवासी विजयपाल सैनी (55 वर्ष) पुत्र होरी सिंह शनिवार की सुबह अपने खेत पर जा रहे थे, जब वे मनोकामना मंदिर के पास सड़क पार कर रहे थे। तभी अफजलगढ़ से धामपुर की ओर जा रही एक बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक सवार दो युवक भी इस हादसे में घायल हो गए। दोनों युवक पीलीभीत के निवासी बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। विजयपाल सैनी की मौत से उनके परिवार में शोक की लहर है।

# स्योहारा में दशकों से लंबित बस स्टैंड निर्माण फिर बना विवाद का केंद्र

## निष्पक्ष और स्थायी समाधान की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर में लंबे समय से प्रतीक्षित बस स्टैंड निर्माण एक बार फिर नगर की राजनीति और चर्चाओं के केंद्र में है। इस बार विवाद का कारण प्रस्तावित स्थल की वैधता है, जिसे लेकर न सिर्फ नगरवासियों में मतभेद देखने को मिल रहे हैं बल्कि नगर पालिका बोर्ड की बैठकों में भी तीखी बहस का माहौल बना हुआ है।

स्थानीय जनता का कहना है कि यह कोई नया मुद्दा नहीं है। दिवंगत समाजसेवी बबलू स्वामी ने वर्षों तक लगातार इस महत्वाकांक्षी परियोजना को साकार करने का प्रयास किया। उन्होंने कई बार लखनऊ जाकर मंत्रियों व विधायकों से मुलाकात की और स्योहारा की आवश्यकता को पूरी गंभीरता से उठाया। दुर्भाग्यवश उनके जीवनकाल में यह सपना साकार नहीं हो सका, लेकिन उनकी मेहनत को आज भी नगरवासी सम्मान के साथ याद करते हैं। पूर्व पालिका अध्यक्ष तरन्नुम नईमुल हसन जो नईमुल हसन की पत्नी है ने भी अपने कार्यकाल में इस योजना को आगे बढ़ाने की कोशिश की थी। उस दौरान तत्कालीन मंत्री ठाकुर मूलचंद चौहान के सहयोग से प्रक्रिया आगे बढ़ी लेकिन प्रस्तावित भूमि को लेकर कानूनी और सामाजिक विवाद खड़े हो गए, जिससे कार्य फिर ठप हो गया।

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष हाजी अख्तर जलील के समय में भी इस प्रस्ताव को पालिका बोर्ड से पास करवाया गया था लेकिन वो प्रयास भी भूमि विवाद और स्पष्ट नीति के अभाव में आगे नहीं बढ़ सका। अब एक बार फिर वर्तमान पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी इस योजना को धरातल पर लाने के लिए प्रयासरत हैं, उनके द्वारा रजिस्ट्री की प्रक्रिया तेजी से कराई जा रही है लेकिन उसी के साथ विवाद भी फिर उठ खड़ा हुआ है। आरोप है कि जिस भूमि पर बस स्टैंड के निर्माण का प्रस्ताव पारित किया गया है, वह विवादित है।

नगर में चर्चा है कि उक्त जमीन पर पहले से कानूनी अड़चनें हैं, जिनका समाधान किए बिना निर्माण कार्य आरंभ करना जनविरोध को जन्म दे सकता है।

हाल ही में पालिका बोर्ड की बैठक में भी इस प्रस्ताव को लेकर विरोध के स्वर सुनाई दिए। कई पार्षदों और नागरिक प्रतिनिधियों ने मांग की कि पहले इस भूमि की कानूनी स्थिति स्पष्ट की जाए और फिर ही निर्माण कार्य की स्वीकृति दी जाए।

### सभी राजनीतिक दल करें विचार

**स्योहारा।** नगरवासियों का मानना है कि स्योहारा की बढ़ती जनसंख्या और यातायात दबाव को देखते हुए एक आधुनिक बस स्टैंड की सख्त आवश्यकता है लेकिन यह कार्य राजनीति और विवादों से ऊपर उठकर जनहित को प्राथमिकता में रखते हुए किया जाना चाहिए। स्योहारा के बस स्टैंड का मुद्दा सिर्फ एक निर्माण परियोजना नहीं बल्कि जनता की वर्षों पुरानी मांग और उम्मीदों से जुड़ा विषय है। अब समय आ गया है कि सभी राजनीतिक दल, जनप्रतिनिधि और प्रशासन इस मुद्दे को राजनीति का साधन बनाने की बजाय एक स्थायी और कानूनी समाधान की ओर कदम बढ़ाएं।

# निडर होकर कलम चलाएं : मेहरबान

## सच्चाई के लिए लड़ने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किरतपुर।** मीडिया क्लब रजिस्टर्ड किरतपुर के नव-निर्वाचित अध्यक्ष मौहम्मद मेहरबान और महासचिव कपिल रस्तौगी ने पदभार संभालते ही पत्रकारिता के मूल्यों और दायित्वों को लेकर एक स्पष्ट संदेश दिया। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों से कहा कि अब समय आ गया है जब पत्रकारिता को किसी दबाव, लोभ या भय से मुक्त किया जाए और उसे सच्चाई, न्याय और जनहित के आधार पर आगे बढ़ाया जाए।

उन्होंने कहा कि हमारी



पत्रकारिता का उद्देश्य सत्ता या प्रभावशाली वर्गों को खुश करना नहीं, बल्कि समाज में फैले अन्याय, भ्रष्टाचार और अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद करना है। उन्होंने यह भी जोर देकर कहा कि मीडिया क्लब



का हर सदस्य निडर होकर कलम चलाए और जनता के बीच सच्चाई को उजागर करने का कार्य करे। आज की पत्रकारिता को एक ऐसे मोड़ पर खड़ा कर दिया गया है, जहां सत्य और निडरता बिकने लगी है और चापलूसी और चमचागीरी को सम्मानित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर पत्रकार ही डर गया, तो जनता का कौन होगा? अगर पत्रकार बिक गया, तो गरीब की आवाज कौन उठाएगा?

मीडिया क्लब रजिस्टर्ड किरतपुर की यह नई टीम इसी सोच के साथ आगे बढ़ रही है कि पीड़ितों के साथ अन्याय नहीं होने देंगे, हक और सच्चाई के लिए लड़ेंगे। क्लब के अध्यक्ष मौहम्मद मेहरबान और महासचिव कपिल रस्तौगी के नेतृत्व में यह उम्मीद की जा रही है कि नगर में पत्रकारिता की खोई हुई गरिमा को फिर से स्थापित किया जाएगा और पत्रकारों को एकजुट होकर, उनके हक की आवाज को बुलंद किया जाएगा।

# श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** श्री राम मंदिर आश्रम सत्संग भवन में चल रही सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का शनिवार को सामूहिक हवन यज्ञ एवं भंडारे के साथ समापन हो गया है।

इस अवसर पर दो दर्जन से अधिक जरूरतमंद परिवारों को खाद्यान्न किट का वितरण भी किया गया। श्रद्धालु परिवारों ने हवन कुंड में आहुतियां देते हुए सभी सनातन परिवारों में शांति व खुशहाली के लिए, भगवान भोलेनाथ चरणों में कामना की। सामूहिक हवन यज्ञ को पंडित आकाश शुक्ला एवं पंडित सत्यम तिवारी ने प्रभावी मंत्र उच्चारण के बीच संपादित कराया। श्री राम मंदिर आश्रम के उत्तराधिकारी आचार्य पंडित शशिकांत वशिष्ठ ने भगवान शंकर के प्रिय मास श्रावण मास के अंतर्गत आयोजित सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव के दौरान नगर के विभिन्न भागों तथा बाहरी स्थानो से पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा श्रवण की गई। कथा को उनके जीवन का स्वर्णिम एवं उल्लेखनीय पहलू बताते हुए श्रवण की गई कथा को अपने जीवन में स्थान दिलाने की बात कही। इस अवसर पर सौरव वशिष्ठ, प्रियंका वशिष्ठ, अशोक अग्रवाल, सेवादार राकेश मिश्रा, रमेश शंकर तिवारी, चंद्र प्रकाश फौजी, आकाश प्रजापति, शुभम शुक्ला, टिल्लू पाल सहित आदि भक्ति गण उपस्थित रहे।

# राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती पर विचार एवं काव्य गोष्ठी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** उत्तर प्रदेश युवा साहित्यकार संघ के तत्वावधान में हरिकांत निवास पर देश के महान स्वतंत्रता सेनानी एवं राष्ट्रभाषा हिंदी के प्रबल समर्थक राजश्री पुरुषोत्तम दास टंडन की जयंती पर एक विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के कवियों और शायरों ने अपनी भावपूर्ण रचनाओं से कार्यक्रम को जीवंत बना दिया।

गोष्ठी में कवि अनिल शर्मा 'अनिल' ने कहा- देश धर्म निज धर्म, मातृभूमि के हितार्थ कार्य करो निस्वार्थ, यही होना चाहिए। कवि नरेंद्र 'अनाम' की रचना - तुम हिमालय में बसे हो, मैं शिवालय में खड़ा हूं, रोको अंतर्द्वंद मेरा, मैं स्वयं से ही लड़ा हूं। डॉ. भूपेंद्र 'अनाड़ी' ने अपने अंदाज में कहा- मेरा यार फोन पर व्यस्त मिले, मैं जब फोन मिलाया। राज कुमार सिंह की पंक्तियाँ थीं- तुम रहे हो साथ मेरे, दिल में धड़कन की तरह, जिंदगी रंग भरते सुबह के सूरज की तरह। इस अवसर पर डॉ. सुरेंद्र सिंह राजपूत, राज कुमार 'राजन', अजय पाल शर्मा, विभूति कांत शर्मा, इंदु कांत शर्मा, वीरेन्द्र 'बेताब', राम सिंह 'सुमन', संजय 'बिल्लू', रजनीश शर्मा सहित कई साहित्य प्रेमियों ने अपनी रचनाएं प्रस्तुत कर कार्यक्रम को गरिमा प्रदान की। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ कवि यशपाल 'परम' ने की, जबकि संचालन हरिकांत शर्मा ने किया। गोष्ठी के अंत में कवयित्री अल्पना जैन के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### आईटीआई अफजलगढ़ के प्रवेश बिजनौर में होंगे

**बिजनौर।** राजकीय आईटीआई के नोडल प्रधानाचार्य मंजुल ने बताया कि राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ के भवन का अभी निर्माण कार्य जारी है। निर्माण कार्य पूर्ण होने तक राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ हेतु चयनित अभ्यर्थियों के प्रवेश राजकीय आईटीआई बिजनौर में ही किए जा रहे हैं। अत: ऐसे समस्त अभ्यर्थी जिनका चयन राजकीय आईटीआई अफजलगढ़ के लिए हुआ है, वह राजकीय आईटीआई बिजनौर में ही अपने प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित होकर प्रवेश लेना सुनिश्चित करें। अभ्यर्थियों की सुविधा के लिए रविवार अवकाश में भी प्रवेश प्रक्रिया जारी रहेगी।

# कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** कांवड़ यात्रा ड्यूटी पर तैनात एक होमगार्ड की अचानक तबियत बिगड़ गई, जिससे उनकी मौत हो गई। मृतक होमगार्ड की पहचान मदनपाल सिंह पुत्र घसीटा सिंह के रूप में हुई है, जो गांव



मकसूदाबाद थाना अफजलगढ़ के निवासी थे।

मदनपाल सिंह की ड्यूटी हाईवे स्थित राजपूताना रिसोर्ट के सामने अस्थाई पुलिस शिविर पर लगी थी। ड्यूटी करते समय शनिवार की सुबह अचानक उनकी तबियत बिगड़ गई। उनके मुंह और नाक से खून आने लगा। ड्यूटी पर तैनात उनके अन्य साथियों ने घटना की सूचना अधिकारियों को देते हुए 108 एम्बुलेंस से उन्हें सीएचसी भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

होमगार्ड की अचानक मौत से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक होमगार्ड के परिजनों को सूचना दे दी गई है और शव पोस्टमार्टम को भेजा गया है। पुलिस प्रशासन ने मृतक के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है और हर संभव मदद का आश्वासन दिया है।

# पीएम किसान उत्सव दिवस मनाया

## किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को वाराणसी से वर्चुअल माध्यम से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किस्त जारी किए जाने के अवसर पर विकास खंड धामपुर में पीएम किसान उत्सव दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के तहत स्थानीय किसानों ने प्रधानमंत्री का लाइव संबोधन देखा और उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना।

कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख प्रति. निधि नीरज प्रताप सिंह, ब्लॉक स्तरीय अधिकारी, विभागीय कर्मचारी व क्षेत्र के बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। इस मौके पर



पीएम किसान योजना से संबंधित पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, लाभ और अब तक की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला गया।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि यह योजना किसानों की आय को मजबूत करने के लिए शुरू की गई थी और अब तक लाखों किसान इसका लाभ प्राप्त कर चुके हैं। किसान हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही अन्य योजनाओं की भी जानकारी दी गई।


अंत में उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने किसानों से अपील की कि वे सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ लें और कृषि क्षेत्र में हो रहे नवाचारों को अपनाकर अपनी उत्पादन क्षमता को और बेहतर बनाएं। कार्यक्रम के दौरान सुजीत कुमार, जितेंद्र कुमार, सुबोध राजपूत, प्राची राजपूत, हेमलता समेत अन्य लोगों ने भी अपने विचार रखे।

## एक नजर

### छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर की आत्महत्या

**चांदपुर।** गजरौला रेलवे स्टेशन पर एक छात्र ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। छात्र तहसील चांदपुर के ग्राम दतियाना निवासी हरेंद्र कुमार का पुत्र अंश उपाध्याय बताया गया है। अंश कुमार उपाध्याय गजरौला जनपद अमरोहा में किराये के मकान पर रहकर अपनी पढ़ाई कर रहा था। अंश उपाध्याय कक्षा 12 वीं का छात्र था। रेलवे जीआरपी पुलिस इंचार्ज राजीव कुमार के अनुसार अंश कुमार उपाध्याय की उसके पिता हरेंद्र कुमार से फोन पर बात हुई थी। पिता ने अंश उपाध्याय को डांट दिया था। सम्भवत: अंश ने नाराज होकर गजरौला रेलवे स्टेशन प्लेटफार्म पर पहुंचकर क्रांति एक्सप्रेस के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। गजरौला रेलवे जीआरपी पुलिस इंचार्ज राजीव कुमार के अनुसार अंश उपाध्याय ने शव को रेलवे ट्रैक से हटाकर उसकी सूचना मृतक छात्र के परिजनां को दी। सूचना पर अंश के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था।

### छात्रा ने लिया अंकित रस्तोगी एड. का इंटरव्यू



**किरतपुर।** दिल्ली पब्लिक स्कूल की कक्षा 11 की छात्रा स्तुति रस्तोगी ने एडवोकेट अंकित रस्तोगी (अध्यक्ष, एडवोकेट एसोसिएशन किरतपुर) का इंटरव्यू लेकर विधिक जागरूकता की दिशा में सराहनीय पहल की। स्कूल प्रोजेक्ट के तहत लिए गए इस साक्षात्कार में छात्रा ने न्याय प्रणाली, बाल अधिकार, महिला सुरक्षा कानूनों और विधिक शिक्षा जैसे गंभीर विषयों पर सवाल पूछे। अधिवक्ता ने सहजता से जवाब देते हुए छात्रा की जागरूकता की सराहना की। स्कूल प्रबंधन और अभिभावकों ने भी छात्रा के प्रयास की प्रशंसा की।

### हरिपाल शास्त्री की पुण्यतिथि पर हवन यज्ञ



**चांदपुर।** तहसील क्षेत्र के ग्राम फीना स्थित श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में कॉलेज के संस्थापक स्वर्गीय श्री हरिपाल शास्त्री की 23 वीं पुण्यतिथि पर यज्ञ हवन कार्यक्रम हुआ। इस मौके पर कॉलेज प्रबंधक अशोक कुमार शास्त्री ने कहा कि जनपद बिजनौर में स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री का नाम प्रमुख समाजसेवियों में लिया जाता है। स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री ने अनेक पदों पर असीन रहकर लोगों की तन, मन और धन से सेवा की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री पूर्व विधायक, पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत बिजनौर, पूर्व अध्यक्ष कोऑपरेटिव बैंक तथा प्रमुख समाजशास्त्री थे। उन्होंने कहा कि हरिपाल शास्त्री महाविद्यालय छात्रों के भविष्य निर्माण में सदैव अग्रणी रहेगा। उन्होंने बताया कि उनके द्वारा लगाया गया शिक्षा का यह पौधा श्री हरिपाल शास्त्री स्मारक महाविद्यालय में वंचितों तथा विशेष कर बालिकाओं के लिए यहां का शैक्षिक वातावरण बहुत ही सुगम है। कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा ने कहा कि स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री हमारे प्रेरणा स्रोत हैं, उनके व्यक्तित्व से प्रेरणा लेकर छात्रों को भी अपने नेतृत्व का विकास करना चाहिए। पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित हवन पूजन कार्यक्रम से पूर्व समस्त स्टाफ ने स्वर्गीय हरिपाल शास्त्री के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। यज्ञ कॉलेज पुरोहित सुनील कुमार शर्मा के निर्देशन में किया गया। इस अवसर पर रश्मि राजपूत, कॉलेज डायरेक्टर आकाश राजपूत, हंसा राजपूत, कॉलेज प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार शर्मा, कॉलेज के चीफ प्रॉक्टर डॉ. आरपी सिंह, डॉ. दलीप कुमार, डा. शिवाली राजपूत, डॉ. ओमपाल त्यागी, सुषैन बाबू शर्मा, सचिन कुमार, नीशु देवल, छाया राजपूत, सोनू कुमार, ललित शर्मा, रुचि राजपूत, शनि चौहान आदि उपस्थित रहे।

### श्री मद्भागवत कथा का तीसरा दिन



**चांदपुर।** मौ. सरायरफी धनौरा रोड़ पर स्थित सुरेश कुमार प्रजापति के निवास पर चल रही प्रित्र गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान तथा श्री मद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ अनुष्ठान के अन्तर्गत आज तृतीय दिवस पर महंत पं. रविन्द्र भारद्वाज संघर्षी जी महाराज के मुखारविंद से कथा श्रवण कर भक्त आत्म विभोर हो गये। श्री गुरु महाराज जी ने कहा कि संसार का प्रत्येक प्राणी परीक्षित है और सभी को इन्हीं सात दिनों में संसार से चले जाना है। परीक्षित महाराज परम् ज्ञानी एवं विवेक है। जब उन्हें जात हुआ कि मुझे सातवें दिन तक्षक नाग डस लेगा तो वह घबराये नहीं बल्कि वह साधु संतों की शरणागति में जाकर मृत्यु से निर्भयता तथा जनम मरण के चक्कर से मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग पूछते हैं। ताकि समस्त जनमानस का कल्याण हो सके। जबकि हम सब कुछ जानते हुए अपनी अपनी ना मृत्यु का चिन्तन करते हैं और ना ही कोई मोक्ष प्राप्ति का उपाय सुझाते हैं। कलयुग में श्रीमद्भागवत पुराण श्री कृष्ण भगवान जी का वांग्मय रूप है जिसकी छत्र छाया में रहने का मतलब भगवान श्री कृष्ण जी की ही शरणागति है। श्रीमद्भागवत कथा ही हमें कलिकाल के दुष्ट प्रभाव से बचा सकती है। आज के प्रसंग में श्री गुरु महाराज जी ने श्री शुकदेव जी महाराज का जन्म, महाराज परीक्षित जी की जन्मकथा तथा कलिकाल के आगमन के प्रसंगों को बड़े ही मार्मिक ढंग से प्रस्तुत किया। श्री मद्भागवत कथा में आज सुरेश कुमार तथा उनकी धर्मपत्नी श्रीमती रजनी देवी, प्रमोद कुमार तथा धर्मपत्नी श्रीमती बीना देवी, कु. भावना देवी, सुमित कुमार, दक्ष प्रजापति, हर्षित कुमार, हरिदास भारद्वाज, अंकित भारद्वाज कथा व्यास, पं. रोहित भारद्वाज, हर्षित भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।

### किसानों को श्री अन्न मिनी किट वितरित



**नहटौर।** ब्लॉक के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वाराणसी में किसान सम्मान निधि की 20वीं किस्त जारी करने का प्रोजेक्ट के माध्यम से लाइव प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इस मौके पर किसान सम्मान निधि से संबंधित जानकारी भी किसानों को दी गई। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ लेने का आह्वान किया गया। जिन किसानों के पंजीकरण नहीं है उनसे शीघ्र पंजीकरण कराने के लिए कहा गया। इसके अलावा आयोजित कार्यक्रम में 20 किसानों को श्री अन्न मिनी किट वितरित की गई। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख राकेश कुमार, बीडीओ प्रताप सिंह, एडीओ दीनदयाल, अमोल तोमर, सुभाष सिंह, राजू सिंह, मनोज कुमार, कमल कुमार के अलावा किसान धर्मेंद्र, जयपाल, योगेश, सुभाष चंद्र, नरेश, गंभीर सिंह आदि ने भाग लिया।



बबराला-चयन कर ट्रांसफार्मर में चोरी करने वाले गिरोह के पकड़े गए बदमाश।

# ट्रांसफार्मर का चयन कर गिरोह करता था चोरी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** अपराध रोकने और अपराधियो की धर पकड़ को चलाये जा रहे अभियान में पुलिस ने ट्रसंसफार्मर चोर गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने अभियान में चोरों को गिरफ्तार कर चोरी किए गए टीएफ का माल बरामद कर लिया।

कस्बा बबराला के हाइवे पर स्थित ट्रांसफामर को काटकर उसका तांबा व क्वाइल आदि चोरी कर लिये गए थे। इसकी रिपोर्ट रोहित मुखिया अवर अभियंता विद्युत उपकेन्द्र बबराला की ओर से दर्ज करायी गयी थी। पुलिस अधीक्षक के के विशनोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा व क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक कुमार के नेतृत्व में थाना प्रभारी गुन्नौर अखिलेश प्रधान द्वारा अपराधियों व वांछितों धर पकड़ को टीम का गठन किया गया। अपराध रोकने और अपराधियों की धर पकड़ को उ. नि. विशाल शर्मा, कां वीरेन्द्र कुमार चोरों की तलाश में जुटे थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर टीम ने ट्रांसफार्मर काटकर उसका तांबा और क्वाइल चोरी करने में शामिल गिरोह के नीरज पुत्र मूलचंद्र नि. ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर शोकेन्द्र उर्फ बडढे पुत्र फूलसिंह नि. ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुनौर, सरदार सुंदर सिंह पुत्र श्योराज सिंह नि. ग्राम सैजना मुस्लिम थाना गुन्नौर को धर दबौच लिया। मुखबिर की सूचना पर पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में बताया दो जुलाई को कस्बा गवां थाना रजपुरा से भी ट्रांसफार्मर काटकर चोरी की गयी थी। जबकि जनपद बुलंदशहर तथा जनपद अलीगढ मे भी ट्रांसफार्मर से चोरी करना कबूल किया। जबकि गिरोह के लोग ट्रांसफार्मर चयनित करना तथा सभी को इकठ्ठा करने की जिम्मेदारी सरदार सुंदर सिंह करता है। गिरोह मे सभी के काम निर्धारित है। जिसमे वकील द्वारा लाईन के ऊपर बांस मे लोहा काटने की पत्ती बांकर तार के काटता है। फिर सभी मिलकर उसका तांबा व क्वाइलल निकाल लेते है। शौकेन्द्र उर्फ बडढे द्वारा अपनी रिक्शा मे भरकर ग्राम सैजना मुस्लिम स्थित सरदार सुंदर सिंह की कबाडी की दुकान पर ले जाता है।। इसके बाद उक्त सभी सामान को सरदार सुंदर सिंह अन्य कबाड के सामान से साथ बेच देता है। और सभी के हिस्से के पैसे बांट देता है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों का चालान कर दिया गया जबकि वकील पुत्र शकील नि. महमूदपुर थाना कंकरखेड़ा मेरठ और विपिन पुत्र रामनरेश नि. ग्राम सैंजना मुस्लिम थाना गुन्नौर की तलाश जारी है।

## बबराला चौकी से संचालित होगा थाना

**बबराला।** नगर में थाना बनने की कवायद शुरू हो गई है फिलहाल बबराला चौकी से ही थाने की व्यवस्था चलेगी। यहां अस्थाई तौर पर थाना चलेगा। अधिकारियों ने यहां का निरीक्षण भी कर लिया है।
बबराला चौकी इंचार्ज विशाल शर्मा ने बताया कि अधिकारियों ने चौकी का निरीक्षण कर लिया है। फिलहाल चौकी से ही थाने की प्रक्रिया चलेगी। फिर स्थायी स्थान पर थाना स्थापित होगा। गुन्नौर कोतवाल अखिलेश प्रधान ने बताया कि थाने की प्रक्रिया चल रही है। बबराला चौकी से ही फिलहाल थाने का संचालन किया जायेगा। इसका जल्द शुभारंभ होगा।

## स्कूल विलय नहीं करने के निर्णय की भाजपाइयों ने की सराहना

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने सरकार के निर्णय की सराहना की है। अब प्रदेश में एक किमी दूरी वाले स्कूलों का विलय नहीं होगा।

भाजपा के पूर्व मण्डल अध्यक्ष विनय वार्ष्णेय ने अपने आवास पर कहा कि प्रदेश में अब एक किमी से ज्यादा दूरी वाले स्कूलों का विलय नहीं होगा। ऐसे स्कूलों का भी विलय नहीं होगा। जहां 50 से ज्यादा बच्चे हैं। प्रदेश में कम नामांकन वाले सरकारी अब एक किमी से ज्यादा दूरी वाले स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाएगा। वहीं, ऐसे स्कूल जहां पर विद्यार्थियों की संख्या 50 से ज्यादा है उनका भी विलय नहीं किया जाएगा। यह आदेश प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री संदीप सिंह ने दिया है। अब विपक्षियों की बोलती बन्द हो गयी है जो प्रदेश सरकार के स्कूलों के विलय के फैसले का विरोध कर रहे थे। इस निर्णय की अभिभावक भी सराहना कर रहे हैं इस दौरान सभासद मीना गुप्ता, अनुपमा वार्ष्णेय, मंजू, सुखदेव, दिनेश, उमेश आदि मौजूद रहे।

# चोर-चोर का मचा शोर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** ड्रोन चोरों की अफवाह ने फिर हड़कम्प मचा दिया है। पिलखन के पेड़ पर चढ़े बंदर को लोगों ने चोर समझ कर शोर मचा दिया।

### काफी देर बाद पिलखन पर उछल कूद करता मिला बंदर

थाना हयात नगर क्षेत्र में ड्रोन चोरों की अफवाह अभी भी लोगों के दिलो दिमाग से निकल नहीं रही है। इसी अफवाह के चलतेबीती रात्रि करीब 12 बजे सराय तरीन पुलिस चौकी क्षेत्र के मौहल्ला भाले-भाज खां में अचानक हड़कम्प मच गया। देर रात्र मौहल्ले में स्थित एक पिलखन के पेड़ पर बंदर चढ़ गया और उछलकूद करने लगा। उसे देखकर राहगीरों ने चोर होने का शोर मचा दिया। चोर-चोर चिल्लाना शुरू कर दिया। चोर का शोर सुनकर दूसरे लोगो ने भी चोर-चोर चिल्लाने लगे। चोर के शोर सुनकर आसपास के लोग हाथो में लाठी डंडे लेकर घरों से बाहर निकल आये। इसी बीच भीड़ में शामिल किसी ने चोर के उधर भागने का दशारा किया तो लोगो ने उसी दिशा में दौड़ लगा दी। कुछ देर में हालात यह हो गए कि लोग घरों की छतों पर चढ़कर चोर की तलाश करने लगे। काफी देर तक चोर की तलाश की गई लेकिन कोई भी चोर नहीं मिल सका। थोड़ी देर बाद मौके से गुजर रही डायल 112 की पुलिस टीम ने भीड़ को देखकर जानकारी और लोगों को समझाया कि कोई चोर नहीं है। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे शांत रहे और अपने-अपने घरों पर जाकर आराम करे। इसके बावजूद कुछ लोग हाथो में डंडे लेकर देर रात तक गली और मौहल्लों में चोरों की तलाश करते रहे। हालांकि काफी देर बाद पेड़ पर देखा गया कि एक बंदर पेड़ पर चढ़कर उछल कूद कर रहा था। तब जाकर कहीं राहत की सांस ली गई।



बबराला-गुन्नौर तहसील सभागार में फरियादियों की समस्याओं का निस्तारण करती उपजिलाधिकारी।



सम्भल-त्रि स्तरीय पंचायत चुनाव की मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण को बैठक लेते जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया।

# बेरोजगारों को आत्मनिर्भर बनाने को लगेगा मेला

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** आत्म निर्भर भारत अभियान के तहत बेरोजगारों को रोजगार से जोड़ा जायेगा। अभियान को सफल बनाने के लिए रोजगार मेले का आयोजन होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय लखनऊ के द्वारा प्रदेश के युवाओं को रोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर भारत अभियान को सफल बनाए जाने को जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से मायादेवी सीताराम डिग्री कॉलेज बिचेता काजी चंदौसी के प्रांगण में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन 06 जुलाई,को किया जाना है। रोजगार मेला प्रात: 10:30 बजे

### विभिन्न कम्पनियों के पर्यवेक्षक पदों के लिए लेंगे साक्षात्कार

से 3:00 तक रहेगा। जिसमें एस आर सौलुशन, यस कंस्ट्रक्शन कंपनी नोएडा, आर एस वी ज्वाइन इंडिया लिमिटेड इत्यादि कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। सभी कंपनियां ऑफिस अटेंडेंट, बिक्री सलाहकार, साइट पर्यावेक्षक पदों के लिए साक्षात्कार लेंगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन विभाग के रोजगार संगम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराकर रोजगार मेले में प्रतिभाग करे। रोजगार पाने वाले अभ्यर्थियों की आयु 18 से 30 वर्ष रहेगी। शैक्षिक योग्यता इंटरमीडिएट, स्नातक, आई.टी.आई समस्त वर्ग रहेगी। रोजगार इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्रों, पासपोर्ट साइज फोटो एवं बायोडाटा सहित रोजगार मेले में प्रतिभाग करना सुनिश्चित करेंगे। रोजगार मेला नि:शुल्क है।

## फसल चोरी करते रंगेहाथ पकड़कर पुलिस को सौंपा

**सम्भल।** कोतवाली क्षेत्र के नाले से छोटे हसनपुर मार्ग स्थित जगलो में फसलों की चोरी कर रहा चोर रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए चोर के अपना नाम नासिर निवासी नूरियो सराय बताया। जिसको पुलिस के हवाले कर दिया गया।

## सम्पूर्ण समाधान दिवस में 5 शिकायतों का निस्तारण

शाह टाइम्स,संवाददाता

**बबराला।** गुन्नौर तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। जहां उपजिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा की अध्यक्षता में आम जन की समस्याएं सुनी गई। फरियादियों की समस्याओं के त्वरित व मौके पर निस्तारित करने को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की सबसे ज्यादा 63 शिकायतें आई जबकि पुलिस विभाग से 9 पूर्ति विभाग से 10 चकबंदी विभाग से 8, ग्राम विकास विभाग से 3 सिंचाई विभाग से 1 कुल मिलाकर सम्पूर्ण समाधान दिवस में 94 शिकायतें दर्ज करायी गईं। इनमें राजस्व विभाग की 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष 89 शिकायतों को लेकर संबंधित को समय अनुसार निपटारा करने के लिए को निर्देश दिए गए। गुन्नौर उपजिलाधिकारी ने कहा कि लापरवाही बरतने वालें संबंधित को बख्शा नहीं जाएगा। आमजन की शिकायतों को लेकर संबंधित गंभीरता से लें। इस मौके पर पुलिस व राजस्व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए समय सारिणी हुई घोषित

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण के तत्वावधान में मिलने वाली छात्रवृत्ति पाने को समय सारिणी की घोषणा कर दी गई है।

### शिक्षण संस्थान व छात्र-छात्राएं समावधि में कार्यवाही करें पूरी

जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी दिलीप कुमार ने बताया कि निदेशालय, पिछड़ा वर्ग कल्याण, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के पत्र के साथ संलग्न मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, समाज कल्याण के शासनादेश के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 में पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 09-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति द्धकक्षा 11-12 योजनान्तर्गत शिक्षण संस्थाओं को मास्टर डाटाबेस में सम्मिलित होने, तथा छात्रें द्वारा आनलाइन आवेदन से छात्रवृत्ति वितरण को मुख्यमंत्री एवं शासन की मंशा के अनुरूप 02 अक्टूबर, को समारोह कार्यक्रम आयोजित किया जायेगां जिसके लिए समय सारिणी निर्गत कर दी गई है। जिसके तहत 01 जुलाई को शिक्षण संस्थानों की और से मास्टर डाटा तैयार किया जायेगा। जबकि छात्रों द्वारा पंजीकरण/ऑनलाइन आवेदन करने और दो जुलाई से 30 अक्टूबर तक होगा। इसके अलावा शिक्षण संस्थानों की और से आवेदन पत्रों के ऑन लाइन सत्यापित एवं अग्रसारित 31 अगस्त तक होगी। जबकि जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा वास्तविक छात्रों का सत्यापन 01 सितम्बर से 09 सितम्बर तक होगा। इसके अलावा जनपदीय छात्रवृत्ति स्वीकृति समिति की और से शुद्व डाटा 12 सितम्बर से 20 सितम्बर तक लॉक होगा। योजना का लाभ पाने को शिक्षण संस्थानयें और छात्र-छात्राओं से पूर्वदशम छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत दश्मोत्तर छात्रवृत्ति की वांछित कार्यवाही शासन की और से निर्धारित समयावधि में पूरी करने का आहवान किया है।

# 19 अगस्त से घर-घर बीएलओ करेंगे गणना व सर्वेक्षण

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां होने लगी है। चुनाव की घोषणा से पूर्व मतदाता सूचियों का वृहद पुनरीक्षण का कार्य इसी माह से शुरू कराया जाना हैं जिसकी तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।

### त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर तैयारियां हुई शुरू

कलैक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा ने बताया कि 19 अगस्त से 29 सितम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण व हस्तलिखित पांडुलिपि तैयार की जायेगी। जिसकी अवधि 1 जनवरी 2025 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों को शामिल किया जायेगा। एडीएम ने बीएलओ की तैनाती की जानकारी ली। जबकि जिलाधिकारी ने सभी सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि बीएलओ की तैनाती को लेकर पत्रावली का गहनता के साथ अध्यन कर लिया जाये। उसके बाद नियमानुसार बीएलओ की तैनाती सुनिश्चित की जाये। अपर जिलाधिकारी ने कहा के मतदेय स्थलों का सत्यापन किया जाये। जबकि कोई भी मतदान केन्द्र अथवा मतदेय स्थल निजी भवन में नहीं हो। इसे हर हाल में सुनिश्चित कर लिया जाये। इसके अलावा मतदेय स्थल एवं मतदान केन्द्र पर सभी आवश्यक सुविधाओं को भी देख लेने के भी निर्देश दिए। साथ ही यदि कोई मतदेय स्थल का भवन जर्जर मिलता है तो स्थान परिवर्तन किया जाना है तब समय से उसको कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि बीएलओ की तैनाती ठीक से की जाये। इसको प्रत्येक दशा में ध्यान रखा जाये। जबकि टॉप टेन आपराधिक श्रेणी के व्यक्तियों को चिन्हित कर उनको पाबंद करने के भी निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भटट, अपर जिलाधिकारी प्रदीप वर्मा, उपजिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, उपजिलाधिकारी चन्दौसी आशुतोष तिवारी, उपजिलाधिकारी सम्भल विकास चन्द्र के अलावा सभी तहसीलदार और विकास खंड अधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे।

### वार्षिक चुनाव को एल्र्डस कमेटी की बैठक

**बबराला।** बार वेलफेयर एसोसिएशन गुन्नौर की एल्डर्स कमेटी की बैठक अध्यक्ष मुनीश चंद्र मित्तल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 2025-26 के बार के चुनाव को लेकर चर्चा की गई।
बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि वार्षिक चुनाव हेतु अध्यक्ष एवं महामंत्री को वर्तमान चुनाव 2025- 2026 के लिए मतदाता सूची सुविधानुसार 08अगस्त तक एवं एक जनरल मीटिंग 14 अगस्त 2025 तक आहूत कराई जाये। जिससे आगामी वार्षिक चुनाव सम्पन्न हो सके। बैठक में अजयपाल गुप्ता, धनेश चंद गौड, अब्दुल सलीम एडवोकेट उपस्थिति रहे।

### रामा कान्वेंट स्कूल में पद स्थाना दिवस आयोजित

**बबराला।** नगर के रामा कॉन्वेंट स्कूल का शैक्षणिक सत्र पद स्थापना दिवस आयोजित किया गया। छात्र नेताओं को औपचारिक रूप से उनके संबंधित पदों पर नियुक्त करके, विद्यालय ने नेतृत्व कौशल को पोषित करने और छात्रों को नई जिम्मेदारियों को संभालने के लिए सशक्त बनाने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का प्रदर्शन किया। विद्यालय की प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम के निर्देशन में मुख्य छात्रा तेजवती और मुख्य छात्र केशव कुमार को नियुक्त किया गया। इस अवसर पर शशिबाला वार्ष्णेय, मंजू यादव, कृष्णा शर्मा, अंजू शर्मा, शिवानी शर्मा, सुधा वर्मा, राजेश्वरी यादव ,माही कुमारी,सुरभि गुप्ता , प्रशांत यादव, गीता यादव, शीतल त्रिवेदी,सुनील कुमार, अशोक कुमार, फैशउर रहमान, विष्णु यादव उपस्थित रहे।

### उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध

**सम्भल।** उर्वरक की उपलब्धता वितरण एवं प्रवर्तन को लेकर बैठक में बताया कि जिले में उर्वरक और डीएपी पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

## एक नज़र इधर भी



सम्भल-किसानों की समस्याओं के समाधान को एसडीएम को ज्ञापन देते।

### समाधान न होने पर प्रदर्शन को होंगे मजबूर

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** किसानों की समस्याओं के समाधान को ज्ञापन सौंपकर भाकियू कार्यकर्ताओं ने प्रर्दशन किया। जबकि उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर समाधान न होने पर धरना-प्रर्दशन की चेतावनी दी।

जिला संगठन मंत्री रूप किशोर यादव के आवहान पर तहसील अध्यक्ष राजकुमार के नेतृत्व में शनिवार को गुन्नौर एस डी एम वंदनना मिश्रा को किसानों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन दिया गया। तहसील अध्यक्ष राजकुमार ने कहा खाद की समस्या को लेकर किसान बहुत परेशान है एवं विद्युत विभाग के द्वारा बहुत बड़े पैमाने पर गुंडागर्दी दिखाई जा रही है। बिजली आपूर्ति समय से नहीं मिल पा रही है। जिससे किसनों की धान की फसल सिंचाइ न होने से पूरी नष्ट होने की कगार पर है। ज्ञापन में सप्ताह भर में कार्रवाई नहीं करने और समस्याओं का समाधान न होने पर भाकियू सुनील के कार्यकर्ता धरना प्रर्दशन को मजबूर होंगे। इस मौके पर राजकुमार, प्रदीप कुमार, दुर्गेश यादव, रतन कुमार, संतोष कुमार आदि शामिल रहे।



सम्भल- जनजागरण बैठक में एकजुटता का प्रर्दशन करते भाकियू कार्यकर्ता।

### नकली उर्वरक व कीटनाशक पर रोक लगाए सरकार

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** भारतीय किसान यूनियन (बी आर एस एस) की हिसामपुर में आयोजित जनजागरण बैठक में जिला अध्यक्ष कामेन्द्र चौधरी ने कहा कि उर्वरक खाद व कीटनाशक नकली बनाए जा रहे हैं। इस ओर सरकार को अति शीघ्र ध्यान देने की आवश्यकता है। सरकार को किसानो की फसलों का उचित मूल्य देने के साथ-साथ जैविक खेती को बढ़ावा देना चाहिए। किसान क्रेडिट कार्ड की बढ़ाई गई 5 लाख की लिमिट अभी भी मान्य नहीं हो पाई है जो कि सरासर गलत है। तहसील स्तर पर फैले भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र की सड़कों की मरम्मत, विद्युत विभाग में भ्रष्टाचार पर रोक, आधार कार्ड संशोधन आवास योजना, राशन कार्ड में धांधली सहित तमाम समस्याओं को उठाया गया। जबकि समस्याओं के समाधान को एकजुट होकर आवाज बुलंद करते हुए 12 अगस्त को ग्राम चमरौआ में विशाल जनसभा को सफल बनाने का आहवान किया।

# भगवान महादेव तीर्थ की रक्षा को चारों दिशाओं में विराजमान



सम्भल-श्रीशिव महापुराण कथा में आचार्य अनंत दास का सम्मान करते।

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** श्रीशिव महापुराण कथा के तीसरे सौपान पर महादेव की महिमा का भक्तों को श्रवण कराया गया।

श्री चामुंडा माता मंदिर पर चल रही श्री शिव महापुराण कथा के तीसरे दिनं वृंदावन से आए कथावाचक आचार्य अंनत दास महाराज ने महादेव की महिमा बताते हुए कहा कि सम्भल महातीर्थ केवल कलयुग में भगवान कल्कि की लीला स्थल के साथ-साथ द्वापर युग से भगवान की लीला स्थली रही है। भगवान श्री कृष्ण जब रुक्मणी का हरण करके ले जा रहे थे तो एक रात्रि उन्होंने यहां निवास किया था एवं भगवान महादेव भी इस महातीर्थ की रक्षा के लिए चारों दिशाओं में विराजमान है, जबकि मध्य में श्रीकृष्ण के द्वारा पूजित कृष्णननेश्वर महादेव जी भी है जिन्हें आज सूरजकुंड मंदिर के नाम से जाना जाता है। उन्होने भगवान शिव के गोपेश्वर महादेव की कथा सुना कर बताया कि भगवान देवाधिदेव महादेव वृंदावन में गोपी बन जाते हैं, धन के देवता कुबेर की कथा में बताया कि भगवान शिव ने कैसे कुबेर को धन का देवता बना दिया था। भक्तों का सैलाब कथा में अपनी उपस्थिति लग रहा है। तृतीय दिवस की कथा के यजमान डाक्टर विकास गुप्ता एवं निशा गुप्ता जी रहे। तथा प्रसाद सेवा अंकित शर्मा की ओर से रही। इसके अलावा महंत मुरली सिंह मनोज कुमार गुप्ता रामकृष्ण ठेकराल अजय गुप्ता शुभम गुप्ता मयंक गुप्ता मुकेश शर्मा विनोद कुमार शिव ओम गुप्ता नितिन गर्ग राजू ठाकुर अरविंद ठाकुर शिवम ठाकुर रजनीकांता चौहान योगिता गुप्ता प्रमिला गुप्ता का सहयोग रहा।

# काउंसलरों ने 15 रूठे परिवार कराए एक



शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** टूटे परिवारों को जोड़ने के लिए चल रहे पुलिस परार्मश केन्द्र पर काउंसलरों के प्रयासों से 15 रूठे परिवारों को एक कराया गया।

कृषि उत्पादन मंडी समिति स्थित पुलिस लाइन में आयोजित पुलिस परार्मश सुलह समझोता केन्द्र की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पति-पत्नी के मध्य भी आपसी विवादों का सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण करने का प्रयास काउंसलन द्वारा किया गया। बैठक में जहां कुल 107 पत्रावली सुनकर 44 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया। जबकि 15 परिवार को मिलाया गया। इसके साथ 26 पत्रावलियों को न्यायालय में विचाराधीन होने अथवा आवेदक द्वारा बल न देने के कारण बंद करने की सस्तुंति की गई। साथ ही 3 पत्रावली में विधिक कार्यवाही करने की सस्तुंति की। इस अवसर पर विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, पूनम अरोरा, श्वेता गुप्ता, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, कंचन महेश्वरी तथा कांस्टेबल शहजाद मलिक रश्मि गहलोत आदि उपस्थित रहे।

## रील बनाने के चक्कर में परिवार टूटने से बचा

**सम्भल ( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** जहां सोशल मीडिया पर रील बनाना फैशन बन गया है। वहीं इसका असर परिवारों पर पड़ने लगा है। रील बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड करना परिवार टूटने के कगार पर पहुंच गया। मामला पुलिस परार्मश केन्द्र पर पहुंचा तो समझौता कराकर एक कराया गया। पुलिस परार्मश केन्द्र पर एक मामला तहसील गन्नौर का आया। जहां पत्नी अपनी रील बना कर सोशल मीडिया डालती थी। जो उसके पति को पसन्द नहीं थी। मना किया तो उनके मध्य तकरार होने लगी। जबकि शादी को मात्र डेढ़ साल ही हुआ था। जिसकी शिकायत थाना प्रभारी बनियाठेर से की गई। रील बनाने को लेकर दूरी इतना बढ़ गई कि पुलिस परिवार परामर्श सुलह समझौता केंद्र तक पहुंच गई। जहां विधिक परामर्शदाता काउंसलर लव मोहन वार्ष्णेय एडवोकेट ने दोनों पक्षों को सुना और समझौता वर्ता कर दोनों पक्षों को मिलाया। लड़के का कहना था कि उसकी पत्नी जो रील बनाकर सोशल मीडिया पर डालती हैं उस पर गांव के लड़के उल्टे सीधे कमेन्ट करते हैं जो उसे पसन्द नहीं है। जिस पर लड़की ने आगे से कोई भी रील नहीं बनाने और सोशल मीडिया पर अपलोड करने से मना कर दिया। जिस कारण दोनों में समझौता हो गया और परिवार टूटने से बच गया। दोनों पक्ष काउंसलिंग टीम को धन्यवाद करते नजर आए।

# स्वास्थ्य केंद्र के पास संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शनिवार को पाकबड़ा थाना क्षेत्र स्थित रतनपुर कला गांव में उसे समय हड़कंप मच गया जब गांव के ही स्वास्थ्य केंद्र के पास एक युवक का शव मिला जैसे ही ग्रामीण रानो शव को देखा तो इसकी सूचना तुरंत पुलिस दी सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया तभी फॉरेंसिक टीम जांच में जुट गई और सबूत इकट्ठा किया मृतक युवक रिंकू सिंह ठाकुर पुत्र सतवीर सिंह रतनपुर कला गांव का ही निवासी है सूत्रों के मुताबिक पता चला है कि रिंकू सिंह बीजेपी पार्टी से बूथ अध्यक्ष है रिंकू सिंह की उम्र लगभग 38 वर्ष है बीवी के साथ पांच लड़कियां भी परिवार के लोगों रो रो कर बुरा हाल है मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है आगे की कार्यबाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने आने के बाद की जाएगा।

# बाप-बेटे के खिलाफ दुष्कर्म व एससी-एसटी एक्ट में केस दर्ज

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने गांव के युवक पर बेटी को जातिसूचक शब्द कहकर अपमानित करने,ब्लेकमैल करने,होटल में लेजाकर बलात्कार करने, कोर्ट मैरिज करने एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप मुकदमा लिखाया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने कहा है कि बेटी गांव में परचूनी की दूकान से घरेलू सामान खरीदने जाती थी। इस दौरान दुकानदार मनीष कश्यप बेटी को अकेला देखकर छेड़छाड़ करता था। आरोप है कि एक दिन युवक बेटी को बहला फुसलाकर होटल में ले गया। वहां जबरदस्ती बलात्कार कर अश्लील वीडियो क्लिप बना ली। उसके बाद आरोपी वीडियो क्लिप वायरल करने की धमकी देकर लगातार बलात्कार करता रहा। युवती का कहना है कि आरोपी ने पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार का कत्ल कर अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर डराता था। परिवार को बचाने के लिए आरोपी की इच्छाओं को पूरा करती रही। इसी दौरान युवक ने कचहरी में लेजाकर कोर्ट मैरिज भी कर ली। उसके बाद से आरोपी लगातार ब्लेकमैल कर अपनी हवस मिटाता रहा। बात नही मानने पर जातिसूचक गालियां देकर अपमानित करता था। ग्रामीण का आरोप है कि युवक के पिता रामलाल कश्यप से शिकायत की तो उसने अपने बेटे मनीष कश्यप की तरफदारी करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर बाप बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर युवती को मेडिकल परीक्षण के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया।

## एक नजर

### कांवड़िए को छोटे हाथी ने मारी टक्कर, एक घायल



**मूंढापांडे।** थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित सिहोराबाजे अड्डे पर हरिद्वार से जल लेकर आ रहे कांवड़िए को छोटे हाथी ने टक्कर मार दी, टक्कर लगने से कांवड़िए के हाथ में चोट लग गई, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने चालक व छोटे हाथी को कब्जे में लेकर थाने भिजवा दिया, और कांवड़िए के हाथ में पट्टी बांधी जिसके बाद कांवड़ियों के जत्थे ने पुलिस से चालक और वाहन को थाने से वापस बुला कर चालक को बिना कार्यवाही के ही माफ करते हुए छोड़ दिया और जत्था लेकर रवाना हो गए।

कांवड़िए विकास निवासी कुलछाकोरत थाना मीरगंज जिला बरेली ने बताया कि हम जल लेकर आ रहे थे,सिहोराबाजे काली के मंदिर पर जल चढ़ाकर जैसे ही वापस जत्थे की और आए इसी दौरान बिना होर्न बजाए छोटा हाथी चालक अचानक आ गया और साथी के टक्कर मार दी, टक्कर लगने से कांवड़िए मनीष कुमार के हाथ में चोट लग गई, पुलिस ने मरहम पट्टी की,मूंढापांडे थाना प्रभारी राजीव कुमार शर्मा ने कांवड़ियों के जत्थे में सामिल शिव भक्तों के इस कार्य को सराहा और धन्यवाद किया।

### सिविल डिफेंस कैम्प का उद्घाटन



**मुरादाबाद।** प्रभात मार्केट पर भारी कांवड़ियों की भीड़ को देखते हुए सिविल डिफेंस के कैम्प का उद्घाटन उपनियंत्रक नीरज चक,वरिष्ठ सहायक उपनियंत्रक सतीश कुमार ने किया। इस अवसर पर डिविजनल वार्डन मोहम्मद खालिद प्रभारी डिविजनल वार्डन कोतवाली अशोक गुप्ता,स्टाफ अधिकारी वसीम अख्तर, आई सी ओ नरेश कुमार शर्मा, आई सी ओ परवेज खान ,आई सी ओ,कमल किशोर, आई सी ओ अंकुश भटनागर,पोस्ट वार्डन अनामिका गुप्ता, कुलदीप सिंह ,सभी महिला वार्डन सहित काफी संख्या में सेक्टर वार्डन उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कोहिनूर तिराहा पर भी नागरिक सुरक्षा के वार्डन ड्यूटी कर रहे थे,जिसमें टीपी नगर के पोस्ट वार्डन मोहम्मद सलीम कादरी, सैक्टर वार्डन शाकिर कादरी, बीके शर्मा, जवाबुल हसन, परविंदर शर्मा,से शाहनवाज अख्तर और पुलिस डिपार्टमेंट से टी एस आई राजीव तोमर, कांस्टेबल रीता सिंह आदि मौजूद रहे।

### तहसील में विधायक निधि से लगी सेमी हाईमास्ट लाइट का किया लोकार्पण



**बिलारी।** नगर के तहसील बिलारी परिसर में तहसील के राजस्व कर्मचारियों के आवास एवं निर्माणधीन शिव मंदिर के पास रोशनी की व्यवस्था करने के लिए सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने अपनी विधायक निधि से सेमी हाईमास्ट लाइट का शनिवार को तहसील पहुंचकर लोकार्पण किया । सपा विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने बताया कि तहसील बिलारी में निर्माणधीन शिव मंदिर और तहसील बिलारी के लेखपालों के आवासों के पास रोशनी की व्यवस्था को सुचारू करने के लिए विधायक निधि से चार लाइटों वाली सेमी हाइमास्ट लाइट लगवाई है, इससे तहसील परिसर भी जगमग होगा।

### दहेज लोभियों को 10 वर्ष का कठोर कारावास

**चन्दौसी।** जनपद न्यायालय द्वारा अपराधियों पर सख्त रवैया अपनाते हुए दहेज उत्पीड़न के एक गंभीर मामले में शनिवार को विद्वान न्यायाधीश आरती फौजदार ने दो आरोपियों को दस वर्ष के कठोर कारावास तथा आर्थिक दंड से दंडित किया। मामला अभियुक्त चंद्रपाल व राकेश के विरुद्ध दर्ज हुआ था, जिन पर धारा 498ए व 304बी के तहत आरोप था कि उन्होंने कम दहेज मिलने पर अपनी बहू को जहर देकर हत्या कर दी। मुकदमा एसटी नंबर 812/2022 के तहत चलाया गया। मामले में दोनों दोषियों को दस वर्ष का कठोर कारावास व पांच-पांच हजार रु. का अर्थदंड लगाया गया। साथ ही जुर्माना अदा न करने पर तीन माह का अतिरिक्त कारावास भोगने का प्रावधान किया गया। अभियोजन की तरफ मुकदमे की जोरदार पैरवी सरकारी अधिवक्ता हरीश सैनी द्वारा की गई।

## मारपीट में तीन घायल चार पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**भोजपुर।** पुलिस ने गांव नेकपुर निवासी सोनू पुत्र जगतसिंह की तहरीर पर फूल सिंह,करन सिंह, अर्जुन और उद्धेश के खिलाफ मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुक. दमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक शरद मलिक को दी तहरीर में ग्रामीण ने बताया है कि शुक्रवार को चारों आरोपी बेवजह परिवार को गालियां दे रहे थे। विरोध किया तो आरोपियों ने डंडों एवं सरियों से हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आये भाई दीपक एवं भतीजी रानी को भी आरोपियों ने डंडों से पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हाजी उस्मान अली ने ओपन जिम का फीता काटकर किया उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** नगर पंचायत उमरी कलाँ द्वारा निर्मित ओपन जिम का उद्घाटन चेयरमैन हाजी उस्मान अली द्वारा फीता काट कर किया गया। उन्होंने कहा कि उमरी कलाँ में तेजी के साथ विकास का काम चल रहा है और नगर पंचायत द्वारा बनवाने जा रहे आलीशान बारात घर की संग ए बुनियाद भी जल्द ही रक्खी जानी है। हाजी उस्मान अली ने बताया कि बरसात के तुरंत बाद बड़े स्तर पर सड़को का काम शुरू होने जा रहा है जिसमे लगभग 20 से ज्यादा सड़के प्रस्तावित हैं और बाकी को भी जल्द ही बनवा दिया जाएगा , साथ ही साथ तालाब का सौंदर्यकरण , आबिदपुरा और अंसार चौक का सौंदर्यकरण , नाले समेत अनेकों जिन पर काम चल रहा है या शुरू होने जा रहा है उनके बारे में जनता को जानकारी दी , इस मोके पर सभासद शमीम कुरैशी ने भी संबोधित किया और नगर पंचायत द्वारा कराए



जा रहे कार्यो में अड़चन डालने वालो का पर्दा फाश किया, बताया कि किस तरीके से ओपन जिम पार्क के निर्माण को रुकवाने के लिए कुछ लोग लगातार प्रयासरत रहे। लेकिन उनके प्रयासों से विकास का काम नहीं रुका , उन्होंने चेयरमैन हाजी उस्मान अली की सराहना की जिन्होंने लगातार कोशिश कर के काम को पूरा कराया, सैयद मोज्जम अली उर्फ आजम ने भी जनता को संबोधित कर ओपन जिम में लगी मशीन्स के फायदे बताए और जनता से अपील की के वो इसका लाभ उठाएँ।

इस मोके पर एचएमएम डिग्री कॉलेज के प्रबंधक मास्टर सलीम अहमद , ग्राम प्रधान मुशर्रफ चौधरी , सभासद मीनू , सभासद नफीस सैफी , शकील खाँ , शकील कादरी, हाजी भूरे , हाजी नजाकत, हाफिज सरवत , पूर्व सभासद मशकूर, मजीद अली , हाजी सलीम, हाजी आसिफ आदि लोग मौजूद रहे।

## महिला उप निरीक्षक ने बैंकों की सुरक्षा व्यवस्था जांची



भारतीय स्टेट बैंक में चेकिंग करतीं महिला उप निरीक्षक मौसम रानी।

**भोजपुर।** शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण के दृष्टिगत महिला उप निरीक्षक मौसम रानी ने चे. कंग अभियान चलाया।

उन्होंने बस स्टैंड पर स्थित केनरा बैंक,एटीएम, भारतीय स्टेट बैंक, प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंकों का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने बैंकों एवं एटीएम के आस-पास संदिग्ध व्यक्तियों,वाहनों की चेकिंग की।घ बैंकों में लगे सुरक्षा व्यवस्था सम्बन्धित उपकरणों को चेक कर शाखा प्रबंधकों एवं बैंक सुरक्षा में लगे सुरक्षाकर्मियों को सतर्कता बरतने के दिशा-निर्देश दिये।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को प्रमाणपत्र वितरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी मुरादाबाद के चुनाव और परिणाम के उपरांत आज सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों व सदस्यों को एल्डर्स कमेटी की ओर से निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किये गये। बार एसोसिएशन हाल मे एल्डर्स कमेटी एवं चुनाव समिति ने विजेताओं को प्रमाण पत्र देने की व्यवस्था बनायी गयी। अध्यक्ष सहित सभी को एल्डर्स कमेटी ने प्रमाण पत्र देकर अधिवक्ता हितों के कार्य करने का आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने कहा कि आने वाले समय में हम एल्डर्स कमेटी की शक्तियों को बढ़ायेंगे ।बुराई की पुर्नावृति उचित नहीं है। इस अवसर पर विजय गुप्ता सुभाष चंद्र गर्ग एवं



महेश चन्द्र त्यागी के अतिरिक्त नरेन्द्र सिंह चौहान शमशेर सिंह जगदीश चंद्र मिश्रा चौधरी राजेंद्र सिंह ठाकुर अनिल कुमार सिंह सतीश कुमार विश्नोई संजय सक्सेना ष्सोनीष रमेश सिंह आर्य विशाल कांत मनोज कुमार गुप्ता कपिल विश्नोई संदीप खन्ना प्रमोद प्रत्येकि विवेक शर्मा सुनिल कुमार अनिल कुमार चौहान उस्मान अली विशेष स्वरुप माथुर रामवीर सिंह वकार रजा मौहम्मद आसिम आदि उपस्थित रहे।

## बैंक से त्रुटिपूर्ण निकाली गई 9.70 लाख की रकम वापस, मामला निस्तारित

**चन्दौसी।** यूपी ग्रामीण बैंक शाखा संभल गेट में एक चेक से हुई बैंकिंग त्रुटि के चलते 9.70 लाख रु. की रकम गलत आहित हो गई थी। यह मामला 22 जुलाई को सामने आया, जब सिद्धार्थ पुत्र प्रेमपाल द्वारा जारी चेक के माध्यम से यह धनराशि प्रमोद गुप्ता उर्फ हप्पू के खाते में स्थानांतरित हो गई। बैंक द्वारा आंतरिक जांच के बाद त्रुटि का संज्ञान लिया गया और बैंक द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराई गई। प्रारंभ में बैंक द्वारा प्रमोद गुप्ता से संवाद कर स्थिति स्पष्ट की गई। तत्पश्चात शनिवार 2 अगस्त को पहले पांच लाख रुपये बैंक में वापस जमा किए गए और बची हुई 4.70 लाख की राशि भी 02 अगस्त, शनिवार को करा दी गई। बैंक प्रबंधक ने जानकारी दी कि पूर्ण राशि वापस मिल गई है और अब बैंक तथा संबंधित ग्राहक के बीच मामला पूरी तरह निस्तारित हो चुका है।

# तहसील समाधान दिवस में आई 39 शिकायतों में तीन का मौके पर हुआ निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** एसडीएम की अध्यक्षता में आज तहसील समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें 39 लोगों ने अपनी शिकायत दर्ज कराई इनमें तीन का मौके पर निस्तारण कर दिया गया जिलाधिकारी के ना आने से फरियादियों को मायूसी का भी सामना करना पड़ा है। बताया गया कि आज के तहसील समाधान दिवस में जिला अधिकारी को आना था इसलिए जिले स्तर के लगभग सभी अधिकारी तहसील समाधान दिवस में पहुंचे लेकिन जिला अधिकारी के कावड़ यात्रा की वजह से ना आने के कारण लोगों को मायूस होना पड़ा एसडीएम संतदास पवार ने लोगों की



शिकायतों को सुना इनमें बिजली राजस्व सड़क विकास समाज कल्याण आपूर्ति आदि विभागों की 39 शिकायत दर्ज की गई। तीन का उन्होंने मौके पर निस्तारण करा दिया। बाकी शिकायतों का निस्तारण एक सप्ताह में करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता पूर्वक होना चाहिए और शिकायतकर्ता से फोन पर बात करके वह संतुष्ट है या नहीं इसके बारे में भी जानकारी अधिकारियों को करनी चाहिए। इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकारी सीएमओ तहसीलदार सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## राजस्व विभाग ने शिविर लगाकर कराई कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था



**कांठ।** राजस्व विभाग की ओर से आज तहसील गेट पर कांवड़ियो के लिए शिविर लगाया गया जिसमें आराम और जलपान की व्यवस्था की गई। शिविर का उद्घाटन करने के बाद अधिकारियों ने कांवड़ियो को भोजन परोसा आज हरिद्वार से गंगा जल लेकर अपने गंतव्य तक जाने वालों की काफी भीड़ रही जिनके लिए तहसील प्रशासन की ओर से यह व्यवस्था रखी गई थी तहसील के लेखपाल और उनके मुंशीयों ने दिनभर कांबडिओ की सेवा कर पुण्य कमाया। अधिकारियों ने भी भंडारे में भोजन ग्रहण कर इस पावन अवसर के साक्षी बने। इस दौरान कांवड़ियो की सेवा करने के लिए काफी लोग मौजूद रहे।

# 'नवाचार/प्रोटोटाइप सत्यापन-नवाचार को स्टार्टअप में परिवर्तित करना' शीर्षक पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. ेवेशन काउंसिल (आईआईसी) एवं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों के अभिनव विचारों को सफल स्टार्ट-अप में बदलने के उद्देश्य से ''नवाचार/प्रोटोटाइप सत्यापन- नवाच. ार को स्टार्टअप में परिवर्तित करना'' शीर्षक पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र में मुरादाबाद स्थित कम्पनी 'डर्माग्लो क्लीनिक एंड एकेडमी' की फाउंडर एंड डायरेक्टर मिस शुभी मेंदीरत्ता रिसोर्स पर्सन रहीं। मिस मेंदीरत्ता ने अपने वक्तव्य में प्रतिभागी छात्र-छात्राओं के बाजार की जरूरतों को पहचानने और उन जरूरतों को पूरा करने के लिए अभिनव समाधानों को संरेखित करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने एक मजबूत टीम बनाने के महत्व और स्टार्ट-अप की सफलता में प्रभावी परियोजना प्रबंधन की भूमिका पर भी विस्तार के साथ चर्चा की। मिस मेंदीरत्ता ने अपनी उद्यमशीलता की यात्रा साझा करते हुए स्टार्ट-अप इकोसिस्टम में चुनौतियों और अवसरों के बारे में जानकारी दी। साथ ही उन्होंने नेटवर्किंग, डिजिटल मार्केटिंग का लाभ उठाने और ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण बनाए रखने के महत्व पर प्रकाश डाला। मिस मेंद. ीरत्ता ने विद्यार्थियों द्वारा उत्सुकतावश पूछी गई शंकाओं का संतोषजनक उत्तर देकर उनका समाधान भी किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलस. चिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने की इस पहल की प्रशंसा की। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में



उद्यमशीलता के प्रति भावना विकसित करने में अत्यंत महत्वपूर्ण सिद्ध होते हैं। वहीं स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने आयोजन समिति के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि हम सभी विद्यार्थियों को उद्योग से जुड़े विशेषज्ञों से सीखने के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने यह भी कहा कि इस सत्र के आयोजन से हमारे छात्र-छात्राओं को उद्यमशीलता के बारे में अति महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त हुईं। आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार ने कार्यक्रम के परिणाम पर अपनी संतुष्टि व्यक्त करते हुए कहा कि आईआईसी और स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के बीच सहयोग एक बार फिर फलदायी साबित हुआ है।

उन्होंने बताया कि हमारा लक्ष्य विद्यार्थियों के बीच एक अभिनव मान. सिकता को बढ़ावा देना और उन्हें स्टार्ट-अप की दुनिया में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल से परिपूर्ण करना है। कार्यक्रम का आयोजन कार्यक्रम समन्वयिका व स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की संयोजिका डॉ. आरती गर्ग ने किया। सत्र का संचालन स्टूडेंट डेवलपमेंट सेल की सदस्या डॉ. अर्चना सिंह ने किया। इस दौरान आईक्यूएसी के निदेशक डॉ. राकेश कुमार यादव एवं आईसीसी के संयोजक डॉ. अतानु नाग समेत स्कूल के फैकल्टी मैम्बर्स डॉ. आशीष कुमार सक्सेना, डॉ. हिमांशु गुप्ता, डॉ. मेघा भाटिया, डॉ. स्वाति राय, सुश्री ज्योति सिंह, श्री शोभित कुमार और मोनिका चौहान की उपस्थिति रही। इस सत्र में 150 से अधिक छात्र और छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

**खोया-पाया सूचना**

मेरा हाई स्कूल वर्ष 1980 अनुक्रमांक-351000 का अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गया है।

**लियाकत हुसैन पुत्र शौकत अली निवासी-नगर के मोहल्ला फतेहउल्लागंज ठाकुरद्वारा जिला मुरादाबाद।**

**संबंध विच्छेद सूचना**

हमने अपने पुत्र कुलदीप कुमार व उसकी पत्नी से उनके गलत व्यवहार के कारण अपने संबंध विच्छेद कर अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उक्त कुलदीप कुमार व उसकी पत्नी के किसी भी कार्य की जिम्मेदारी हमारी तथा हमारे परिवार के अन्य सदस्यों की नही होगी। वह अपने कार्यो के स्वयं जिम्मेदार होगें।

**रामओतार सिंह पुत्र छुज्जू सिंह व सुमन देवी पत्नी रामओतार सिंह निवासी ग्राम रामूवाला शेखू तहसील ठाकुरद्वारा मुरादाबाद।**

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पासपोर्ट में मेरा नाम यासमीन परवीन ( YASAMIN PARAVIN ) है जोकि गलत है, मेरे आधार में मेरा नाम-यासमीन परवीन ( **YASMEEN PARVEEN** ) है जोकि सही है। अब मुझे यासमीन परवीन ( YASMEEN PARVEEN ) के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**यासमीन परवीन पत्नी निसार अहमद निवासी-12 होली चौक, मंगलपुरा, सरायतरीन संभल।**

IS 15700 : 2018

**उ0प्र0आवास एवं विकास परिषद,**
**कार्यालय सम्पत्ति प्रबन्धक, (मुरादाबाद/चंदौसी/अमरोहा/बिजनौर)**
**आफिस कॉम्पलैक्स (भूतल), सैक्टर-5 मझौला योजना सं0-4, भाग-2, मुरादाबाद।**
**E-mail : emombd@upavp.com**

**सर्वसाधारण को सूचना**-परिषद की लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद में स्थित मध्यम आय वर्ग भवन संख्या ए-27 प्रदेशन पत्रांक 560 दिनांक 17.10.1980 द्वारा श्री भगवत सरन गुप्ता पुत्र श्री श्याम लाल के पक्ष में आवंटित किया गया। आवंटी ने इस कार्यालय से दिनांक 06.03.1982 को किराया-किस्त क्रय किरायेदारी का अनुबन्ध निष्पादित कराकर दिनांक 28.08.1983 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। आवंटी ने भवन के मूल्य के विरुद्ध पूर्ण भुगतान कर दिनांक 25.05.1991 को पट्टा विलेख / विक्रय विलेख निष्पादित कराकर सब रजिस्ट्रार कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 18.06.1991 को पंजीकृत करा लिया था। श्री भगवत सरन गुप्ता द्वारा अपने पुत्रगण श्री सुशील कुमार गुप्ता, श्री अनिल कुमार गुप्ता, श्री अतुल कुमार गुप्ता के पक्ष में वसीयतनामा उप निबन्धक कार्यालय, मुरादाबाद में दिनांक 26.08.2020 को पंजीकृत करा लिया गया। श्री भगवत सरन गुप्ता की मृत्यु दिनांक 31.01. 2021, माता श्रीमती दयावती की मृत्यु दिनांक 22.10.2023 तथा श्री अतुल कुमार गुप्ता की मृत्यु दिनांक 19.11. 2024 को हो गई। अब श्री सुशील कुमार गुप्ता, श्री अनिल कुमार गुप्ता पुत्रगण स्व० श्री भगवत सरन गुप्ता एवं श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी स्व0 श्री अतुल कुमार गुप्ता ने अपने प्रार्थना पत्र दिनांक शून्य द्वारा अपने पिता श्री भगवत सरन गुप्ता व पति श्री अतुल कुमार गुप्ता की मृत्यु तथा वसीयतनामा के उपरान्त मध्यम आय वर्ग भवन संख्या ए-27, लाजपत नगर योजना, मुरादाबाद को अपने पक्ष में नामान्तरण हेतु अनुरोध किया है। यदि इस नामान्तरण में किसी को कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 30 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति साक्ष्य सहित सम्पत्ति प्रबन्ध कार्यालय, उ०प्र० आवास एवं विकास परिषद, ऑफिस कॉम्प्लेक्स (भूतल), सेक्टर-5, मझोला योजना संख्या-4 भाग-2. मुरादाबाद में प्राप्त करा सकता है। निर्धारित तिथि के पश्चात् कोई क्लेम / आपत्ति मान्य न होगी तथा नियमानुसार नामान्तरण संबंधी कार्यवाही की जायेगी। **आज्ञा से सम्पत्ति प्रबन्धक**

पत्र संख्या-1391/सं0प्र0-मुरादाबाद/ दिनांक: 02.08.2025

# युवती से छेड़छाड़ और मारपीट में पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**ठाकुरद्वारा।** ट्यूशन पढने जा रही एक छात्रा के साथ दबंगों द्वारा छेड़छाड़ और मारपीट की। पीड़िता के विरोध करने पर की मारपीट बचाने आए परिजनों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवनगर पत्थरखेड़ा निवासी एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर देकर कहा कि उसकी पुत्री गांव में ही अंग्रेजी का ट्यूशन पढ़ने जाती है। रास्ते में सतपाल सैनी पुत्र स्व. मितान सिंह का घर पड़ता है, जो युवती के साथ अश्लील हरकतें और छेड़छाड़ करता था। जब छात्रा ने इसकी शिकायत परिजनों से की, तो उसके पिता ने सतपाल को समझाकर ऐसी हरकत न करने को कहा। इसके बाद से ही सतपाल सैनी रंजिश रखने लगा और छात्रा को लगातार परेशान करने लगा। 26 जुलाई की शाम जब छात्रा ट्यूशन जा रही थी और सतपाल के घर के पास पहुँची, तभी सतपाल की बेटी सलौनी, पत्नी गुड़िया, पुष्पा पत्नी ऋषिपाल और सुमन पत्नी जितेंद्र ने उसे पकड़ लिया और गालियाँ देने लगीं। विरोध करने पर छात्रा को नाली में गिराकर लात-घूंसे से पीटा गया और उसके कपड़े तक फाड़ दिए गए।

चीख-पुकार सुनकर छात्रा के पिता और मां मौके पर पहुंचे और किसी तरह उसे छुड़ाया, लेकिन आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया पीड़िता के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर सभी आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए सतपाल सैनी, सलौनी पुत्री सतपाल, गुड़िया पत्नी सतपाल, पुष्पा पत्नी ऋषिपाल और सुमन पत्नी जितेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

## 117 शिकायतें दर्ज, 12 का हुआ मौके पर निस्तारण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** शनिवार को तहसील परिसर में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें जिलाधिकारी डा0 राजेन्द्र पैंसिया व पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई द्वारा जनशिकायतों को सुना गया। समाधान दिवस में सेवानिवृत्त मंडी पर्यवेक्षक नि. बिजनौर ने सेवा. निवृत्ति के बाद देश अवशेषों मकान किराया भत्ता के सम्बन्ध में शिकायत की गई। फरियादी मुल्हैटा निवासी डालचन्द्र पुत्र टीकाराम द्वारा अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज करायी गयी।

हरिओम पुत्र भूरे निवासी ग्राम नंदपुर थाना जुनावई द्वारा मारपीट की शिकायत दर्ज करायी गयी। सभासद कमलेश यादव द्वारा वार्ड 15 में सड़क बना ली, निर्माण सम्बन्ध में शिकायत की गयी। मो. लोधियान निवासी सीतारानी पत्नी प्रेमसिंह ने आवारा गौवंशीय द्वारा घायल करने की शिकायत की गई।



सुनील पुत्र पूरनसिंह द्वारा लुटेरी दुल्हन के संबंध में शिकायत की गयी। वहीं गुमथल के एक मामले को शिकायत दर्ज कराई गई परंतु सच्चाई कुछ और निकली।

दोपहर 02 बजे तक संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का अंबार लगा रहा और कुल 117 शिकायत दर्ज हुईं जिनमें से 12 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी डा. राजेन्द्र पैंसिया, पुलिस अधीक्षक के.के. बिश्नोई, सीओ अनुज चौधरी, एसडीएम आशुतोष तिवारी, सीएमओ, तहस. ीलदार रवि सोनकर, इंस्पेक्टर चन्दौसी मोहित चौधरी, थानाध्यक्ष बनियाठेर मेघसिंह, इंस्पेक्टर बहजोई, थानाध्यक्ष कुढ़फतेहगढ़, बीईओ विनोद कुमार, ईओ चन्दौसी धर्मराज, ईओ नरौली आदि मौजूद रहे।

## संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे 24 फरियादी, एक शिकायत का हुआ निस्तारण

**ठाकुरद्वारा।** सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार में एसडीएम की अध्यक्षता में किया गया । जिसमें 24 फरियादियों ने पहुच कर अपनी शिकायते दर्ज कराई। मौके मात्र एक शिकायत का निस्तारण किया गया हैं। नगर के तहसील सभागार में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम प्रीति सिंह की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें 24 फरियादियों ने अपने पहुंचकर अपनी शिकायते दर्ज कराई। हालांकि, मौके पर अधिकारियों द्वारा केवल एक शिकायत का ही निस्तारण किया जा सका, जबकि शेष मामलों को संबंधित विभागों को जांच के लिए सौंप दिया गया है। अधिकारियों ने शिकायतों के शीघ्र निस्तारण का आश्वासन भी दिया।

इस दौरान डिप्टी एसपी रुद्र कुमार, खण्ड विकास अधिकारी उमाकांत मुदगल, चिकित्सक प्रभारी डा, राजपाल सिंह, वन दरोगा पीयूष जोशी, पीडब्लूडी जेई दौलत सिंह सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# सोशल डायनेमिक क्लब की ओर से हरियाली तीज का आयोजन



**कुंदरकी।** शनिवार को किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता निशा आर्या ने की। डॉ स्वदेश सिंह उपाध्यक्ष व अलका राज सचिव ने गणेश वंदना व गीत मल्हार गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में निर्णायक की भूमिका मंजू सिंह व अनीता सिंह ने निभाई ।कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें सब ने बढ़- चढ़कर हिस्सा लिया तथा अन्य सभी ने आनंद की अनुभूति की। तीज उत्सव में तरह-तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सदस्यों द्वारा कैटवॉक करके कार्यक्रम को आकर्षक बनाया ।सावन के गीतों पर पुष्पा , निशा आर्य,कमलेश ने नृत्य करके सबका मन मोह लिया ।साथ ही हाउजी , सरप्राइज क्वेश्चन तथा अंताक्षरी आदि का लुत्फ लिया। पुष्पा ने सावन गीत के सुनाकर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में सभी ने सावन के गीत गाकर झूला का आनंद लिया।कार्यक्रम में सभी सदस्यों अनिता गौतम, बृजबाला तोमर, पिंकी सागर, सोनी ,अनीता सिंह , मोनिका रघुवंशी,वीना सिंह ने हाथों पर मेहंदी रचाकर हरियाली तीज का जश्न मनाया तथा रंगारंग कार्यक्रम का लुफ्त उठाया।

# प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 20वीं किशत का सजीव प्रसारण देखा

**ठाकुरद्वारा।** ग्राम मलपुरा लक्ष्मीपुर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर आज पीएम किसान उत्सव के अंतर्गत प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त का सजीव प्रसारण दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह किश्त वाराणसी से जारी की, जिसके तहत 9.70 करोड़ पात्र किसानों के बैंक खातों में सहायता राशि सीधे अंतरित की गई। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान एकत्रित हुए और प्रसारण को लाइव देखा। इस अवसर पर न सिर्फ किसानों को आर्थिक सहायता प्राप्त होने की खुशी थी, बल्कि खेती-किसानी से जुड़ी अनेक समस्याओं पर वैज्ञानिकों द्वारा जागरूक किया गया। केंद्र प्रभारी डॉ. रविंद्र कुमार ने किसानों का स्वागत करते हुए मृदा स्वास्थ्य एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड के महत्व पर विस्तार से जानकारी दी। पौध सुरक्षा वैज्ञानिक दीपक कुमार ने खरीफ की फसलों में लगने वाली कीट एवं



व्याधियों की रोकथाम पर किसानों को प्रशिक्षित किया। डॉ. राजेश कुमार ने पशुओं को खुरपका-मुंहपका एवं पीपीआर जैसी बीमारियों से बचाने हेतु समय पर टीकाकरण व जैव-सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। सस्य वैज्ञानिक अविनाश चौहान ने कम पानी में अधिक उपज हेतु आधुनिक सिंचाई तकनीकों की चर्चा की। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ प्राविधिक सहायक नौबहार सिंह, एस.एम.एस. रामगोपाल, नाजिम सुल्तान, मुनेश कुमार, एटीएम दिनेश व भूपेंद्र ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में लगभग 152 किसानों ने सक्रिय सहभागिता की, जिनमें प्रमुख नाम बलजिंदर सिंह, हरदीप सिंह, गुरप्रीत, ब्रह्मपाल, अशोक, आबिद हुसैन, बलबीर, राम कुमार, लांगरी राम, परमजीत कौर, हरिओम पुष्पराज यादव, रणवीर सिंह, संदीप कुमार एवं दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# युवक का घर से अपहरण कर मारपीट करने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** नगर के मोहल्ला धोबीयान में युवक को जबरन घर से उठाकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। मामले में सात लोगों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है, जिनमें से पांच अब भी फरार हैं। नगर के मोहल्ला धोबीयान निवासी अरमान पुत्र मेहंदी ने तहरीर देकर बताया था कि उसके भाई फरमान ने कुछ समय पूर्व फिरोज पुत्र शरीफ निवासी वार्ड-9 से टाइल्स खरीदी थीं, जिसकी पूरी कीमत दी जा चुकी थी। बावजूद इसके फिरोज अपने भाइयों के साथ मिलकर उन्हें अनावश्यक रूप से परेशान करता था। पीड़ित के अनुसार, 31 जुलाई की रात करीब 11.30 बजे फिरोज और उसके साथी घर में घुस आए और उसे तथा उसके भाई को जबरन




उठाकर ले गए। मोहल्ले से कुछ दूर एक सुनसान स्थान पर ले जाकर लाठी-डंडों और तमंचे की बट से जमकर मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। इस मामले में फिरोज के साथ जिशान सैफी, , अनीस, उस्मान, जाकिर सिद्दीकी, फैजान खान जीशान और नामजद किया गया है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने सातों आरोपियों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जिसमें कोतवाली पुलिस ने दो लोगो को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया है।

## बेदखली सूचना

मैं अपने पुत्र संतराम एवं उसकी कराब शुदा पत्नी सर्वेश तथा उसके साथ आए दिशु व अनुज को गलत व्यवहार एवं गलत कृत्यों के कारण उन्हें अपनी चल अचल संपत्तियों से बेदखल करता हूं। वह अपने किए धरे के खुद जिम्मेदार होंगे। **राजाराम पुत्र चेतराम निवासी मोहल्ला घोसीपुरा, कांठ, जिला मुरादाबाद।**

# जिला प्रमुख को जान से मारने की धमकियों के विरोध में शिवसेना कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन

**ठाकुरद्वारा।** शिवसेना (उद्धव बाल साहेब ठाकरे गुट) के कार्यकर्ताओं ने पार्टी के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा को पाकिस्तान के मोबाइल नंबरों से मिल रही जान से मारने की धमकियों के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने संपूर्ण समाधान दिवस के मौके पर तहसील परिसर में प्रदर्शन करते हुए प्रशासन से अरोडा और उनके परिवार को शीघ्र सुरक्षा मुहैया कराने की मांग की। प्रदर्शन का नेतृत्व शिवसेना तहसील प्रमुख सोमपाल सिंह कश्यप ने किया। सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया कि वीरेंद्र अरोडा को पिछले कई दिनों से पाकिस्तान के अलग-अलग नंबरों से कॉल और मैसेज के माध्यम से लगातार धमकियां दी जा रही हैं। बताया गया कि वीरेंद्र अरोडा पिछले करीब 25 वर्षों से हरि हर मंदिर मुक्ति आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। बावजूद इसके उन्हें अब तक किसी प्रकार की सुरक्षा नहीं दी गई है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि इस संबंध में कई बार प्रशासन को सूचित किया गया, मगर अब तक किसी स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। प्रदर्शनकारियों ने चेता. वनी दी कि यदि शीघ्र ही जिला प्रमुख को सुरक्षा नहीं प्रदान की गई तो शिवसेना कार्यकर्ता प्रदेश स्तर पर व्यापक आंदोलन करने को मजबूर होंगे। प्रदर्शन के दौरान शिवसेना के कार्यकर्ता अंकित शर्मा, मुन्ना लाल, सोनू कुमार, कपिल कुमार, संजय सिंह, सुदेश सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# शिव मढ़ी मंदिर भूमि की पैमाइश शनिवार को भी पूर्ण नहीं हो पाई, लौटी राजस्व टीम

**ठाकुरद्वारा।** मुख्यमंत्री एवं कमिश्नर से भी शिकायत के बाद भी मढ़ी मंदिर की भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण विवाद निस्तारित नहीं हो पा रहा है।

नगर पटवारी हिमांशु कुमार से जब पूछा गया की गाटा संख्या 595 मढ़ी मंदिर के नाम दर्ज भूमिका रखवा पूरा है ,अथवा कम एवं 595 ग बंजर झाड़ी जिस पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण का प्रस्ताव किया गया है, वह रखवा मौके पर मौजूद है ,अथवा राजस्व नक्शे से विपरीत मौके पर चल रहे रास्ते में मर्ज हो चुका है ,तब इन टीम कोई भी जवाब नहीं दिया । उन्होंने कहा कि आप इस संबंध में अधिकारियों से वार्ता करें।उल्लेखनीय है कि ठाकुरद्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित प्रसिद्ध एवं प्राचीन मढ़ी मंदिर भूमि पर आयुर्वेदिक चिकित्सालय के निर्माण पर कमिश्नर के आदेश पर रोक के बाद भूमि की पैमाइश 19 जुलाई को भूमि में पानी भरा होने के कारण पूर्ण नहीं हो पाई। लेखपालों की टीम ने मौके पर चल रहे चक मार्ग की नपाई की थी। । यह चक मार्ग राजस्व रिकॉर्ड में नहीं है। मंदिर की भूमि में पानी भरा होने के कारण भूमि की पैमाईश आज एक बार फिर टल गई, मौके पर पहुंची राजस्व टीम खानापूर्ति करते हुए बेरंग लौट आई। मन्दिर की गाटा संख्या 595 व बंजर भूमि गाटा संख्या 595 ग की पैमाईश एक बार फिर टल गई। राजस्व टीम का कहना है कि उक्त भूमि मे जलभराव है ऐसी स्थिति मे पैमाईश किया जाना संभव नही है।

## लाइट का तार लगाने को लेकर मारपीट में दो घायल, चार पर केस

**भोजपुर।** थाना क्षेत्र के गांव त्रिलोकपुर में लाईट का तार लगाने से मना करने पर दबंगों ने दो भाईयों को लाठी डंडों से पीटकर घायल कर दिया। घायल सुनील की तहरीर पर पुलिस ने चंद्रपाल सिंह, रामसिंह, प्रति एवं विजेंदर के खिलाफ मारपीट करने एवं बीच बचाव करने आये भाई दीपक के साथ भी मारपीट करने के आरोप में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है।

## पति ही निकला पत्नी का कातिल पुलिस को कर रहा था गुमराह

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद थाना मझोला क्षेत्र से फिर एक बार इंसानियत को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। आपको बता दें कि, मझोला थाना क्षेत्र के मलकददा गांव में एक पति ने अपनी ही पत्नी को गला दबाकर मौत के घाट उतार डाला। पति ने घरेलू विवाद के चलते अपनीं दूसरी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। मृतक महिला का नाम सहीमा है हांलांकि आरोपी युवक ने पुलिस को गुमराह करने के लिए तमाम तरह की झूठी कहानियां सुनाईं। लेकिन पुलिस जांच में उसकी साजिश का पर्दाफाश हो गया। यह घटना बीती देर रात करीब 1:00 की है। आरोपी नूरुद्दीन ने पुलिस को बताया कि चार अज्ञात बदमाश उसके घर में घुसे और उसकी पत्नी का गला दबाकर हत्या कर फरार हो गए।

उसने शोर मचा कर पड़ोसियों को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। आरोपी नूरुद्दीन ने बताया कि, पहली पत्नी से चार बेटे और चार बेटियां हैं जिसको लेकर सहीमा अविवाहित बेटी को लेकर तरह-तरह की बातें करती थी जिससे उसकी बदनामी हो रही थी ड्रोनों व बदमाशों का बहाना बनाकर हत्या को अंजाम दे दिया। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सहीमा के मायके वाले मौके पर पहुंचे और पति पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

रा-वी-20-केट स्टाल-मुरा०-म0-2025 सी — दिनांकः 01.08.2025

भारत के राष्ट्रपति कीओरसो वरिष्ट मंडल वाणिज्य प्रबंधक उत्तर रेलवे मुरादाबाद द्वारा मण्डल के द्वारा मण्डल के शाहजहांपुर, रूड़की, मुरादाबाद, देहरादून, हरिद्वार, हरदोई, ऋषिकेश तथा रायवाला के ए1, ए. एव बी श्रेणी के स्टेशनों पर जनरल माइनर यूनिट (जी एम यू) के द्वारा खान-पान सेवा प्रावधान के अन्तर्गत खुली डबल पैकेट टेंडर प्रणाली के अन्तर्गत ठेका आवंटित करने हेतु निविदा E-Tendering (www.ireps.gov.in) के माध्यम से आमंत्रित की जाती है।

| Name and Category of station | Platform No | Location | Reserve Price per stall per Annum (Rs.) | Earnest Money per stall (Rs.) | Cost of Bid document (in Rs.) Including GST @ 18%(In Rs.) | Prim Location |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Shahjahanpur "A" | PF No. 4/5 | Location-A Near OHE Pole No. 2003 LKO end. | 232232. | 120800 | 2950 | |
| Roorkee "A" | PF No. 1 | Location-A Near OHE pole No. 1022 LRJ end, (Women) | 787111 | 409300 | 2950 | |
| | PF No. 2/3 | Location-B Near OHE pole No. 1556/40 SRE end, | 286425 | 149000 | 2950 | |
| | | Location-C Near OHE pole No. 1039 | 853111 | 443700 | 2950 | Prime |
| Moradabad "A" | PF No. 1 | Location-C Near SS store, | 2409000 | 1252700 | 5900 | Prime |
| | | Location-F Near Water Both no. 4 Towards BE End | 1320000 | 686400 | 5900 | Prime |
| | PF No. 2/3 | Location-B Near OHE pole No. 1399/3 | 1223200 | 636100 | 2950 | |
| | PF No. 6/7 | Location-B Near OHE pole No. 1398/16A, | 280450 | 145900 | 2950 | |
| | | Location-C Near OHE pole No. 1398/12, (Women) | 388851 | 202300 | 2950 | Prime |
| | | Location-D Near Water Both No. 39 | 452100 | 235100 | 2950 | Prime |
| DDN "A-1" | PF No. 3 | Location-B Towards HW end between OHE Pole No. 3002/WB No 3 & 4 (Women) | 221910 | 115400 | 2950 | |
| | PF No. 4/5 | Location-B Near column No. 2 HW End. | 231000 | 120200 | 2950 | |
| HW "A-1" | PF No. 2/3 | Location-D Near Granite seating Bench no. 10 | 733455 | 381400 | 2950 | Prime |
| | | Location-E 3 Mtr. From Water booth No. 2 | 831111 | 432200 | 2950 | Prime |
| | PF No. 4/5 | Location-C 1 Mtr. From Water booth No. 03 | 721111 | 375000 | 2950 | Prime |
| | | Location-E 5 Mtr. From Water booth No. 02, (Women) | 471855 | 245400 | 2950 | Prime |
| | PF No. 8/9 | Location-D 2 Mtr. granite bench No. 10, (Women) | 118690 | 61800 | 2950 | Prime |
| HRI "A" | PF No. 1 | Location-B Near Shed, SPN End | 292220 | 152000 | 2950 | |
| | PF No. 1 | Location-C Near SS office, Old building, | 182080 | 94700 | 2950 | Prime |
| | PF No. 2/3 | Location-B Near WB SPN end. | 247226 | 128600 | 2950 | |
| | PF No. 4/5 | Location-C Near FOB, (Women) | 261790 | 136200 | 2950 | Prime |
| RKSH "B" | PF No. 1 | Location-C Between Water booth no. 3 &4 | 94380 | 49100 | 2950 | Prime |
| RWL "B" | PF No. 1 | Location-A After station building DDN end. (Women) | 91520 | 47600 | 2950 | |
| | | Location-B Near pole No. 38/7 LRJ end, (Women) | 91520 | 47600 | 2950 | |
| | | Location-C Between Station building & Water booth towards LRJ. | 94380 | 49100 | 2950 | Prime |
| | PF No. 2/3 | Location-C Between Pole no. 38/9A and Water booth, (Women) | 92950 | 48400 | 2950 | Prime |
| Date & Time submission of Bid & Website | निविदा दिनांक 25.08.25 को 15:00 बजे तक www.ireps.gov.in पर डाली आएगी जो उसी दिन खोली जाएगी | | | | | |

नोटः- उपरोक्त स्थान में किसी भी विसंगति के मामले में, साइट प्लान में उल्लिखित स्थान अंतिम होगा।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ — 2358/25



## कार्यालय ग्राम पंचायत धारक नगला वि0ख0डिलारी

पत्रांक 01/ग्रामनिधि/ निविदा, विज्ञापन,/ 2025-26 — दिनांक 02/08/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

विकास खण्ड डिलारी की ग्राम पंचायत धारक नगला में ग्राम निधि द्वारा पंचायत भवन का सोदर्येकरण का निर्माण कराया जाना है। उक्त कार्य हेतु सामग्री की आपूर्ति हेतू सीलबन्द निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08/08/2015 की शाम 05 बजे तक आमंत्रित की जाती है। कार्य से संबंधित बिल आफ क्वान्टिटी निविदा पत्र के साथ कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा की शर्त एवं प्राकलन आदि किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय में देखी जा सकती है नियमानुसार धरोहर राशि एनएएस०सी०/ बैंक ड्राफ्ट/ एफडीआर के रूप में जमा करनी होगी, जो ग्रान् पंचायत के नाम होगी। अवकाश की दशा में उक्त निविधी अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र० स० | कार्य का नाम | सामग्री का विवरण | सामग्री की अनुमानित लागत | जमानत की 2 प्रतिशत राशि धन | निविदा प्रपत्र मूल्य | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत भवन का सोदर्येकरण कार्य | सीमेंट, बजरी, ईंट, बजरफुट आदि | 196475 | 3929.50 | 100 | 15 दिन |

मुख्य शर्तेः-

1. उपरोक्त कार्य के लिये पंजीकृत फर्म जी०एस०टी० नंबर सहित निविदा प्रपत्र देव होगा।
2. कार्यों का अनुबंध सक्षम स्तर से अनुमोदन स्वीकृति प्राप्त होने के उपरान्त किया जायेगा।
3. इस निविदा को बिना कारण बताये पूर्ण या आशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षर के पास होगा सशर्त निविदायें किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

प्रधान, ग्राम पंचायत धारक नगला, विकासखंड डिलारी , मुरादाबाद — सचिव, ग्राम पंचायत धारक नगला, विकासखंड डिलारी , मुरादाबाद



## कार्यालय ग्राम पंचायत भदगवां

### विकास खण्ड-भगतपुर टाण्डा ( मुरादाबाद )।

पत्रांकः मीमो /ग्राम निधि/ग्राम पंचायत/निविदा/2025-26 — दिनांकः 02.08.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत भदगवां विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक दिनांक 02.10.2024 में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त योजनार्न्तगत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांकः 11.08.2025 को 12.30 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ/एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी-अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते है। निविदाएं स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अद्योहस्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 11.08.2025 की अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य तथा स्थल का नाम | सामग्री का विवरण | कार्य की ल० मी० में | अनुमानित लागत लागत ( रू. लाख में ) | निविदा मूल्य | जमानत धनराशि | कार्य पूर्ण कराने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आर.आर.सी. सेन्टर से खमानी के घर तक नाली/इण्टरलॉकिंग का कार्य। | ईंट, सीमेंट, टाईल्स आदि। | 83.50 मी0 | 422877 | 500 | 2% | 8 माह |
| 2 | चन्द्रपाल के घर से फकीरा के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 150 मी0 | 486212 | 500 | 2% | 8 माह |
| 3 | शनिवार की बाजार से मदन के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 150 मी0 | 539631 | 500 | 2% | 8 माह |
| 4 | जाहिद की चक्की से खलील तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 100 मी0 | 351731 | 500 | 2% | 8 माह |
| 5 | मैन रोड से इस्माईल के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 175 मी0 | 590704 | 500 | 2% | 8 माह |
| 6 | कृपाल सिंह के घर से भगतजी के घर तक नाली/टाईल्स निर्माण कार्य। | " | 75 मी0 | 297741 | 500 | 2% | 8 माह |

**प्रतिबंध/शर्तेंः**-1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी.एस.टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा। 2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आंशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

**सचिव/ग्राम प्रधान ग्राम पंचायत भदगवां विकास खण्ड भगतपुर टाण्डा, मुरादाबाद**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### डायलो को हराकर फ्रिट्ज नेशनल बैंक ओपन के चौथे दौर में पहुंचे

**टोरंटो, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज ने कनाडा के गेब्रियल डायलो को हराकर नेशनल बैंक ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। वहीं महिला एकल वर्ग के मुकाबले में जेसिका पेगुला को हार का सामना करना पड़ा। शुक्रवार की रात खेले गये तीसरे दौर के मुकाबले में फ्रिट्ज ने 6 फुट 8 इंच लंबे गेब्रियल डायलो को 6-4, 6-2 से हराया। फ्रिट्ज का चौथे दौर में चेक गणराज्य के 19वें वरीय जिरी लेहेका से मुकाबला होगा। लेहेका ने 15वें वरीय फ्रांस के आर्थर फिल्स को 3-6, 6-3, 6-4 से हराया। मैच के बाद फ्रिट्ज ने कहा कि मेरा मानना है कि टूर्नामेंट में कनाडाई खिलाड़ी के साथ खेलने के दौरान दर्शकों ने बहुत अच्छा व्यवहार किया। मुझे लगा था कि दर्शक अधिक आक्रामक होंगे। लेकिन सभी बहुत अच्छे थे। मैंने इससे भी बदतर हालात का सामना किया है।

### भारत-पाक मैच के लिए सहमति के खिलाफ शिवसेना ने किया प्रदर्शन

**जम्मू, वार्ता।** शिवसेना की जम्मू-कश्मीर इकाई ने बीसीसीआई द्वारा आगामी एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ खेलने के लिए सहमति जताए जाने का आज विरोध किया। उन्होंने कहा कि पिछले चार दशकों से आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जन भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा। वरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए शिवसेना के अध्यक्ष ने कहा कि पिछले चार दशकों से जम्मू-कश्मीर में हमलों सहित आतंकवाद का गंदा खेल खेल रहे पाक के साथ खेल संबंध बहाल करना देश की जनभावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला कदम होगा।

# पांचवां टेस्ट: सिराज का घातक प्रदर्शन

**● भारत के स्टार तेज गेंदबाज का जलवा जारी, पहली पारी में 4 विकेट लेकर स्टोक्स को पछाड़ा**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला के दौरान भारत के स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का जलवा जारी है। जसप्रीत बुमराह की गैरमौजूदगी में उन्होंने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन किया और पहली पारी में चार विकेट झटके। बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बल्लेबाजों के लिए और घातक साबित होते हैं। ऐसा हम नहीं कह रहे, बल्कि उनके आंकड़े बता रहे हैं। इतना ही नहीं उन्होंने चार विकेट लेकर बेन स्टोक्स को भी पीछे छोड़ दिया है। शुक्रवार के दिन ओवल टेस्ट में 15 विकेट गिरे। यह इस सीरीज के एक दिन के खेल में सर्वाधिक है। इससे पहले लाड्र्स टेस्ट के चौथे दिन 14 विकेट गिरे थे। दरअसल, इस सीरीज में दो टेस्ट ऐसे आए, जिनमें बुमराह नहीं खेले। इससे पहले एजबेस्टन में दूसरे टेस्ट में बुमराह नहीं खेले थे। उस मैच को भारत ने 335 रन से जीता था और इतिहास रचा था। उस मुकाबले में भी सिराज ने गेंदबाजी आक्रमण का नेतृत्व किया था और घातक गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और दूसरी पारी में एक विकेट लिया था। अब उन्होंने कुछ ऐसा ही ओवल में आखिरी टेस्ट में किया है। ओवल टेस्ट की पहली पारी में सिराज ने कप्तान ओली पोप, जो रूट, हैरी ब्रुक और जैकब बेथेल के महत्वपूर्ण विकेट झटके। उनके अलावा प्रसिद्ध कृष्णा ने भी चार विकेट लिए, जबकि आकाश दीप को एक विकेट मिला। सिराज ने फ्रंट से लीड किया और इंग्लैंड के मुख्य बल्लेबाजों को पवेलियन का रास्ता दिखाया। सिराज ने अब तक 41 टेस्ट की 75 पारियों में 31.49 की औसत से 118 विकेट चटकाए हैं। इस दौरान उन्होंने चार बार पारी में पांच विकेट लिए, जबकि 15 रन देकर छह विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन रहा है। इन 75 पारियों में से 28 पारियों में सिराज के साथ बुमराह नहीं थे। यानी बुमराह उन पारियों में सिराज के साथी गेंदबाज नहीं थे। वैसी 28 पारियों में सिराज ने 25.6 की बेहतरीन गेंदबाजी औसत से 44 विकेट चटकाए। वहीं, बुमराह के साथ उन्होंने टेस्ट की 47 पारियों में गेंदबाजी की है और 35 की गेंदबाजी औसत से 74 विकेट चटकाए। यानी बुमराह की गैरमौजूदगी में सिराज बेहद घातक साबित हुए हैं। चार विकेट लेने के साथ ही सिराज के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 200 विकेट भी पूरे हो गए। उन्होंने टेस्ट में 118 विकेट लेने के अलावा वनडे में 71 और टी20 में 14 विकेट लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले भारत के 15वें तेज गेंदबाज बने। इतना ही नहीं, सिराज ने मौजूदा एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में 18 विकेट ले लिए हैं और बेन स्टोक्स को पीछे छोड़ इस सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए। उन्होंने 35.7 की औसत से ये विकेट लिए हैं। इस सीरीज में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 70 रन देकर छह विकेट रहा है।

# मुकाबला देखने ओवल पहुंचे हिटमैन

**स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हुए**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबला लंदन के ओवल मैदान में खेला जा रहा है। तीसरे दिन भारतीय टीम की दूसरी पारी जारी है।

हालांकि, इस मैच को देखने के लिए एक ऐसा शख्स पहुंचा, जिसने सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। भारतीय टेस्ट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा इस मैच को देखने के लिए ओवल पहुंचे। वह स्टेडियम में एंट्री के दौरान गेट पर कैमरे में कैद हो गए। पिछले इंग्लैंड दौरे पर बतौर खिलाड़ी स्टेडियम में एंट्री लेने वाले हिटमैन को ओवल में लाइन में लगकर और टिकट दिखाने के साथ-साथ पहचान पत्र दिखाकर एंट्री लेनी पड़ी। रोहित इन दिनों पत्नी रितिका और परिवार के साथ यूरोप टूर पर हैं। वह इंस्टाग्राम पर तस्वीरें साझा करते रहते हैं।

इसी कड़ी में उन्होंने भारत और इंग्लैंड के बीच ओवल टेस्ट देखने का फैसला किया। दो महीने पहले तक वह इस भारतीय टेस्ट टीम के कप्तान हुआ करते थे। हालांकि, मई में टेस्ट से संन्यास के बाद शुभमन गिल को टेस्ट कप्तान नियुक्त किया गया। रोहित ने इंस्टाग्राम पोस्ट में सबसे लंबे प्रारूप से संन्यास का ऐलान किया था।

# भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का जीता खिताब



**● भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में महिला टीम का खिताब जीता**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने आज कहा कि भारत ने विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीत लिया है।

डब्ल्यूएफआई ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर यह घोषणा करते हुए लिखा कि भारत ने 151 अंकों के साथ विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में अंडर-17 महिला टीम का खिताब जीता। अमेरिका (दूसरे) और जापान (तीसरे) स्थान पर रहा। भारतीय युवा पहलवानों के लिए गर्व का क्षण। डब्ल्यूएफआई के अनुसार भारतीय महिला कुश्ती टीम ने दो स्वर्ण, तीन रजत और एक कांस्य सहित कुल छह पदक जीते। यह उपलब्धि विश्व मंच पर भारत की अंडर-17 महिला कुश्ती टीम की लगातार दो ऐतिहासिक जीत का प्रतीक है। कुल 151 अंकों के साथ, भारत ने कुश्ती की दिग्गज टीम अमेरिका को पछाड़ा। अमेरिका 142 अंक के साथ दूसरे और जापान ने 113 अंकों के साथ तीसरा स्थान पर रहा।

# भारत को अब तक नहीं मिला पुजारा का रिप्लेसमेंट

**● करुण नायर के बाद सुदर्शन भी नंबर-तीन पर फेल, बनाए 140 रन**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पांचवां और आखिरी मुकाबले में टीम इंडिया के कप्तान शुभमन गिल ने इस मुकाबले के लिए प्लेइंग-11 में चार बदलाव किए। जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, अंशुल कंबोज और ऋषभ पंत यह मैच नहीं खेले। उनकी जगह प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, करुण नायर और ध्रुव जुरेल को प्लेइंग-11 में शामिल किया गया। चेतेश्वर पुजारा को टीम से बाहर करने के बाद अब तक भारत को नंबर तीन पर कोई स्थाई खिलाड़ी नहीं मिल पाया है। इस दौरान टीम इंडिया ने कई खिलाड़ियों को आजमाया है, लेकिन बस नाकामी हाथ लगी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर आजमाया गया, फिर करुण नायर को भी आजमाया गया, लेकिन दोनों तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए कुछ खास नहीं कर सके हैं। ऐसे में, नंबर तीन पर एक मजबूत बल्लेबाज की खोज जारी है। सुदर्शन को पहले टेस्ट में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का का मौका मिला। हालांकि, उस टेस्ट में हार के बाद उन्हें अगले टेस्ट से बाहर कर दिया गया। हेडिंग्ले में सुदर्शन पहली पारी में खाता नहीं खोल सके थे, जबकि दूसरी पारी में 30 रन बनाए थे। इसके बाद करुण को तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी का मौका मिला। करुण ने एजबेस्टन में 31 और 26 रन की पारी और लाड्र्स में 40 और 14 रन की पारी खेली। इसके बाद मैनचेस्टर टेस्ट के लिए करुण को भी ड्राप किया गया और वापस से सुदर्शन पर भरोसा जताया गया। सुदर्शन पहली पारी में जरूर 61 रन बनाए, लेकिन फिर उनके बल्ले से रन ही नहीं निकले। मैनचेस्टर टेस्ट की दूसरी पारी में वह खाता भी नहीं खोल सके। फिर ओवल में पहली पारी में सुदर्शन 38 रन और दूसरी पारी में 11 रन बना सके। इस तरह नंबर तीन पर सुदर्शन की पहली अंतर्राष्ट्रीय सीरीज का अंत तीन टेस्ट की छह पारियों में 140 रन के साथ हुआ। इस दौरान उनका औसत 23.3 का रहा। वहीं, करुण ने नंबर तीन पर चार पारियों में 111 रन के साथ किया। जब विराट कोहली टेस्ट टीम का हिस्सा थे तो गिल को नंबर तीन स्थान दिया गया था। कोहली के संन्यास लेने पर नंबर चार पर कोहली के स्थान पर गिल को शिफ्ट किया गया और उन्होंने इतिहास रच दिया। वहीं, रहाणे के नंबर पांच पर पंत पिछले कुछ समय से काफी सफल रहे हैं। हालांकि, गिल के नंबर तीन से हटने के बाद से कोई स्थाई नंबर तीन नहीं मिल पाया है। पिछले 10 टेस्ट यानी ऑस्ट्रेलिया दौरे से बात करें तो भारत ने पांच खिलाड़ियों को अब तक नंबर तीन पर आजमाया है। इनमें गिल के अलावा देवदत्त पडिक्कल, केएल राहुल, साई सुदर्शन और करुण शामिल हैं। पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट में खिलाने के बाद अगले टेस्ट में ड्राप कर दिया गया। वहीं, गिल ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दूसरे और तीसरे टेस्ट में नंबर तीन पर खेले, लेकिन चौथे टेस्ट में उन्हें बाहर कर दिया गया।

# रूट के साथ जुबानी जंग पर प्रसिद्ध: यह योजना का हिस्सा था

**लंदन, वार्ता।** तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा को इस बात का अंदाजा नहीं था कि उनके शब्द जो रूट की लय बिगाड़ देंगे और रूट को पवेलियन की राह दिखाने की यह एक बड़ी वजह बनेंगे जिसके चलते भारत ओवल टेस्ट में ड्राइविंग सीट पर पहुंच जाएगा।

रूट जब बल्लेबाजी के लिए आए थे तब इंग्लैंड 129 के स्कोर पर दो विकेट के नुकसान के साथ अच्छी स्थिति में था। दोपहर में धूप से भरे मौसम के बाद बादल छाने लगे और प्रसिद्ध ने आकाश दीप और मोहम्मद सिराज के साथ मिलकर इंग्लैंड की पारी की रफ्तार को धीमा करना शुरू किया। रूट ने पहली गेंद का जब सामना किया तब प्रसिद्ध की गुड लेंथ पर पड़ी गेंद उछाल के साथ उनके दस्ताने पर जा लगी। दो गेंद बाद, एक वोबल सीम गेंद पर वह प्रसिद्ध के खिलाफ डिफेंस पर बीट हुए और संभवत: तभी प्रसिद्ध ने रूट से यह शब्द कहे थे। इसकी ठीक अगली गेंद पर रूट ने स्क्वायर ड्राइव पर चौका जड़ते हुए प्रसिद्ध को भी कुछ शब्द कहे और अंपायर कुमार धर्मसेना को बीच-बचाव करना पड़ा और उन्होंने प्रसिद्ध से बात की। धर्मसेना जब प्रसिद्ध से बात कर रहे थे तब के एल राहुल और शुभमन गिल भी वहां पहुंच गए और यह चर्चा दो मिनट से अधिक देर तक चली। अगले कुछ ओवरों तक धर्मसेना ने प्रसिद्ध पर नजरें जमाई रखीं और इस दौरान अन्य भारतीय खिलाड़ी रूट के साथ उलझते रहे। प्रसिद्ध ने माना कि रूट के इस तरह घबरा जाने से वह हैरान थे। उन्होंने बीबीसी के टेस्ट मैच स्पेशल को कहा मुझे नहीं पता कि रूटी ने ऐसा क्यों किया। मैंने बस इतना कहा कि आप बहुत अच्छे फॉर्म में दिख रहे हो' और फिर बात गाली-गलौज वगैरह में बदल गई। प्रसिद्ध ने स्वीकार किया कि रूट को बहस में उलझाकर उनका ध्यान भटकाने की योजना ओवल टेस्ट से पहले मेहमान टीम ने बनाई थी। उन्होंने मीडिया ब्रीलफग में कहा कि यही योजना थी, लेकिन मुझे उम्मीद नहीं थी कि मेरे कुछ शब्दों पर उनकी इतनी तीखी प्रतिक्रिया होगी। प्रसिद्ध ने कहा कि उन्हें 'आक्रामक' होने में मज़ा आता है और यह सिर्फ 'प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त' लेने के चलते रूट और उनके बीच 'मज़ाक' हुआ। जब मैं गेंदबाजी कर रहा होता हूं, जब मैं अपने खेल का आनंद ले रहा होता हूं, तो मैं ऐसा ही होता हूं। अगर इसका मतलब है कि मैं बल्लेबाज से थोड़ी-बहुत बात. चीत कर पाता हूं और जब मैं बल्लेबाज को परेशान कर पाता हूं और उनसे प्रतिक्रिया प्राप्त कर पाता हूं, तो इससे मुझे मदद मिलती है। लेकिन मुझे वह एक इंसान के रूप में पसंद हैं। वह खेल के दिग्गज हैं और मुझे लगता है कि यह बहुत अच्छा होता है जब दो लोग किसी खास पल में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने और विजेता बनने की चाहत रखते हैं। इंग्लैंड के सहायक कोच मार्कस ट्रेसकॉथिक, रूट को परेशान करने की भारत की योजना को ज्यादा गंभीरता से नहीं लेना चाहते थे। रूट इस सीरीज में इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे हैं। ट्रेसकॉथिक ने दिन का खेल समाप्त होने के बाद कहा कि मुझे लगता है कि उन्होंने कोई टिप्पणी की है, है ना? जाहिर है कि उन्होंने (प्रसिद्ध) रूट पर दबाव बनाने और उन्हें थोड़ा उत्तेजित करने की कोशिश की। हो सकता है कि उन्होंने पिछले कुछ मैचों में उन्हें इतना अच्छा खेलते देखा हो कि भारत ने एक अलग तरीका अपनाया, और जो ने जवाब दिया, जैसा कि वह कभी-कभी करते हैं। आम तौर पर, वह ऐसे खिलाड़ी हैं जो बस हंसते-खिलखिलाते रहते हैं और चीजों को होने देते हैं।

# मोहम्मद शमी ईस्ट जोन के दल में शामिल, इशान किशन करेंगे कप्तानी

**● 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार, रियान पराग, व अभिमन्यु जैसे खिलाड़ी शामिल है**



**कोलकाता, वार्ता।** भारत और बंगाल के तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी एक बार फिर मैदान में वापसी करने वाले हैं। शमी को ईस्ट जोन के दल में दलीप ट्रॉफी 2025-26 के लिए शामिल किया गया है। इशान किशन सितारों से भरे हुए इस दल की कप्तानी करेंगे। 15 सदस्यीय दल में आकाश दीप, मुकेश कुमार और रियान पराग-अभिमन्यु ईश्वरन जैसे खिलाड़ी शामिल हैं। ईश्वरन को इस दल का उप-कप्तान बनाया गया है। 34 वर्षीय शमी आखिरी बार आईपीएल 2025 में खेले थे, जहां उन्होंने अपनी नई टीम सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के लिए नौ पारियों में छह विकेट लिए थे। उनका पिछला लाल गेंद का मैच नवंबर 2024 में बंगाल के लिए रणजी ट्रॉफी में था। एसआरएच में शमी के साथी किशन, फिलहाल काउंटी चैंपियनशिप में नॉटिंघमशायर के लिए दो अर्द्धशतक लगाकर वापसी कर रहे हैं। इस दल में पिछले सीजन में बंगाल के सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप चटर्जी के लिए कोई जगह नहीं है, जबकि उनके बाद दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले सुदीप कुमार घरामी स्टैंडबाय में हैं। झारखंड के दोनों सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज विराट सिंह और शरणदीप सिंह ईस्ट जोन की टीम का हिस्सा हैं, और बाएं हाथ के स्पिनर मनीषी भी इस दल में शामिल हैं, जिन्होंने सात मैचों में 22 विकेट लिए हैं। जिसमें तमिलनाडु के खिलाफ पिछले दौर के मैच में 49 रन देकर 4 विकेट शामिल हैं। 14 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने भारत के अंडर-19 इंग्लैंड दौरे पर युवा वनडे मैचों में सबसे तेज शतक लगाया था और दो अनौपचारिक टेस्ट मैच खेले थे, वह भी छह स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल हैं। छह टीमों वाली दलीप ट्रॉफी क्षेत्रीय प्रारूप में खेली जाएगी, जिसमें राष्ट्रीय चयनकर्ता नहीं, बल्कि

### जियोस्टार करेगा डीपीएल सीजन-2 के सभी मैचों का सीधा प्रसारण

**नई दिल्ली, वार्ता।** जियोस्टार दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के सभी मैचों का सीधा प्रसारण करेगा। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) ने दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के दूसरे सीजन के लिए जियोस्टार के साथ तीन साल के ऐतिहासिक प्रसारण समझौते की घोषणा की है। इस समझौते के तहत डीपीएल के सभी मैचों का स्टार स्पोर्ट्स 2 लहदी पर और जियो हॉटस्टार पर सीधा प्रसारण किया जायेगा। डीपीएल का दूसरा सत्र आज से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में साउथ दिल्ली सुपरस्टार्ज़ और गत विजेता ईस्ट दिल्ली राइडर्स के बीच मैच के साथ शुरू होगा। दिल्ली प्रीमियर लीग सीजन 2

# वार्नर ने इंग्लैंड के रूट पर एशेज को लेकर कटाक्ष किया

**● इंग्लैंड नवम्बर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज जीतने की कोशिश करेंगे**

**लंदन, वार्ता।** डेविड वार्नर ने कहा कि अगर इंग्लैंड को इस सर्दी में ऑस्ट्रेलिया में सफल होना है, तो जो रूट को 'अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा'। 38 वर्षीय वार्नर, द हंड्रेड में लंदन स्पिरिट के साथ खेलने के लिए इंग्लैंड में हैं और हालांकि वह एक महीने के लिए लॉर्ड्स को अपना घर कहने के लिए उत्सुक हैं, लेकिन वह अपने पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वियों पर एक हल्का-फुल्का कटाक्ष करने से खुद को नहीं रोक पाए।

इंग्लैंड नवंबर के अंत में एशेज में ऑस्ट्रेलिया का सामना करेगा, जब वे 10 साल में पहली बार एशेज श्रृंखला जीतने की कोशिश करेंगे। वार्नर ने बीबीसी स्पोर्ट से कहा कि 'इसमें सबसे बड़ा एंकर रूटी (इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट) हैं, जिन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया में शतक नहीं बनाया है। रूट के अक्सर एलबीडब्ल्यू आउट होने की धारणा के संदर्भ में, वार्नर ने कहा कि जोश हेजलवुड का नंबर अक्सर उनके सामने होता है। उन्हें अपने अगले पैर से सर्फबोर्ड हटाना होगा। पिछले साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले वार्नर मंगलवार को ओवल इनविंसिबल्स के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में अपना शतक लगाने के लिए तैयार हैं। वह 14 अगस्त को लॉर्ड्स में रूट की ट्रेंट रॉकेट्स से भिड़ सकते हैं। रूट दुनिया के नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज़ हैं और इंग्लैंड की एशेज जीतने की उम्मीदों के लिए अहम हैं, लेकिन उन्होंने ऑस्ट्रेलिया में कभी शतक नहीं बनाया है। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज हेजलवुड ने उन्हें 18 टेस्ट मैचों में 10 बार आउट किया है - ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कलमस और भारतीय गेंदबाज जसप्रीत बुमराह द्वारा उन्हें 11 बार आउट किए जाने से एक कम। वार्नर ने कहा कि 'सब कुछ गेंदबाज़ों पर निर्भर करता है। अगर इंग्लिश गेंदबाज ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर सकते हैं तो वे मुकाबले में आ जाएंगे। वार्नर को इस साल द हंड्रेड में अपने एक अन्य पूर्व एशेज प्रतिद्वंद्वी अनुभवी गेंदबाज जेम्स एंडरसन का भी सामना करना पड़ सकता है।

# ओवल टेस्ट: दूसरी पारी में भारत 300 पार

**● इंग्लैंड पर मिली बढ़त, 281 रन, जडेजा-जुरेल पिच पर, जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक लगाया**



**द ओवल, वार्ता।** भारत ने द ओवल टेस्ट के तीसरे दिन इंग्लैंड पर 281 रन की बढ़त हासिल कर ली है। शनिवार को मुकाबले के तीसरे दिन के तीसरे सेशन का खेल जारी है। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 6 विकेट खोकर 305 रन बना लिए हैं। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल पिच पर हैं। ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। जायसवाल ने टेस्ट करियर का छठा शतक पूरा कर लिया हैं। उन्हें जोश टंग ने जैमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। कप्तान शुभमन गिल 11 और नाइट वाचमैन 66 रन बनाकर आउट हुए। गस एटकिंसन ने 3, जोश टंग ने 2 और जैमी ओवर्टन ने 1 विकेट लिया। टीम इंडिया ने आज 75/2 के स्कोर से खेलना शुरू किया। एक दिन पहले इंग्लैंड पहली पारी में 247 रन पर ऑलआउट हो गया। टीम को भारत की पहली पारी के आधार पर 23 रन की बढ़त मिली। भारत ने पहली पारी में 224 रन बनाए थे। आकाश दीप 2011 के बाद पहले भारतीय नाइट वाचमैन बने हैं, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ द ओवल मैदान पर 50 से ज्यादा रन बनाए। अमित मिश्रा ने 2011 में इंग्लैंड के खिलाफ 84 रन बनाए थे। आकाश दीप नाइट वाचमैन के रूप में नंबर-4 पर बैटिंग करने उतरे और फिफ्टी लगा दी। ओवल टेस्ट के तीसरा दिन का दूसरा सेशन मिलाजुला रहा है। टीम इंडिया ने इस सेशन में 115 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड ने 3 विकेट हासिल किए। टी-ब्रेक पर भारत का स्कोर 304/6 है। रवींद्र जडेजा और ध्रुव जुरेल की जोड़ी नाबाद है। यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। 67वें ओवर की आखिरी बाल पर रवींद्र जडेजा क्ते लेकर पगबाधा आउट होने से बच गए। जोश टंग की यार्कर उनके पैर के जूते पर लगी। उन्हें फील्ड अंपायर आउट भी दे दिया। ऐसे में जडेजा ने क्ते की मांग की। वीडियो देखने के बाद थर्ड अंपायर ने फैसला बदला। 65वें ओवर में भारतीय टीम ने छठा विकेट गंवाया। यहां ओपनर यशस्वी जायसवाल 118 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें जोश टंग ने जिमी ओवर्टन के हाथों कैच कराया। 58वें ओवर में भारतीय टीम ने दूसरी पारी में 250 रन का आंकड़ा पार कर लिया। जिमी ओवर्टन के ओवर की चौथी बाल पर बेन डकेट से यशस्वी जायसवाल का कैच ड्रॉप हुआ। इतना ही नहीं, बाल बाउंड्री लाइन के बाहर चली गई। इन 4 रनों के सहारे टीम ने 250 रन का आंकड़ा हासिल किया। 55वें ओवर में भारतीय टीम ने 5वां विकेट गंवाया। यहां करुण नायर 17 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें गस एटकिंसन ने विकेटकीपर जैमी स्मिथ के हाथों कैच कराया। नायर पिछले ओवर में मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके। 54वें ओवर में हैरी ब्रूक से कैच ड्राप हुआ। तब वे 12 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। ओवल टेस्ट के तीसरे दिन का पहला सेशन भारतीय टीम के नाम रहा। टीम इंडिया ने 26 ओवर के इस सेशन में एक विकेट खोकर 114 रन बनाए। आकाश दीप 66 रन बनाकर आउट हुए। यशस्वी जायसवाल और कप्तान शुभमन गिल नाबाद लौटे हैं।

# जिलाधिकारी ने अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** जिलाधिकारी अनुज सिंह ने तहसील बिलारी के ग्राम पीपली में बने अटल आवासीय विद्यालय का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही अटल आवासीय विद्यालय का लोकार्पण प्रस्तावित है। यहां पर शिक्षा-सत्र शुरु हो गया है। डीएम ने बताया छोटी मोटी कमियाँ हैं उन्हें शीघ्र ही पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया यहाँ 541 छात्र छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और एक अच्छा शैक्षिक सत्र विद्यालय में चल रहा है।

इस दौरान प्रधानाचार्य कैलाश चंद्र ने बताया यहां विद्यार्थियों के लिए भोजन चिकित्सा आदि का समुचित प्रबंध है। पुस्तकालय प्रयोगशाला आदि समस्त शिक्षण सामग्री मौजूद है चिकित्सा कर्मी नियमित रूप से भी यहां रहते हैं और समस्या बड़ी होने पर वाहन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाते हैं वहां से भी सप्ताह में दो बार स्वास्थ्य टीम आकर बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण करती है। यहां बालक और बालिकाओं के लिए



अलग-अलग स्वास्थ्य कर्मी और एक कंपाउंडर नियुक्त है। सुरक्षा के लिए पुलिस चौकी निर्माणाधीनधीन है कक्षा 6 और 9 में प्रवेश जारी हैं। 6 अगस्त को मुख्यमंत्री द्वारा इस विद्यालय का लोकार्पण प्रस्तावित है, अभी सरकारी कार्यक्रम नहीं आया है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सुश्री मृणाली अविनाश जोशी, अपर जिलाधिकारी प्रशासन श्री गुलाब चन्द्र, एसडीएम विनय कुमार सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी अशोक कुमार सिंह, एडीओ पंचायत राजीव कुमार, ब सचिव नरेंद्र प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर अज्ञात लोगों ने लड़की पर हमला कर किया घायल

**कांठ।** घर की छत पर घूम रही लड़की पर अज्ञात लोगों ने हमला कर दिया जिसमें लड़की घायल हो गई परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज नहीं कराई है। घटना थाना छजलैट के गांव मथाना की है वहां के सतपाल सिंह यादव का घर गांव के किनारे पर है क्षेत्र में हो रही चोरों की अफवाह को लेकर सतपाल का परिवार भी छत पर लेटा हुआ था लेकिन उनकी लड़की जागने के कारण छत पर टहल रही थी।

तभी उसे नीचे किसी की परछाई दिखाई दी लड़की छत के किनारे पर परछाई को देखकर पहुंची तो अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार उसके पेट पर चला दिया जिससे उसका पेट कट गया परिजन लड़की को घायल अवस्था में चिकित्सक के ले गए जहां उसकी मरहम पट्टी की गई घटना की सूचना मिलने पर गांव वाले भी अचंभे में पड़ गए। पूरी जानकारी करने के लिए ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीण पीड़ित के घर पहुंचे और थाने में शिकायत किए जाने को कहा लेकिन सतपाल यादव ने किसी प्रकार की कार्रवाई से इनकार कर दिया। कुल मिलाकर इस घटना से एक बार फिर चोरों की आवक रहने की सच्चाई सामने आ गई है और ग्रामीण पूरी



मुस्तादी के साथ अपने अपने घरों की रखवाली कर रहे हैं।

# सिकंदराबाद गांव की महिलाओं ने ग्राम प्रधान पर लगाया कूड़ी के गड्ढो पर कब्जे का आरोप

**कांठ।** सिकंदराबाद गांव की दर्जन भर महिलाएं आज तहसील पहुंची और ग्राम प्रधान तस्लीम पर उनके कूड़ी के गड्ढो को कब्जाने का आरोप लगाया महिलाओं ने कहा कि चकबंदी के दौरान खाद के गड्ढो के लिए जगह आवंटित की गई थी जिस पर वह कूड़ा डालते चले आ रहे हैं। लेकिन ग्राम प्रधान उन गडढ़ों पर कब्जा करना चाहता है और चकरोड हेतु छोड़ी गई जमीन को भी अपने प्रयोग में ला रहा है। महिलाओं ने ग्राम प्रधान पर अन्य भी कई गंभीर आरोप लगाए महिलाओं का कहना था कि इस संबंध में सिविल न्यायालय में भी भूरे सिंह बनाम तस्लीम आदी



मामला चल रहा है। इसके बावजूद भी ग्राम प्रधान खुले आम ग्रामीणों को गड़ढ़ों पर कब्जा करने की चुनौती दे रहा है। उन्होंने ग्राम प्रधान के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गड़ढ़ों पर कब्जा न कराए देने की गुहार लगाइए।

इस मौके पर किरण देवी ओमवती चंद्रो देवी जयवती राखी अनीता आदि महिलाएं मौजूद रही।

# राम कथा में भगवान श्री राम ने किया अहिल्या का उद्धार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा के शिव मंदिर पर चल रही श्री राम कथा में आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने भगवान श्री राम की कथा सुनाई। शुक्रवार को कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि विश्वामित्र राम से कहते हैं कि राम तुमने मेरा यज्ञ तो संपन्न कर दिया। अब एक और यज्ञ संपन्न करना है। जनकपुर में धनुष यज्ञ तो हो रहा है, वहां चले जाओ राम गुरुदेव की आज्ञा से जनकपुर पहुंचे। राजा जनक ने उनका स्वागत किया मार्ग में एक आश्रम मिला जो गौतम ऋषि का था। वहां पत्थर था गुरु ने कहा राम यह गौतम की स्त्री अहिल्या है, प्रायश्चित कर रही है आपके चरणों की राज चाहती है। राम के चरणों की राज का स्पर्श होते ही वह सुंदर स्त्री बन गई। जिन्हें सबने ठुकराया, राम उसका कल्याण करते हैं।

इसके बाद जनकपुर भ्रमण करके जनकपुर वासियों के नेत्र सफल करते हैं। गुरु को पूजा हेतु फूल लेने बगीचे में जाते हैं। जहां जनकनंदनी से भेंट होती है। सीता ने मां गौरा से राम को पति रूप में पाने की प्रार्थना की। विनम्रता और प्रेम से भगवान मिल जाते हैं। इस बीच कथा में मुख्य रूप से बाली सिंह, गौरव सिंह, विनीत, पप्पू सिंह, नरेश सिंह, नंदकिशोर रुहेला, बबीता सिंह, ममता सिंह ,ज्योति, काजल आदि का सहयोग रहा।

# 'एक्सीलेटर्स/इनक्यूबेशन- अपॉर्चुनिटीज फॉर स्टूडेंट्स एंड फैकल्टीज अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स' विषय पर हुआ सत्र का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में फार्मेसी संकाय एवं इंस्टीट्यूशन्स इन्नोवेशन काउंसिल (आईआईसी) के संयुक्त तत्वावधान में "एक्सीलेटर्स/इनक्यूबेशन- अपॉर्चुनिटीज फॉर स्टूडेंट्स एंड फैकल्टीज- अर्ली स्टेज एंटरप्रेन्योर्स" विषय पर एक सत्र का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं।

इस सत्र में नोएडा स्थित कम्पनी 'एसपीईआर मार्केट रिसर्च प्रा0 लिमिटेड' के फाउंडर व सीईओ एवं सोसायटी ऑफ फार्मास्युटिकल एजुकेशन एंड रिसर्च, इंडिया के नेशनल सेक्रेटरी डॉ. उपेंद्र नगाइच मुख्य वक्ता रहे। सत्र के दौरान मुख्य वक्ता डॉ. नगाइच ने कहा कि उद्यम



एक ऐसा शब्द है जो किसी भी व्यक्ति अथवा छात्र-छात्रा द्वारा अपने जीवन में अपनाया जा सकता है। किसी भी व्यक्ति की पैसे की कमी के कारण व्यवसाय नहीं कर सकने की धारणा को गलत बताते हुए उन्होंने कहा कि ऐसी स्थिति में छोटे स्तर का व्यवसाय स्थापित किया जा सकता है तथा कड़ी मेहनत से उस छोटे व्यवसाय को भी बडे़ स्तर तक ले जाया जा सकता है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी व्यक्ति को हमेशा जॉब करने वाली नहीं, बल्कि जॉब देने वाली सोच रखनी चाहिए। इस अवसर पर फार्मेसी संकाय के डीन डॉ. नवनीत वर्मा ने बताया कि इस सत्र के आयोजन का मुख्य उद्देश्य युवा पीढ़ी को उद्यमी बनने की दिशा में जानक. ारी उपलब्ध कराना रहा। साथ ही उन्होंने छात्र-छात्राओं को सलाह देते हुए कहा कि पढाई के साथ-साथ उन्हें उद्यमी बनने की दिशा में भी जानकारी जुटाते रहना चाहिए। कार्यक्रम के अंत में स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल साइंसेज के निदेशक डॉ. सुशील कुमार ने सभी उपस्थितों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। सत्र के सफल संचालन में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. अरुण कुमार मिश्रा और आईआईसी के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार समेत फार्मेसी संकाय के शिक्षकों डॉ. शाहबाज एवं डॉ. अलंकार श्रीवास्तव का विशेष सहयोग रहा। सत्र के दौरान में विश्व. विद्यालय के विभिन्न स्कूलों के 150 से अधिक छात्र-छात्राएं तथा कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# कथाव्यास प्रशांत मिश्र ने सुनाई जीवन को दिशा देने वाली कथाएं

**चन्दौसी।** नगर के सीतारोड स्थित गीता सत्संग भवन में चल श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन श्रीधामवृन्दावन से पधारे कथाव्यास प्रशान्त कुमार मिश्र ने ध्रुव चरित्र, पृथु चरित्र, भरत चरित्र, भारतवर्ष की महिमा, अजामिलोपाख्यान और वृत्तासुर उद्धार की कथा सुनाई। ध्रुव चरित्र में कथाव्यास ने बताया कि दृढ़ संकल्प और समर्थ गुरु का मार्गदर्शन भगवान को भी दर्शन देने के लिए बाध्य कर देता है। पांच वर्ष के दृढ़निश्चयी ध्रुव को जब समर्थ गुरु नारद का मार्गदर्शन मिला तो वह पांच महीनों में ही भगवान का दर्शन प्राप्त कर लिया। पृथु चरित्र के वर्णन में व्यास ने बताया कि राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना, उनके जीविका की व्यवस्था करना और उनको वर्णाश्रम मर्यादा में स्थापित करना है। राजा का कर्तव्य है कि वह प्रजा को धर्म में सलंग्न करते हुए स्वयं धर्माचरण करे तथा प्रजा को पुत्र की भांति मानते हुए अपने दायित्व का निर्वहन एक पिता की भांति संपादित करे। भरत चरित्र में कथाव्यास ने बताया कि भगवान ऋषभ के पुत्र भरत के नाम पर ही इस देश का नाम भारत वर्ष पड़ा, उसके पूर्व इस देश का नाम अजनाभवर्ष था। भरतजी एक मृग के मोह में पड़ जाने के कारण दूसरे जन्म में मृग और तीसरे जन्म में ब्राह्मण बने। वहां पर उनका संवाद रहूंगा नामक राजा से हुआ



जिसमें उन्होंने बताया कि मनुष्य का वास्तविक शत्रु मन है, जिसको गुरु और हरि के चरणों की उपासना रूपी अस्त्र के द्वारा नियंत्रित करना चाहिए। भारतवर्ष की महिमा में कथाव्यास ने बताया कि देवता भारत भूमि में जन्म लेने को तरसते हैं। भारत भूमि में ही कथागंगा का प्रवाह होता है। अजा. मिल के प्रकरण में कथाव्यास ने बताया कि भगवान का नाम किसी भी स्थिति में लिया जाए, वह प्रभावकारी होती है जो भगवान का निरंतर नाम जप करते रहते हैं, उनकी रक्षा भगवान की कौमुदिकी गदा करती है और वह यम के पाश से मुक्त हो जाता है। वृत्तासुर के प्रकरण में कथाव्यास ने बताया कि गुरु की अवहेलना नहीं करनी चाहिए क्योंकि गुरु बृहस्पति की अवहेलना के कारण ही इंद्र पर संकट आया। कथाव्यास ने बताया कि जब समाज पर संकट आता है तब दधीचि जैसे संत अपनी हड्डियों तक का दान करके समाज की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर प्रशांत कुमार मिश्र, शुकदेव, कृष्ण पाठक, कृष्णकांत पांडेय, मुख्य यजमान दिवाकर पाठक उनकी पत्नी ऋचा पाठक, सत्यप्रकाश पाठक शास्त्री, जयशंकर दुबे, आइपी शर्मा, अनुपम शर्मा, मदनलाल शर्मा, यतीश शर्मा, चेतन्य शर्मा, देवकीनंदन, चंद्रप्रकाश गुप्ता, रामाशंकर शर्मा, माधव आदि रहे।

# श्री राम कथा कलयुग में है पापों का हरण करने वाली

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव कुआं खेड़ा में चल रही श्री राम कथा में कथा व्यास शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि कलयुग में राम कथा पापों का हरण करने वाली है। हम सभी को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए। शनिवार को राम कथा में बोलते हुए आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि हजारों वर्षों की तपस्या से जो लाभ नहीं मिलता। महिलाओं सत्संग सुनने से मिल जाता है। यज्ञ भूमि में सहस्त्र नेत्र राम का दर्शन कर रहे हैं। योगियो को परम तत्व के रूप में जनक सुनयना को संतान भाव में भक्तों को इष्ट देव के रूप में अभिमानी राजाओं को कॉल रूप में दीखे। राजाओं में किसी से धनुष नहीं उठा, जनक जी बोले सभी राजा अपने घर चले जाएं। पृथ्वी को मैं वीरों से विहीन मानता हूं। यह सुनते ही लक्ष्मण क्रोधित हो गए और बोले भैया आपकी आज्ञा हो तो ब्रह्मांड को उठा दूं। कच्चे घड़े के समान फोड़ दूं। 400 कोस तक दोडू। शर्त यह थी जो धनुष चढ़ाएगा उसी से सीता का विवाह होगा। पर विश्वामित्र ने कह दिया धनुष अहंकार का प्रतीक है। सीता भक्ति है अहंकार टूटने पर भक्ति प्राप्त होती है। अहंकार भक्ति में बाधक है। कार्यक्रम में महंत धर्मदास, राजीव सिंह, राजू सिंह, विक्की सिंह, ज्योति, नरेश सिंह आदि सहित अनेको मौजूद रहें

# नगर पंचायत पाकबड़ा कार्यालय के कर्मचारियों ने किया प्रथम भंडारा आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शनिवार को सावन माह के चलते हुए नगर पंचायत कार्यालय ओर कर्मचारियों द्वारा भंडारे का आयोजन किया गया भंडारे में कावड़ यात्रियों के साथ-साथ सभी लोगों को खाना वितरित किया गया इस दौरान चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि ऐसे आयोजनों से धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा देने में मदद मिलती है।

सावन माह के पवित्र अवसर पर आयोजित इस भंडारे में कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और इसे सफल बनाया। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा कि सावन माह के दौरान आयोजित इस भंडारे से धार्मिक एवं सामाजिक सद्भाव भी बढ़ता है। उन्होंने सभी कर्मचारियों की इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे आयोजन नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों के बीच एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। इस भंडारे का आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि



यह सामाजिक एकता और सौहार्द का भी प्रतीक है।

सावन माह के पवित्र अवसर पर आयोजित इस भंडारे से नगर पंचायत पाकबड़ा के कर्मचारियों और स्थानीय निवासियों के बीच एक विशेष बंधन का निर्माण होता है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब ने कहा धार्मिक और सामाजिक सद्भाव को और अधिक मजबूत किया जा सके। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया कि वे ऐसे आयोजनों में बढ़-चढ़कर भाग लें और इन्हें सफल बनाने में अपना योगदान दें।इस मोके पर लिपिक हिमांशु चौहान,दानिश मलिक, जितेंद्र कुमार गोला,राहुल सैनी, इम्तियाज,पुष्पेंद्र,प्रशांत, शहजादा,केशव गोस्वामी,पंकज,सलमान प्रदीप शर्मा, तरुण, जितेंदर, विजेंद्र सैनी, राहुल सैनी प्रदीप दिवाकर, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एक नजर

### कोषाध्यक्ष प्रत्याशी ने की अभिलेखों की प्रमाणित प्रतियों की मांग

**मुरादाबाद।** दी बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में कोषाध्यक्ष प्रत्याशी पारुल अग्रवाल (जैन) ने चेयरमैन व एल्डर कमेटी को एक प्रार्थना पत्र देकर अभिलेखो की प्रमाणित प्रतियां अभिलंब प्रदान कराने मांग की। प्रत्याशी ने प्रार्थना पत्र में कहा कि 1-मतगणना तथा पुर्नमतगणना के सभी चार्टो 2025-2026 की प्रमाणित, 2-प्रतिलिपियां एल्डर कमेटी द्वारा जारी दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के चुनाव संबंधी सभी नोटिफिकेशन के प्रमाणित प्रतियां, 3- रिकाउटिंग के लिए दिए गए अजय बंसल द्वारा दिए गए कथित प्रार्थना पत्र की प्रमाणित प्रति, 4-कथित पुर्नमतगणना कराने वाले तथा करने वाले कार्यकर्ताओं के नाम की मांग की गई।

### पशुओं को खुला छोड़ने पर तो पशुपालकों का भी हो सकता है चालान

**कांठ।** पशुओं को अनावश्यक छोड़ने पर अब पशुपालकों का चालान किया जाएगा। सरकार ने नगर निकाय अधिनियम में दी गई व्यवस्था के मुताबिक पशुपालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का फैसला किया है। शहरी क्षेत्र की गोशालाओं की देखरेख व्यवस्था को भी और दुरुस्त किया जाएगा। इसके लिए एक प्रबंधन समिति बनाई जाएगी, जिसमें सभासदों के अलावा शहर के गणमान्य व्यक्तियों को भी सदस्य बनाया जाएगा। यह समिति संबंधित नगर निकायों के महापौर, अध्यक्ष, नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी की देखरेख में काम करेगी। इस संबंध में प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात की ओर से शासनाद. ेश जारी किया गया है। इस व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए गए हैं। शासनादेश के मुताबिक गौशाला का प्रबंधन देखने के लिए गठित होने वाली समिति गोशाला में पशुओं के लिए भूसा व चारा की उपलब्धता, स्वच्छ पेयजल, जाड़ों में गोवंश के लिए शेड व चारों ओर समुचित ढंग से पर्दे और अलाव आदि की व्यवस्था को देखेगी।इसके अलावा समिति पर गोशालाओं में वृक्षारोपण, गोवंश के स्वास्थ्य परीक्षण, साफ-सफाई, सार्वजनिक स्थलों पर घूम रहे गोवंशों को संरक्षित करने की जिम्मेदारी निभानी होगी।नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी द्वारा कान्हा गौशाला प्रबंधन समिति द्वारा दिए गए सुझाव के आधार पर गोशाला की देखरेख के लिए योजना बनाई जाएगी। निकाय बोर्ड द्वारा इस पर अनुमोदन प्राप्त किया जाएगा। इस पर कार्यवाही नगर आयुक्त या अधिशासी अधिकारी सुनिश्चित कराएंगे। अधिशासी अधिकारी अपने-अपने निकाय में गोशाला की सभी व्यवस्थाएं कराएंगे। गोशाला परिसर और उसके आसपास के नालों की नियमित सफाई की जाएगी ताकि जलभराव की स्थिति उत्पन्न न हो।

### तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार ने सुनी शिकायतें



**बिलारी।** तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार धीरेश कुमार ने शिकायतें सुनीं। कुल 47 शिकायतें दर्ज हुईं जिनमें सर्वाधिक राजस्व विभाग संबंधित थीं इनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण करवा दिया गया। अन्य शिकायतों को स्थलीय समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण समाधान के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपा गया उन्होंने कहा समाधान दिवस शासन के प्राथमिक कार्यक्रमों से एक हैं इसलिए शिकायतों का उचित प्रकार से निस्तारण करें ताकि एक ही शिकायत दूसरी बार नहीं आए शिकायतकर्ता संतुष्ट हो दिवस में खंड विकास अधिकारी,अधिशासी अधिकारी के अलावा अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### मानसून में किडनी स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता

**मुरादाबाद।** मानसून का मौसम हमें ठंडक और राहत का अहसास कराता है, लेकिन यही मौसम किडनी के स्वास्थ्य के लिए खतरे का कारण भी बन सकता है। इस मौसम में पानी की कमी और संक्रमित पानी के कारण किडनी से जुड़ी समस्याएं बढ़ सकती हैं। गर्मी के बाद, मानसून में शरीर का हाइड्रेशन स्तर बदलता है, जिससे किडनी पर ज्यादा दबाव पड़ता है। किडनी हमारे शरीर का एक अहम अंग है, जो शरीर से अपशिष्ट पदार्थ और अतिरिक्त पानी को बाहर निकालता है। मानसून में बैक्टीरिया और वायरस के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है, जिससे किडनी में संक्रमण हो सकता है। इस वजह से, साफ पानी पीना, सही आहार लेना और नियमित व्यायाम करना बेहद जरूरी हो जाता है। नई दिल्ली स्थित ठस्ज्ञ डं॰ भ्वेचपजंस के कंसल्टेंट नेफ्रोलॉजिस्ट डॉ. भानु मिश्रा का कहना है कि मानसून में पानी और तरल पदार्थों का नियमित सेवन किडनी को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी है।

इसके साथ ही, खाने-पीने की चीजों को अच्छे से धोकर और सैनिटाइज करके संक्रमण से बचा जा सकता है। इस मौसम में किडनी की देखभाल पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। नियमित पानी पीने, स्वस्थ आहार और स्वच्छता पर ध्यान देकर हम अपने किडनी स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं और मानसून के दौरान भी सुरक्षित रह सकते है।

### बिलारी में लगे तहसील दिवस में एसडीएम ने सुनी शिकायतें, चार शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**बिलारी।** तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम ने शिकायते सुनी। मौके पर चार शिकायतों का ही निस्तारण हो पाया। आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में एसडीएम विनय सिंह ने शिकायतें सुनी दिवस में राजस्व विभाग की 25 पुलिस विभाग की पांच विकास विभाग की तीन विद्युत विभाग की दो और आपूर्ति विभाग की आठ जिला समाज कल्याण की एक और अन्य विभाग की तीन शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें से चार शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया एसडीम विनय सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। तहसीलदार धीरेश कुमार सिंह ने भी शिकायतें सुनी। दिवस में नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव खंड विकास अधिकारी नरेश पाल सिंह के अलावा पुलिस और राजस्व समेत सभी विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

### हर्षोल्लास के साथ मनाया हरियाली तीजोत्सव

**चन्दौसी।** श्रीगीता सत्संग महिला मंडल द्वारा हर्षोल्लास के साथ हरियाली तीज को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव-पार्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया। मंडल की संयोजिका इंदू अग्रवाल ने बताया कि यह पर्व माता पार्वती के कठोर तप और भगवान शिव से उनके पुनर्मिलन की स्मृति में मनाया जाता है। यह सुहागिनों द्वारा अपने पति की लंबी आयु और दाम्पत्य सुख के लिए व्रत-उपवास एवं पूजा का पर्व है। इस पावन अवसर पर महिलाओं ने भजन-कीर्तन, सावन के गीत और मल्हार गाकर वातावरण को भक्तिमय कर दिया।

पारंपरिक परिधानों में सजी महिलाओं ने झूला झूलते हुए नृत्य कर उत्सव में चार चांद लगाए। इसके अतिरिक्त तंबोला, गेम्स और सरप्राइज गेम्स ने सभी को आनंद से भर दिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को रिटर्न गिफ्ट्स और शुभकामनाएं प्रदान की गईं एवं सामूहिक जलपान का आयोजन हुआ। इस आयोजन में अध्यक्ष मंजू अग्रवाल, उपाध्यक्ष रानी अग्रवाल, मंत्री सीमा अग्रवाल, उप मंत्री मीरा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष साधना बंसल सहित मंजू, मृदुल, रागिनी, सुनीता, अंजू, रूपाली, रुचि, माधुरी, रेनू, उषा, छमा, पवन, अलका, मनीषा, पूनम, रेखा, चंचल, माया, रीता, शालू, कल्पना, मधु, रश्मि, प्रतिभा, सीता, रेशमा, कविता, परिश्मा आदि सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में आयोजित तीज क्वीन प्रतियोगिता में सीमा अग्रवाल और शालू अग्रवाल को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

# अमेरिका ने सात महीने में 1700 भारतीय निकाले

## इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं, विदेश राज्य मंत्री बोले: बीते 5 साल में 5541 डिपोर्ट किए

**नई दिल्ली।** अमेरिका ने साल 2025 में शुरुआती 7 महीने में अबतक 1703 भारतीय नागरिकों को भारत डिपोर्ट किया है। इनमें 1562 पुरुष और 141 महिलाएं शामिल हैं। विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी।



■ कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में लिखित उत्तर में ये जानकारी दी
■ अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है

उनका जवाब डीएमके सांसद कनिमोझी ने विदेश मंत्रालय के सवाल पर आया, जिसमें पूछा गया था-क्या सरकार जनवरी 2025 से अमेरिका से डिपोर्ट किए भारतीय नागरिकों का डेटा रखती है? सिंह ने कहा: बीत 5 साल (2020 से 2024) के बीच अमेरिका से कुल 5541 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया। इसी अवधि में ब्रिटेन से 311 भारतीयों को वापस भेजा गया है। यहां से 2025 में अबतक 131 भारतीयों को डिपोर्ट किया गया है। उन्होंने कहा कि डिपोर्ट की वास्तविक संख्या में अंतर आ सकता है, क्योंकि कुछ मामलों में भारतीय नागरिकों के पास वैध यात्रा दस्तावेज होते हैं, फिर भी ब्रिटेन सरकार उन्हें सीधे डिपोर्ट कर देती है। इसके अलावा अवैध भारतीय प्रवासियों को जारी किए गए आपातकालीन यात्रा दस्तावेज (ईटीडी) का पूरा उपयोग नहीं हो पाता, क्योंकि वे कोर्ट में अपील करके अपने डिपोर्टेशन को टाल सकते हैं। मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा: अमेरिका और अन्य देशों से डिपोर्ट किए जा रहे भारतीयों के साथ मानवीय व्यवहार हो इसके लिए भारत लगातार उनसे संपर्क में है। 5 फरवरी 2025 के बाद अब तक किसी डिपोर्ट फ्लाइट में यात्रियों के साथ अमानवीय व्यवहार की कोई शिकायत नहीं मिली है। उन्होंने कहा: अमेरिका में हथकड़ी पहनाए जाने, साथ ही महिलाओं-बच्चों के साथ व्यवहार को लेकर भारत सरकार ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इसके अलावा धार्मिक-सांस्कृतिक संवेदनाओं जैसे पगड़ी पहनने और खानपान की प्राथमिकताओं को लेकर भी औपचारिक तौर पर अमेरिकी प्रशासन से बात की गई है।

# अमेरिका के मोंटाना में गोलीबारी, चार मरे

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिका में मोंटाना राज्य के एनाकोंडा में शुक्रवार को एक बार में हुई गोलीबारी में चार लोगों की मौत हो गई। स्थानीय मीडिया ने कानून प्रवर्तन अधिकारियों के हवाले से यह जानकारी दी है। एनबीसी मोंटाना की रिपोर्ट के अनुसार गोलीबारी कल सुबह दक्षिण-पश्चिमी मोंटाना के एनाकोंडा शहर के द आउल बार में हुई। एनाकोंडा-डियर लॉज काउंटी कानून प्रवर्तन केंद्र द्वारा एक फेसबुक पोस्ट के अनुसार संदिग्ध की पहचान माइकल पॉल ब्राउन के रूप में हुई है। पोस्ट में कहा गया है, 'जानकारी के लिए बता दें कि गोलीबारी करने वाला संदिग्ध हथियारबंद और खतरनाक हो सकता है। अधिकारियों ने फेसबुक पर संदिग्ध की एक तस्वीर पोस्ट की और लोगों को स्टंपटाउन क्षेत्र और आसपास के इलाकों से दूर रहने की सलाह दी।



मिर्जापुर। गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद आबादी में पहुंचे पानी से गुजरते राहगीर।

# कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति उरीबे को 12 साल की नजरबंदी की सजा

**बोगोटा।** कोलंबिया के पूर्व राष्ट्रपति अल्वारो उरीबे (73) को प्रक्रियात्मक धोखाधड़ी और गवाहों को रिश्वत देने का दोषी पाए जाने के बाद 12 साल की नज़रबंदी की सजा सुनाई गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार बचाव पक्ष के वकील ने पहले घोषणा की थी कि वे अपील दायर करेंगे। पूर्व राष्ट्रपति ने खुद को निर्दोष बताया था। बोगोटा के 44वें आपराधिक न्यायालय की न्यायाधीश सैंड्रा हेरेडिया ने पूर्व राष्ट्रपति को इन अपराधों का दोषी पाए जाने के चार दिन बाद शुक्रवार को सज़ा की घोषणा की।

## संक्षिप्त समाचार

### अभी भी महसूस किए जा रहे रूस में भूंकप के झटके

**मॉस्को।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप में 30 जुलाई को आए भीषण भूकंप के बाद पिछले 24 घंटों के दौरान क्षेत्र में भूकंप के 140 से अधिक झटके महसूस किए गए हैं। आपात स्थिति से संबंधित मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर कहा ष्क्षेत्र में पिछले 24 घंटों के दौरान 3.2 से 6.2 तीव्रता वाले 146 झटके महसूस किए गए। आबादी वाले क्षेत्रों में 2 से 5 तीव्रता वाले 20 से अधिक झटके महसूस किए गए। अधिकारियों ने बताया कि बेज़ीमियानी, शिवेलुच, क्लुचेवस्कॉय और कारिस्की ज्वालामुखी सक्रिय हो गए हैं।

### कुरील द्वीप समूह में भूकंप के झटके

**न्यूयॉर्क।** कुरील द्वीप समूह के पूर्व में भूकंप के झटके महसूस किए गए है। जीएफजेड जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने बताया कि शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय समय 18:20 बजे पर कुरील द्वीप समूह के पूर्व में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.2 मापी गई। भूकंप का केंद्र 50.21 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 159.09 डिग्री पूर्वी देशांतर पर 10.0 किमी की गहराई पर निर्धारित था।

### जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई रहा सबसे गर्म महीना

**टोक्यो।** जापान में लगातार तीसरे साल जुलाई का महीना सबसे गर्म रहा जहां तापमान सामान्य से 2.89 डिग्री सेल्सियस अधिक दर्ज किया गया। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी (जेएमए) ने शुक्रवार को बताया कि देशभर में जुलाई महीने का औसत तापमान 1898 में शुरू हुए तुलनात्मक रिकॉर्ड के बाद से सबसे अधिक रहा जिसने 2024 में स्थापित पिछले रिकॉर्ड को 2.16 डिग्री सेल्सियस से तोड़ दिया। मौसम अधिकारियों के मुताबिक इस साल सामान्य तापमान का अधिक होने का रिकार्ड पिछले आंकड़ों से कहीं जयादा है।

# सुना है भारत रूस से तेल खरीदना बंद करेगा: ट्रम्प

## कहा: उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, पर अगर ऐसा होता है, तो ये अच्छी बात होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने कहा कि ऐसी खबरें हैं कि भारत ज्यादा दिन तक रूस से तेल नहीं खरीदेगा। हालांकि, उन्होंने कहा कि उन्हें इन खबरों के सही होने की जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा होता है तो यह अच्छी बात होगी। आगे देखते हैं कि क्या होता है। इससे पहले रायटर्स की रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव और कीमत बढ़ने की वजह से रूस से तेल खरीदना लगभग बंद कर दिया है।

इसके बाद शुक्रवार शाम भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। हालांकि, इसमें यह स्पष्ट नहीं किया गया कि इस दावे में कितनी सच्चाई है। वहीं, रायटर्स के दावों को खारिज करते हुए एएनआई ने कहा कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। रायटर्स ने 30 जुलाई को अपनी रिपोर्ट में कहा था कि भारतीय तेल कंपनियां जैसे इंडियन आयल कार्पोरेशन, हिंदुस्तान पेट्रोलियम और भारत पेट्रोलियम ने रूस से तेल की खरीदी को रोक दी है, क्योंकि छूट कम हो रही है और शिपिंग में दिक्कतें आ रही हैं। इसमे यह भी कहा गया था कि, पिछले एक सप्ताह में रूस से कच्चे तेल की मांग नहीं की गई है। भारतीय रिफाइनरियां रूसी कच्चा तेल कम खरीद रही हैं, क्योंकि वहां से मिलने वाली छूट 2022 के बाद से सबसे कम हो गई है। अब रिफाइनरियों को डर है कि रूस पर लगे नए प्रतिबंधों से विदेशी व्यापार में मुश्किलें आ सकती है। यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे। जिसमें रूसी तेल और ऊर्जा उद्योग को और अधिक नुकसान पहुंचाने के उपाय भी शामिल हैं। इस बीच एएनआई की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से दावा किया गया है कि भारतीय कंपनियां अभी भी रूस से तेल खरीद रही है। विदेश मंत्रालय के अधिकारियों ने सूत्रों को बताया कि तेल की खरीद का फैसला पूरी तरह आर्थिक वजहों पर आधारित होता है, जैसे कि तेल की कीमत, उसकी किस्म, मौजूदा भंडार, लाजिस्टिक सुविधा और दूसरी व्यावसायिक जरूरतें। अधिकारियों ने कहा कि रूस दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उत्पादक और निर्यातक है। वह हर दिन करीब 9.5 मिलियन बैरल तेल निकालता है, जो दुनिया की कुल मांग का करीब 10 प्रतिशत है। भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और अपनी जरूरत का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में भारत ने अंतर्राष्ट्रीय नियमों का पालन करते हुए ऊर्जा के अपने स्रोतों को रणनीतिक रूप से तय किया है ताकि सस्ती और भरोसेमंद आपूर्ति बनी रहे। भारतीय सूत्रों ने बताया कि रूस से तेल खरीदने पर कोई अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध नहीं है। हां, जी-7 देशों और यूरोपीय यूनियन ने इसकी कीमत पर एक सीमा जरूर तय की है, ताकि रूस को बहुत ज्यादा कमाई न हो और दुनिया को तेल की सप्लाई भी बनी रहे। भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है। सूत्रों ने यह भी कहा कि जब ओपीईसी+ देशों ने तेल का उत्पादन बहुत कम कर दिया था, उस समय अगर भारत ने रूस से सस्ता तेल नहीं खरीदा होता, तो दुनिया में तेल की कीमतें और ज्यादा बढ़ जातीं। इससे महंगाई भी और बढ़ती।



■ यूरोपीय यूनियन ने 18 जुलाई को रूस पर नए प्रतिबंध लगाए थे
■ भारत ने हमेशा इस नियम का पालन किया है और जो भी तेल खरीदा है, वो अंतर्राष्ट्रीय नियमों के अंदर रहकर ही खरीदा है

### रूसी ऑयल खरीदना बंद करने में अमेरिकी दबाव नहीं: भारत

**नई दिल्ली।** भारतीय विदेश मंत्रालय ने उन खबरों को खारिज किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत ने अमेरिकी दबाव में रूस से आयल खरीदना बंद कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक प्रेस ब्रीफिंग में कहा: बाजार में जो चीज मौजूद हैं और दुनिया में जो हालात हैं, भारत उसी हिसाब से फैसले लेता है। दरअसल कुछ मीडिया रिपोर्ट्स ने हाल ही में दावा किया था कि भारत की सरकारी आयल रिफाइनरियों ने पिछले हफ्ते रूसी तेल खरीदना बंद कर दिया है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने भारत को मास्को से तेल नहीं खरीदने की चेतावनी दी है। राष्ट्रपति ट्रम्प ने हाल ही में कहा था कि भारत एक दिन पाकिस्तान से तेल खरीद सकता है। रणधीर जायसवाल ने इस बयान पर कुछ भी कहने से इनकार कर दिया।

# 2000 ईरानी मौलवियों ने की ट्रम्प की हत्या की मांग

**तेहरान।** ईरान में 2000 से ज्यादा मौलवियों ने खुलकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की हत्या की मांग की है। इन मौलवियों ने कहा है कि ट्रम्प का खून हलाल है यानी कोई भी उन्हें खत्म कर दे तो गुनाह नहीं है। मौलवियों ने कहा है कि जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये बयान 1 अगस्त यानी शुक्रवार को ईरान के सबसे बड़े धार्मिक शिक्षा केंद्र कुम सेमिनरी की तरफ से जारी किया गया।



■ बोले: ट्रम्प का खून करना हलाल, सुलेमानी की मौत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज

इसमें कहा गया कि अब सब्र का दौर समाप्त हो गया है। ट्रम्प का खून और उसकी संपत्ति अब हलाल है। सुलेमानी की शहादत का बदला लेना हर मुसलमान का फर्ज है। ये खूनी अपराधी अब नहीं बचेगा। दुनिया चुप नहीं बैठेगी। बदला जरूर लिया जाएगा। जनरल कासिम सुलेमानी, ईरान के एक ताकतवर सैन्य अधिकारी थे जिन्हें 2020 में बगदाद में अमेरिकी ड्रोन हमले में मार दिया गया था। जनरल कासिम इराक और सीरिया में आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खिलाफ लड़ने के लिए चर्चित थे। ईरान मौलवियों के इस बयान के पीछे इजरायली डिफेंस मिनिस्टर इसरायल काट्ज का एक इंटरव्यू है। इसमें उन्होंने कहा था कि अगर खामेनेई हमारे निशाने पर होते, तो हम उन्हें भी खत्म कर देते। मौका नहीं मिला, वरना काम कर देते। उन्होंने ये भी कहा कि इसके लिए इजरायल को अमेरिका की इजाजत की जरूरत नहीं थी। इजरायली मंत्री के इसी बयान ने ईरानी मौलवियों ने भी प्रतिक्रिया दी। धर्मगुरु अयातुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने जवाब में कहा कि जो भी इस्लामिक लीडर्स को धमकी देता है या उन पर हमला करता है, वो खुदा का दुश्मन है। बयान पर छोटे छात्रों से लेकर बड़े-बड़े मौलवियों के साइन हैं।

# उत्तरी वियतनाम में बाढ़, आठ लोगों की मौत, तीन लापता

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत डिएन बिएन में हाल के दिनों में अचानक आई बाढ़ और भूस्खलन के बाद आठ लोगों की मौत हो गई है और अन्य तीन लापता हैं। वियतनाम समाचार एजेंसी ने शनिवार को यह जानकारी दी। वियतनाम आपदा एवं डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के अनुसार शनिवार सुबह 06 बजे तक लगभग 60 घर बाढ़ के पानी में बह गए या क्षतिग्रस्त हो गए।

■ बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने से तीस गांवों का अन्य इलाकों से संपर्क टूटा

बाढ़ के कारण यातायात बाधित होने के से तीस गांवों को अन्य इलाकों से संपर्क टूट गया। लापता लोगों की तलाश के लिए पुलिस, सैन्य बल, स्थानीय मिलिशिया और विभिन्न जन संगठनों के सदस्यों सहित लगभग 700 कर्मियों को तैनात किया गया है। जा डुंग कम्यून के एक क्षेत्रीय दौरे के दौरान आज सुबह वियतनामी उप प्रधानमंत्री ट्रान होंग हा ने स्थानीय अधिकारियों से आग्रह किया कि वे यह सुनिश्चित करने के लिए त्वरित कार्रवाई करें कि कोई भी आपदा से पीड़ित व्यक्ति भूखा न रहे, लंबे समय तक संपर्क से दूर न रहे, या सूचना तक उसकी पहुंच न हो। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि बचावकर्मियों और बाढ़ प्रभावित निवासियों, दोनों की सुरक्षा हर हाल में सुनिश्चित की जानी चाहिए।

# चीन ने आंधी-तूफान व उच्च तापमान के लिए किया अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन ने शनिवार को मौसम संबंधी अलर्ट जारी करते हुए कई क्षेत्रों में आंधी-तूफान और उच्च तापमान की चेतावनी दी। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने आंधी-तूफान के लिए येलो अलर्ट जारी किया है और शनिवार से रविवार तक भीतरी मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओनिंग, शांक्सी, हेबेई, बीजिंग, तियानजिन, जिआंगसू, शंघाई, झेजियांग, अनहुई, जियांग्शी, फ़ुज़ियान, ग्वांगडोंग, गुआंग्शी, युन्नान और ताइवान द्वीप के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अनुमान जताया है। एनएमसी के अनुसार इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटे 70 मिलीमीटर से अधिक वर्षा हो सकती है जिसके साथ आंधी-तूफान भी आ सकते हैं।

# रूस के पास दो एटमी पनडुब्बियां तैनात करेगा अमेरिका

## रूस के पूर्व राष्ट्रपति मेदवेदेव की धमकी पर अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा: नतीजे भुगतने होंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस के साथ बढ़ते तनाव के बीच रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियां तैनात करने का आदेश दिए। साथ ही गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी भी दी।

हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि पनडुब्बियां कहां तैनात की जाएंगी। ट्रम्प ने अपने इस कदम के पीछे रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी को जिम्मेदार बताया। साथ ही ट्रम्प ने मेदवेदेव के परमाणु हमले की धमकी पर कहा कि अमेरिका रूस के परमाणु खतरों का जवाब देने के लिए पूरी तरह तैयार है। दरअसल मेदवेदेव ने एक्स पर कहा था-हम इजरायल या ईरान नहीं हैं। ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा। उन्होंने ट्रम्प को याद दिलाते हुए कहा था कि रूस के पास सोवियत संघ के समय से परमाणु हमले डेड हैंड की क्षमता है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि रूस के पूर्व राष्ट्रपति और सिक्योरिटी काउंसिल के उपाध्यक्ष दिमित्री मेदवेदेव की भड़काऊ बयानबाजी की वजह से मैंने रूस के नजदीक दो न्यूक्लियर पनडुब्बियों को तैनात करने का आदेश दिया है, ताकि भड़काऊ बयान सिर्फ बयानबाजी तक सीमित रहे। शब्द बहुत कीमती होते हैं और कई बार अनजाने में गंभीर परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। मुझे उम्मीद है कि यह ऐसा मामला नहीं होगा। ट्रम्प ने बताया डेड इकोनामी तो रूस ने डेड हैंड की याद दिलाई ट्रम्प ने 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने के बाद भारत और रूस को डेड इकोनामी बताया था। उन्होंने कहा था-भारत और रूस अपनी अर्थव्यवस्था को साथ ले डूबें, मुझे क्या। इसके जवाब में रूस के पूर्व राष्ट्रपति दिमित्री मेदवेदेव ने कहा था कि अमेरिकी राष्ट्रपति घबरा गए हैं। मेदवेदेव ने टेलीग्राम पर लिखा था कि ट्रम्प को डेड हैंड की खतरनाक ताकत याद रखनी चाहिए, भले ही यह अब मौजूद नहीं है। अगर रूस के पूर्व राष्ट्रपति के कुछ शब्दों से अमेरिका के शक्तिशाली राष्ट्रपति इतना घबरा जाते हैं तो रूस का रास्ता बिल्कुल सही है। हम अपने रास्ते पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोवियत यूनियन ने 1980 के दशक में एक आटोमैटिक परमाणु रिटैलिएशन सिस्टम बनाया था, जिसे डेड हैंड कहते हैं।



■ ट्रम्प की ओर से दिया गया हर नया अल्टीमेटम युद्ध की धमकी माना जाएगा

# अली लारीजानी बन सकते हैं ईरान की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रमुख

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के वरिष्ठ सलाहकार अली लारीजानी जल्द ही सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव बन सकते हैं। सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट में यह बात सामने आई है। लारीजानी आने वाले दिनों में एसएनएससी के प्रमुख के रूप में अली अकबर अहमदियन की जगह ले सकते हैं।

उन्होंने कहा कि एसएनएससी में संरचनात्मक परिवर्तन पूरे हो जाने के बाद ईरान में एक नई रक्षा परिषद की स्थापना की जाएगी, जिसकी संरचना निकट भविष्य में होने की उम्मीद है। ईरान की नई रक्षा परिषद स्थापित करने की योजना उसके खिलाफ इजरायल के सैन्य अभियान की शुरुआत के ठीक एक महीने बाद सामने आई है। मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है कि नई परिषद को ईरान की रक्षा नीतियों से संबंधित रणनीतिक मिशनों को अंजाम देने का काम सौंपा जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार यह निर्णय देश की सर्वोच्च राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में 'संरचनात्मक परिवर्तनों' को अंतिम रूप देने के लिए लिया गया है। एसएनएससी से संबद्ध ईरान के नूर न्यूज़ ने सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म एक्स पर कहा कि आवश्यक आधार तैयार करने और संरचनात्मक सुधार करने के बाद, (ईरान के) कुछ उच्च-स्तरीय सुरक्षा संस्थानों के स्तर पर आसन्न परिवर्तनों के कार्यान्वयन की संभावना बढ़ गई है।

# भारत ट्रम्प से ट्रेड डील करने में फेल: यूनुस

## बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार ने कहा: हमने 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराया

**ढाका।** बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कहा कि अमेरिका के साथ ट्रेड डील करने में भारत फेल हुआ है। उन्होंने कहा कि समझौता न होने की वजह से भारत को अब 25 प्रतिशत टैरिफ देना पड़ेगा, जो बांग्लादेश के मुकाबले ज्यादा है। अमेरिका ने बांग्लादेश पर 20 प्रतिशत टैरिफ लगाया है।

इससे पहले अप्रैल में अमेरिका ने बांग्लादेश पर 37 प्रतिशत टैरिफ लगाया था। यानी कि बांग्लादेश 4 महीने में अमेरिका से 17 प्रतिशत टैरिफ कम कराने में कामयाब रहा। यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया। उन्होंने इसे कूटनीतिक जीत बताया और कहा कि इससे बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री को मजबूती मिलेगी। यूनुस ने एक्स पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा: बांग्लादेश को मिली टैरिफ दर उसके कपड़ा इंडस्ट्री के प्रतिस्पर्धियों जैसे श्रीलंका, वियतनाम, पाकिस्तान और इंडोनेशिया के बराबर है, जिन्हें 19 प्रतिशत से 20 प्रतिशत के बीच टैरिफ दर मिली थी। यूनुस ने कहा एक समान टैरिफ के कारण बांग्लादेश के कपड़ा इंडस्ट्री पर कोई असर नही पड़ेगा। वहीं, बांग्लादेश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार और प्रमुख वार्ताकार डा. खलीलुर रहमान ने कहा कि हम ज्यादा टैरिफ देने से सफलतापूर्वक बच गए हैं। यह हमारे कपड़ा इंडस्ट्री और उस पर निर्भर लाखों लोगों के लिए अच्छी खबर है। हमने अपनी वैश्विक भूमिका को भी बनाए रखा है और दुनिया के सबसे बड़े उपभोक्ता बाजार तक पहुंचने के नए अवसर खोले हैं। रहमान ने आगे कहा कि हमने अपने देश के हितों को ध्यान में रख कर अमेरिकी अधिकारियों से बातचीत की। ये हमारी प्राथमिकता थी। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री देश की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार है। बांग्लादेश की कपड़ा इंडस्ट्री चीन के बाद दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यातक इंडस्ट्री है। कपड़ा इंडस्ट्री देश की जीडीपी का 11 प्रतिशत और कुल निर्यात (एक्सपोर्ट) आय में 80 प्रतिशत से अधिक योगदान देता है।



■ यूनुस ने इसका श्रेय अपने टैरिफ को लेकर अमेरिका से बातचीत करने वाले अधिकारियों को दिया

# इजरायल ने यमन से दागी कई मिसाइल को रोकने का किया दावा

**यरूशलम/सना।** इजरायल ने यमन से उसके क्षेत्र की ओर दागी गई मिसाइल को रोकने का दावा किया है। इज़रायल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने एक बयान में कहा कि सेना ने शुक्रवार शाम यमन से इज़रायली क्षेत्र की ओर दागी गई एक मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया।

इज़रायल की राष्ट्रीय आपातकालीन सेवा मैगन डेविड एडोम ने एक बयान में कहा कि किसी के हताहत होने या किसी के मारे जाने की कोई खबर नहीं है। बयान में कहा गया है कि आईडीएफ ने मिसाइल दागे जाने के तुरंत बाद एक अलर्ट जारी किया और लगभग पांच मिनट बाद पश्चिमी यरूशलम सहित मध्य और दक्षिणी इज़रायल के क्षेत्रों में वायु रक्षा सायरन बजने लगे जिससे लोग आश्रय स्थलों की ओर भागे। मिसाइल हमले के बाद तेल अवीव के पास बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को लैंडिग और टेकऑफ़ के लिए अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया। यमन के हूती समूह ने बाद में अल-मसीरा टीवी पर प्रसारित एक बयान में कहा कि उसने बेन गुरियन अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाकर एक 'हाइपरसोनिक बैलिस्टिक' हमला किया और हमले ने 'अपना लक्ष्य हासिल कर लिया' जिससे हज़ारों इज़रायली 'आश्रय स्थलों की ओर भागने और हवाई यातायात रोकने' पर मजबूर हो गए।

# नेशनल अवॉर्ड पाकर अभिभूत हूं: रानी

## जवान के लिए नेशनल अवार्ड पर शाहरुख ने जताई खुशी



**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरूख खान ने फिल्म जवान के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है।

शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। शाहरूख खान को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए 33 वर्ष हो गए हैं। पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर शाहरूख खान ने खुशी जताई है। शाहरूख खान ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया। वीडियो में शाहरूख ने कहा, मुझे यह कहने की जरूरत नहीं कि मैं इस समय कृतज्ञता, गर्व और विनम्रता से भरा हुआ हूं। राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित होना मेरे लिए एक ऐसा पल है, जिसे मैं जीवनभर सराहूंगा जूरी, चेयरमैन, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और उन सभी लोगों का दिल से धन्यवाद, जिन्होंने मुझे इस सम्मान के योग्य समझा। उन्होंने कहा, मैं अपने निर्देशकों और लेखकों का भी दिल से आभार व्यक्त करना चाहता हूं, खासकर से 2023 के लिए। राजू सर (राजकुमार हिरानी), सिड (सिद्धार्थ आनंद) आपका

## 71वें नेशनल फिल्म अवाड्र्स की हुई घोषणा में रानी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉवे के लिए मिला पुरस्कार

**मुंबई।** अभिनेत्री रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत हैं। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। रानी मुखर्जी को फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। रानी मुखर्जी को फिल्म इंडस्ट्री में आए हुए तीन दशक हो गए हैं। रानी मुखर्जी पहली बार राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर अभिभूत है। रानी मुखर्जी ने कहा, 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे के लिए मेरे करियर का पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतने पर मैं अभिभूत हूं। 30 साल के करियर में यह मेरा पहला नेशनल अवॉर्ड है। एक कलाकार के तौर पर, मैं भाग्यशाली रही हूं कि मुझे कुछ बेहतरीन फिल्मों में काम करने का मौका मिला और मुझे उनके लिए बहुत प्यार भी मिला। मैं 'मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे' में मेरे काम को सम्मान देने के लिए नेशनल अवॉर्ड जूरी को धन्यवाद देती हूं। मैं इस खुशी को फिल्म की पूरी टीम, मेरे प्रोड्यूसर्स निखिल आडवाणी, मोनिशा और मधु, मेरी डायरेक्टर आशिमा छिब्बर और उन सभी के साथ बांटना चाहती हूं जिन्होंने इस बेहद खास प्रोजेक्ट पर काम किया। यह फिल्म मातृत्व की ताकत का जश्न मनाती है। रानी मुखर्जी ने कहा, मेरे लिए यह पुरस्कार मेरे 30 साल के काम, अपने क्राफ्ट के प्रति मेरे समर्पण, जिसके साथ मैं एक गहरा आध्यात्मिक जुड़ाव महसूस करती हूं और सिनेमा और हमारे इस खूबसूरत फिल्म इंडस्ट्री के प्रति मेरे जुनून को भी एक पहचान देता है। मैं अपना नेशनल अवॉर्ड दुनिया की सभी अद्भुत माताओं को समर्पित करती हूं। मां के प्यार और अपने बच्चों की रक्षा करने की उनकी शक्ति जैसा कुछ भी नहीं है। मुझे लगता है कि यह सही समय है कि मैं दुनिया भर के अपने सभी प्रशंसकों का एक बार फिर शुक्रिया अदा करूं, जिन्होंने इन 30 सालों में मेरा साथ दिया है।



### शाहरुख जैसे दिग्गज के साथ अपना पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना सौभाग्य की बातः विक्रांत

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी का कहना है कि शाहरुख खान जैसे दिग्गज कलाकार के साथ पहला राष्ट्रीय पुरस्कार साझा करना उनके लिए सौभाग्य की बात है। शुक्रवार को 71वें नेशनल फिल्म अवॉड्र्स की घोषणा की गई है। शाहरुख खान और विक्रांत मैसी को संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का राष्ट्रीय पुरस्कार दिया गया है। शाहरुख को उनकी फिल्म जवान और विक्रांत को 12वीं फेल के लिए अवॉर्ड मिला है। विक्रांत मैसी ने शाहरुख के साथ राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर खुशी जताई है। विक्रांत मैसी ने कहा, मैं सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, एनएफडीसी और 71वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार के सभी सम्मानित निर्णायक मंडल सदस्यों को धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अभिनय को इस सम्मान के योग्य समझा। मैं विधु विनोद चोपड़ा जी को भी धन्यवाद देना चाहता हूं जिन्होंने मुझे यह अवसर दिया। आज, यदि मैं ऐसा कहूं तो, एक 20 साल के लड़के का सपना सच हो गया है। मेरे अभिनय को सम्मान देने और इस फिल्म को इतने प्यार से सुझाने के लिए मैं दर्शकों का हमेशा आभारी रहूंगा।



## किआरा के जन्मदिन पर सिद्धार्थ ने मंगाया स्पेशल केक

**मुंबई।** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने 31 जुलाई को अपना 34वां जन्मदिन मनाया है। इस खास मौके पर फैमिली और फैंस से मिले प्यार के लिए अब उन्होंने आभार जताया है। इसके लिए एक्ट्रेस ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है। पोस्ट में उन्होंने पति सिद्धार्थ मल्होत्रा, अपने पेरेंट्स और बच्ची को भी जिक्र किया है। न्यू माम कियारा ने अपने पोस्ट में स्पेशल केक की झलक भी दिखाई है। केक का डिजाइन उनके मदरहुड जर्नी को दिखा रहा है, जिसमें एक महिला गोद में बच्चे के लिए हुए है। केक पर लिखा है- श्हैप्पी बर्थडे की। वंडरफुल माम। कियारा नोट में लिखती हैं- 'मेरा सबसे खास जन्मदिन। मेरे लाइफ के प्यारे लोगों से घिरा हुआ। मेरा बेबी, मेरे पति और पेरेंट्स।। और हमारे दोनों गाने रिपीट मोड में बज रहे हैं क्योंकि हम इस शानदार साल में कदम रख रहे हैं। आप सभी के विशेज के लिए शुक्रिया। बता दें कि 15 जुलाई को कियारा और सिद्धार्थ मल्होत्रा एक बच्ची के पेरेंट्स बने हैं। डिलीवरी के बाद जब एक्ट्रेस को अस्पताल से डिस्चार्ज मिला तब कपल की ओर से पैपराजी के लिए एक नोट शेयर किया गया है, जिसमें रिक्वेस्ट की गई है कि उनकी बेटी की तस्वीरें क्लिक न की जाएं। सिद्धार्थ और कियारा की ओर से शेयर किए गए नोट में लिखा था, हमारी नन्ही परी आ गई है। इस खास पल का जश्न मनाने के लिए बस कुछ मीठा। प्लीज तस्वीरें ना क्लिक करें, सिर्फ आशीर्वाद दें। कियारा और सिद्धार्थ। वहीं, एक्ट्रेस की वर्क फ्रंट की बात करें तो कियारा की फिल्म श्वार 2श 14 अगस्त को रिलीज होने वाली है। उनके बर्थडे के मौके पर फिल्म का पहला गाना आवन-जावन रिलीज़ किया गया। फिल्म कियारा के साथ ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर नजर आएंगे। यह एक्शन थ्रिलर 14 अगस्त को हिंदी, तेलुगु और तमिल में रिलीज की जाएगी।

## दो अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं अमिताभ

**मुंबई।** महानायक अमिताभ बच्चन 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। अमिताभ बच्चन का जन्म 11 अक्टूबर को है, लेकिन वह 2 अगस्त को अपने पुनर्जन्म का दिन मानते हैं। वर्ष 1982 में अमिताभ फिल्म कुली की शूटिंग कर रहे थे। सह-अभिनेता पुनीत इस्सर के साथ एक लड़ाई के दृश्य की शूटिंग के दौरान उनके पेट मे गंभीर चोट लग गई थी। अमिताभ कई दिनों तक अस्पताल में गंभीर रूप से बीमार रहे। यह चोट इतनी गहरी थी कि उनकी मल्टीपल सर्जरी हुई। अमिताभ बच्चन लगभग मौत के मुंह में जा चुके थे।

## चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में दिखाई देंगे समर्थ्य

**मुंबई।** अभिनेता समर्थ्य गुप्ता शो चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान में पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाते नजर आएंगे। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का भव्य ऐतिहासिक धारावाहिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान अब अपनी कहानी में एक महत्वपूर्ण मोड़ की ओर बढ़ रहा है। दर्शक जल्द ही बड़े पृथ्वीराज चौहान के रूप में अभिनेता समर्थ्य गुप्ता को देखेंगे, जो इस वीर राजा की भूमिका निभाने जा रहे हैं। उनके प्रवेश से शो में एक नए युग की शुरुआत होगी, जिसमें भावनात्मक गहराई और इतिहास की एक अविस्मरणीय प्रेम कहानी - पृथ्वीराज और संयोगिता - को और भी खूबसूरती से दर्शाया जाएगा। अपने किरदार के बारे में बात करते हुए समर्थ्य ने कहा, जब मुझे भारत के सबसे बहादुर राजाओं में से एक, चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान की भूमिका निभाने का प्रस्ताव मिला, तो मेरा सीना गर्व से चौड़ा हो गया। वे एक सच्चे योद्धा थे जिन्होंने अपने प्राण मातृभूमि की रक्षा के लिए समर्पित कर दिए। यह भूमिका आसान नही है, इसके लिए मुझे शारीरिक और मान. सिक दोनों रूप से तैयारी करनी होगी।

## तारा सुतारिया और वीर एक साथ स्पॉट किए गए

**मुंबई।** वीर पहाड़िया और तारा सुतारिया इन दिनों अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। कहा जा रहा है कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, हालांकि अब तक किसी ने भी कोई रिएक्शन नहीं दिया है, लेकिन दोनों को कई बार साथ देखा गया है।

हाल ही में सामने आई एक वीडियो में वीर, तारा को प्रोटेक्ट करते नजर आए। वीडियो में तारा सुतारिया और वीर पहाड़िया को मुंबई के एक रेस्टोरेंट के बाहर देखा गया। जैसे ही तारा कार से उतरीं तो वीर उन्हें पैपराजी से प्रोटेक्ट करते नजर आए। तारा और वीर का यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस पर दोनों के फैंस भी जमकर कमेंट्स कर रहे हैं। कुछ का कहना है कि अब क्लियर हो रहा है कि दोनों डेट कर रहे हैं तो कुछ ने प्यार वाला हार्ट इमोजी शेयर किया है। यह पहली बार नहीं है, जब वीर और तारा को साथ में स्पाट किया गया था। इससे पहले दोनों साथ में इटली वेकेशन भी मानने गए थे। दोनों ने अपने सोशल मीडिया पर सेम लोकेशन की फोटो भी शेयर की थी। बता दें, वीर और तारा कुछ महीने



पहले लैक्मे फैशन वीक के दौरान एक साथ रैंप वाक किया था, जिसके बाद से डेटिंग रूमर्स की शुरुआत हो गई। लैक्मे फैशन वीक में साथ रैंप वाक किया था। बता दें, तारा सुतारिया ने पहले एक्टर आदर जैन को डेट किया था। दोनों चार साल तक रिलेशनशिप में रहे थे। हालांकि, साल 2023 में दोनों का ब्रेकअप हो गया था। इसके बाद आदार ने अलेखा आडवाणी के साथ शादी कर ली थी, जो पहले तारा की बेस्ट फ्रेंड थीं।

## नेशनल फिल्म अवार्ड को लेकर मौसमी चटर्जी का खुलासा

### कहा- अवार्ड के बदले मांगे गए थे पैसे, किशोर कुमार से भी हुई थी ऐसी मांग

**मुंबई।** फिल्मों को दिए जाने वाले अवाड्र्स को लेकर इंडस्ट्री में हमेशा दो राय रही है। इंडस्ट्री में कई दिग्गज एक्टर और एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कभी राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार नहीं मिला। वहीं, कई एक्टर्स ने दावा किया है कि उन्हें पैसे के बदले अवार्ड आफर हुई थी।

इंडस्ट्री में बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट अपना करियर शुरू करने वाली मौसमी चटर्जी ने 70-80 के दशक में कई हिट फिल्में दी हैं। मौसमी बंगाली और हिंदी सिनेमा का चर्चित चेहरा रही हैं। उन्होंने अपने करियर में 'बालिका बधू', 'अनुराग', 'अंगूर', 'रोटी कपड़ा और मकान' जैसी बेहतरीन फिल्मों में काम किया है। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को लेकर मौसमी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि उन्हें दो बार पैसों के बदले अवार्ड की पेशकश की गई थी। लहरें रेट्रो के साथ बातचीत में उन्होंने कहा था- 'मुझे मेरी फिल्म अनुराग और रोटी कपड़ा और मकान के लिए आफर मिला। मैंने कहा कि मैं अवार्ड के लिए पैसे नहीं दूंगी।' इसी इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने ऋषि कपूर को लेकर भी खुलासा किया था कि उन्होंने फिल्म 'बाबी' के लिए पैसे देकर अवार्ड खरीदे थे। पैसे के बदले अवार्ड का जिक्र ऋषि कपूर अपनी किताब 'खुल्लम-खुल्लम' में भी बताया था। अपनी किताब में उन्होंने लिखा कि एक पीआर वाले के जरिए 30 हजार में अवार्ड खरीदा था। हालांकि, बाद में उन्हें इस बात का पछतावा भी हुआ। पैसे के बदले अवार्ड की पेशकेश सिंगर और एक्टर किशोर कुमार को भी हुई थी।

यह दावा उनके बेटे अमित कुमार ने विक्की लालवानी को दिए इंटरव्यू में किया था। अमित कुमार ने बताया था कि किशोर कुमार एक समय दूर गगन की छांव में के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार



जीतने के बहुत करीब थे। साल 1964 में आई इस फिल्म को किशोर कुमार ने लिखा और डायरेक्ट किया था। इसमें उन्होंने बेटे अमित कुमार के साथ एक रोल किया था। फिल्म बाक्स आफिस पर बहुत सफल रही और फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार के देने की चर्चा भी थी, लेकिन मंत्रालय में किसी ने रिश्वत की मांग की, जिसकी वजह फिल्म को अवार्ड नहीं मिला। अमित ने इंटरव्यू में कहा-उन्हें दिल्ली मंत्रालय के किसी आदमी का फोन आया। उन्होंने मेरे पिता से कहा, अगर तुम कुछ दोगे, तो हम तुम्हें नामिनेट कर सकते हैं। मेरे पिता ने कहा, तुम मेरी जान के पीछे क्यों पड़े हो? मेरी फिल्म तो हिट है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782
9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108